


दैनिक
# पहल टुडे
जनता का अखबार
RNI No. UPHIN/2020/79772




**06** भारत के यात्रा पर आए अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने भी पहलगाम आतंकी हमले पर संवेदना प्रकट की

'हमें गहरे इरादों की और भाषण में बड़े साहस की अधिकता चाहिए।'


वर्ष : 05 | अंक : 190 | गाजियाबाद,गुरुवार 24 अप्रैल 2025 | पेज : 14 | मूल्य : 5 रूपये | www.pahaltoday.com | www.khabarentertainment.in | www.worldtrustednews.in, editorpahaltoday@gmail.com


# 'भारत को डराया नहीं जा सकता, हम जोरदार जवाब देंगे' - राजनाथ सिंह

पहल टुडे

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल, भारतीय वायु सेना एयर चीफ मार्शल एपी सिंह, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और नौसेना प्रमुख दिनेश त्रिपाठी के साथ जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता की। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे। वहीं, एक कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसको लेकर बड़ा बयान भी दिया। उन्होंने सबसे पहले इस घटना पर दुख जताया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा



कि भारत को डराया नहीं जा सकता है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि पहलगाम में हुई कायराना हरकत में कई मासूम लोगों की जान चली गई। हम बहुत दुखी हैं। मैं उन परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। उन्होंने कहा कि मैं आतंकवाद के खिलाफ भारत के संकल्प को दोहराना चाहता हूं। आतंकवाद के प्रति हमारी जीरो टॉलरेंस की नीति है... मैं देशवासियों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि सरकार हर जरूरी कदम उठाएगी। हम न केवल इस कृत्य के दोषियों तक पहुंचेंगे बल्कि पर्दे के पीछे के किरदारों तक भी पहुंचेंगे। आरोपियों को जल्द ही जोरदार और स्पष्ट जवाब मिलेगा, यह मैं देश को आश्वस्त करना चाहता हूं। एएनआई की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और नौसेना प्रमुख दिनेश त्रिपाठी ने क्षेत्र में हुए आतंकी हमले के बाद पहलगाम, जम्मू और कश्मीर और आसपास के इलाकों में सुरक्षा स्थिति के बारे में रक्षा मंत्री को जानकारी दी। उपर्युक्त सूत्रों के अनुसार, शीर्ष अधिकारी प्रभावित इलाकों में पहुंच गए हैं, स्थानीय सुरक्षा बलों को अलर्ट पर रखा गया है और हमले के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों को पकड़ने के लिए तलाशी और विनाश अभियान चलाने के लिए अतिरिक्त सैनिकों को इलाके में भेजा जा रहा है। इससे पहले मंगलवार को रक्षा मंत्री ने इस हमले पर 'गहरी पीड़ा' व्यक्त की और इसे निर्दोष नागरिकों पर कायरतापूर्ण और निंदनीय हमला बताया। मंत्री सिंह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'पहलगाम (जम्मू और कश्मीर) में आतंकवादी हमले की खबर से बहुत दुखी हूं। निर्दोष नागरिकों पर यह नृशंस हमला कायरतापूर्ण और अत्यधिक निंदनीय है। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं निर्दोष पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं।'

## 'न तो देश का इतिहास माफ करेगा, न भविष्य'- अखिलेश

पहल टुडे

पहलगाम आतंकी हमले को लेकर देश में गुस्सा है। वहीं, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि भाजपा ने जम्मू-कश्मीर के बेहद दर्दनाक हादसे पर बचकाना विज्ञापन छापकर साबित कर दिया है कि भाजपाइयों की संवेदना उनके प्रति शून्य है, जिन्होंने अपना जीवन खोया है और जिनके परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। भाजपा अब ये विज्ञापन हटवा भी देगी तो भी उसका ये पाप उसके कट्टर समर्थक तक माफ नहीं करेंगे। भाजपा हमेशा आपदा में अपनी सत्ता और सियासत के लिए अवसर ढूँढती है। भाजपा अपनी सत्ता के सिवा किसी की सगी नहीं है। घोर निंदनीय! उन्होंने कहा कि जब जम्मू-कश्मीर में भाजपा सरकार ने सब कुछ अपने मन मुताबिक किया है तो वो इतने अधिक लोगों की असामयिक मौत के लिए



अपनी ज़िम्मेदारी से पल्ला नहीं झाड़ सकती। ये केंद्र की सरकार की नाकामी है कि वो पहले से पता नहीं कर पायी कि देश के दुश्मन इतनी वीभत्स घटना को अंजाम देनेवाले हैं। ये कोई पहली बार नहीं हुआ है, भाजपा सरकार ने अगर पिछले हमलों से सबक लिया होता तो वो पहले से ही सचेत-सजग रहती और ऐसे हमलों को रोका जा सकता था, लोगों के जीवन को बचाया जा सकता था। संवेदनहीन भाजपाइयों से आग्रह है कि जिन परिवारों ने अपनों को खोया है, उनका दुख-दर्द समझकर कम-से-कम देश की सुरक्षा को तो जुमला न बनाएं। ये असीम दुःख की घड़ी है, इसको भाजपाई दिखावटी बैठकों से और झूठी संवेदनाओं से झुठलाने का कुकृत्य न करें। सपा नेता ने आगे लिखा कि भाजपाइयों और उनके संगी-साथियों के खिलाफ देश भर के करोड़ों लोगों के मन में उठ रहा, ह्लगहरे दुख, रोष और क्रोध से भराह्व ये आक्रोशित सवाल गलत नहीं है कि ह्लअगर भाजपाई और उनके संगी-साथी देश भर के पर्यटकों को जम्मू-कश्मीर के भ्रमण पर जाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं तो उनकी सुरक्षा के पर्याप्त प्रबंध पहले से क्यों नहीं किये गयेह्व? जहाँ हमला हुआ वो स्थान कोई निर्जन स्थान नहीं था बल्कि एक चर्चित पर्यटन स्थल था, तब ही तो वहाँ देश के कई प्रदेशों के पर्यटक उपस्थित थे। इतने प्रसिद्ध स्थान पर सुरक्षा के लिए बैठकें पहले करनी थी, लोगों के जीवन गँवाने के बाद नहीं। ये भाजपा सरकार की रणनीतिक चूक भी है लेकिन इससे उन भाजपाइयों को क्या फर्क.पड़ता है जो स्वयं तो सुरक्षा के कई घेरों में चलते हैं लेकिन देशवासियों को मौत के मुँह में ढकेल देते हैं।

## आर्य समाज मॉडल बस्ती, नई दिल्ली का वार्षिक समारोह हर्षोल्लास से संपन्न

पहल टुडे

नई दिल्ली। आर्य समाज मॉडल बस्ती, नई दिल्ली का तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव आज अत्यंत श्रद्धा, उत्साह एवं भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर समाज के प्रधान आलोक शर्मा एवं मंत्री आदर्श आहूजा के कुशल नेतृत्व में अनेक सांस्कृतिक, धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

समारोह की विशेषता रही आचार्य गवेन्द्र शास्त्री द्वारा यज्ञ , भजन-संध्या, वेदपाठ एवं बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई देशभक्ति व नैतिक शिक्षा पर आधारित नाट्य प्रस्तुतियाँ। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक श्री विशेष रवि ने समारोह की गरिमा को बढ़ाया और आर्य समाज के कार्यों



की सराहना की। साथ ही प्रमुख अतिथियों में कीर्ति शर्मा, वागीश इस्सर, वेद गोगिया, जी तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। समाज के मंत्री श्री आदर्श आहूजा ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए वर्ष भर की गतिविधियों की जानकारी दी एवं आगामी योजनाओं पर प्रकाश डाला। प्रधान आलोक शर्मा ने सभी उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया और समाज को राष्ट्रनिर्माण के कार्यों में अधिक सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। समारोह के अंत में प्रसाद वितरण किया गया और सभी ने आर्य समाज की शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

## 'चौपट हो गया कश्मीर का टूरिस्म, खाने को तरस जाएंगे कश्मीरी!'

### - पहलगाम आतंकी हमले के बाद 90 फीसदी बुकिंग रद्द

पहल टुडे

कश्मीर को भारत का स्वर्ग कहा जाता रहा है। कश्मीर की वादियों में घूमना किसी सपने से कम नहीं है। यह जगह बेहद खूबसूरत है। कई बड़ी फिल्मों की शूटिंग भी घाटी में हुई हैं। पर्यटकों को कश्मीर जाना काफी ज्यादा पसंद हैं। सोनमर्ग, गुलमर्ग, पहलगाम, श्रीनगर आदि जगहों पर लोग खूब घूमते हैं। यहां की बर्फबारी पूरे भारत में मशहूर हैं। यह मौसम कश्मीर जाने का काफी सुखद मौसम कहा ताजा है। जब से कश्मीर से धारा 370 हटी थी पर्यटकों की सख्या भी बढ़ी थी। सुविधा बढ़ने के बाद लोगों ने कश्मीर को अपनी ट्रेवल लिस्ट में शामिल कर लिया था। लेकिन 22 अप्रैल को हालात बदल गये। कश्मीर



में अब तक आतंकियों और सुरक्षा बलों के बीच जो टशल चलती थी वह अब आम जनता पर आ गयी। आतंकियों ने पहलगाव में एक बड़ा आतंकी हमला कर दिया और 28 टूरिस्टों की जान ले ली। इस बात का असर कश्मीर के टूरिस्म पर बहुत ही बुरी तरह पड़ा है। दिल्ली की कई ट्रैवल एजेंसियों ने बुधवार को बताया कि पहलगाम में आतंकी हमले के बाद पर्यटकों द्वारा सुरक्षा कारणों से जम्मू-कश्मीर के लिए लगभग 90 प्रतिशत बुकिंग रद्द करा दी गई हैं। कनॉट प्लेस के आउटर सर्कल में शंकर मार्केट स्थित स्वान ट्रैवलर्स नाम की एक कंपनी के मालिक गौरव राठी ने बताया कि लगभग 25 लोगों ने उनसे जम्मू-कश्मीर के लिए अपनी बुकिंग रद्द करने को कहा है। उन्होंने बताया कि अधिकांश पर्यटकों ने अगले महीने कश्मीर जाने की योजना बनाई थी और अब वे बुकिंग रद्द करने का अनुरोध कर रहे हैं। कश्मीर के पहलगाम शहर की बैसरन घाटी में मिनी स्विटरलैंड नाम से मशहूर पर्यटन स्थल पर मंगलवार को करीब तीन बजे हुए आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई, जिनमें ज्यादातर पर्यटक हैं। पहलगाम शहर से लगभग छह किलोमीटर दूर बैसरन चीड़ के पेड़ों के घने जंगलों और पहाड़ों से घिरा एक रमणीय विशाल घास का मैदान है तथा देश व दुनिया के पर्यटकों के बीच पसंदीदा स्थान है। दिल्ली में ट्रैवल एजेंसियों ने बताया कि कश्मीर के लिए लगभग 90 प्रतिशत बुकिंग रद्द कर दी गई हैं जबकि कुछ पर्यटक वैकल्पिक गंतव्यों को लेकर तोल-मोल कर रहे हैं। कुशा ट्रैवल्स के मालिक देव ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, कुछ परिवारों ने हमसे बुकिंग कराई थीं। बस और फ्लाइट टिकट से लेकर होटल तक, सब कुछ पहले से बुक था। लेकिन जैसे ही आतंकी हमले की खबर आई, हमें बुकिंग रद्द करने के लिए फोन आने लगे।ह्व गुलमर्ग, हजान घाटी और ट्यूलिप गार्डन जैसे लोकप्रिय पर्यटन स्थल सबसे अधिक पंसद और बुक किए गए गंतव्यों में से थे। 'गुड गाइड टूर्स एंड ट्रैवल्स' के ट्रैवल एजेंट कार्तिक वर्मा ने बताया, ह्लइस महीने (अप्रैल) और अगले महीने (मई) के लिए हमारे पास कश्मीर की 20 से ज्यादा बुकिंग थीं लेकिन उनमें से लगभग सभी अनिश्चित काल के लिए रद्द कर दी गई हैं।' उन्होंने बताया, 'लोग रुपये वापस मांग रहे हैं।

### राष्ट्रीय नागरिक पार्टी ने आतंकवादी हमले की निंदा की

पहल टुडे (कृष्ण कुमार गौतम )

नई दिल्ली। राष्ट्रीय नागरिक पार्टी जम्मू-कश्मीर के मशहूर पर्यटन स्थल पहलगाम की विश्व विख्यात बैसरन घाटी में मंगलवार को आतंकियों के निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाना मानवता के खिलाफ अपराध हैं। पार्टी इस कायरतापूर्ण हमले की कड़ी निंदा करती हैं। भारत का हर नागरिक आंतकवाद के खिलाफ एकजुट हैं। गौरतलब रहे फरवरी 2019 के पुलवामा के बाद कश्मीर की घाटी में यह सबसे बड़ा घातक आंतकी हमला हैं। नवभारत टाइम्स में छप्पी खबर अनुसार 28 मौते हुई हैं, जिनमें ज्यादातर टूरिस्ट नागरिक हैं। मृतकों में दो विदेशी नागरिक और दो स्थानीय नागरिक हैं। हम सब की ओर से प्रकृति दिवंगत आत्माओं को शान्ति प्रदान करें तथा घायल नागरिकों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। सरकार को आंतकवाद के खिलाफ एकजुट व लड़ने के संकल्प को पुनः दोहराने की आवश्यकता हैं। भारत किसी भी प्रकार से कमजोर नहीं हैं।

# दिल्ली में टूरिस्ट प्लेस सहित प्रमुख जगहों पर हाई अलर्ट

## सुरक्षा और चेकिंग बढ़ाई गई, रात में भी सड़क पर जवान

पहल टुडे

नई दिल्ली। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद राजधानी दिल्ली में भी हाई अलर्ट है। खास करके कुतुब मीनार, लाल किला, इंडिया गेट, पुराना किला, हुमायूं किला, लोटस टैंपल, अक्षरधाम, दिल्ली हाट, लोधी गार्डन इत्यादि टूरिस्ट प्लेस पर पुलिस की टीम की अलर्टनेस और बढ़ा दी गई है। इसके अलावा भीड़ भाड़ वाले मॉल, बाजार पर भी पुलिस की चौकसी पहले से ज्यादा तेज कर दिया गया है। इन जगहों पर जहां सबसे ज्यादा टूरिस्ट आते हैं, जो एंट्री पॉइंट है, जहां पर टिकट लेते हैं, उन जगहों पर भी सर्चिंग को पहले से बढ़ा दिया गया है। डीएफएमडी वाले








गेट से लाल किला कुतुब मीनार इत्यादि जगहों पर एंट्री सुनिश्चित की जा रही है। डीसीपी साउथ अंकित चौहान ने कुतुब मीनार सहित साउथ दिल्ली के महत्वपूर्ण इलाकों में सुरक्षा इंतजाम को और ज्यादा बढ़ाने के मामले को लेकर पुष्टि करते हुए बताया कि लगातार नजर बनाए हुए हैं। दिल्ली के दूसरे इलाके जहां पर टूरिस्ट प्लेस नहीं है लेकिन वहां मेट्रो स्टेशन वीरभद्र वाले बाजार और माल इत्यादि हैं वहां पर भी पुलिस की मौजूदगी ज्यादा नजर आ रही है। इसका जीता जागता उदाहरण देर रात बाहरी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली और द्वारका इलाके की सड़कों पर भी देखने को मिला। जनकपुरी ईस्ट मेट्रो स्टेशन के नीचे तिलक नगर थाना की पुलिस टीम बैरिकेड लगाकर सड़क पर अलर्ट नजर आई और वहां से गुजरने वाली गाड़ियों पर निगरानी रखती हुई दिखाई पड़ी। जो कोई संदिग्ध नजर आ रहे थे, उनसे पूछताछ भी की जा रही थी। अमूमन इस तरह की चेकिंग 26 जनवरी, 15 अगस्त, दिवाली इत्यादि मौके पर दिखाई पड़ता है। दिल्ली की एकमात्र उपनगरी द्वारका में भी पुलिस हाई अलर्ट पर नजर आ रही है। यहां का सबसे मुख्य चौराहा द्वारका मोड़ पर जहां से रोजाना लाखों की संख्या में गाड़ियां और लोग गुजरते हैं। वहां आधी रात को दिल्ली पुलिस की टीम बैरिकेड लगाकर सड़क पर तैनात नजर आई और वहां से होकर गुजरने वाली गाड़ियों पर उनकी नजर थी। आम तौर पर यह अलर्टनेस 26 जनवरी, 15 अगस्त और दीपावली जैसे समय पर दिखाई पड़ता है। डीसीपी आउटर सचिन शर्मा ने बताया कि उनके जिले में भी पुलिस की टीम अलर्ट है और जहां-जहां पर जरूरी है, वहां पर अतिरिक्त सुरक्षा का भी इंतजाम किया गया है। मंगलवार को दिन में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला में 26 लोगों की मौत के बाद राजधानी दिल्ली और मुंबई सहित कई मैट्रो शहर को भी अलर्ट कर दिया गया है। इसी को लेकर चौकसी बढ़ाई गई है।

# कार्यालय केवल भवन नहीं, कार्य का आलय होना चाहिए : डॉ. मोहनराव भागवत

पहल टुडे

नई दिल्ली। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के प्रकल्प "SEIL – Students' Experience in Interstate Living" (अंतर-राज्य छात्र जीवन-दर्शन) के केंद्रीय कार्यालय 'यशवंत' का उद्घाटन आज दिल्ली में परम पूजनीय सरसंघचालक जी के कर कमलों से हुआ। इस अवसर पर 'सील ट्रस्ट' के अध्यक्ष अतुल कुलकर्णी, अभाविप के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. राजशरण शाही, राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी, अखिल भारतीय छात्रा प्रमुख डॉ. मनु शर्मा कटारिया जी, दिल्ली प्रांत अध्यक्ष तपन बिहारी, प्रांत मंत्री सार्थक शर्मा मंच पर उपस्थित रहें। इसके अतिरिक्त भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति श्री वेंकैया नायडू एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. मुरली मनोहर जोशी भी उपस्थित रहें। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अधिकारी मुकुंद सी. आर., डॉ. कृष्ण गोपाल, अरुण कुमार तथा संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान भी इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भारत सरकार के कई केंद्रीय मंत्री– नितिन गडकरी, जगत प्रकाश नड्डा, धर्मेंद्र



प्रधान, पीयूष गोयल, मनसुख मांडवीया के साथ दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी उपस्थित रहीं। सरसंघचालक डॉ. मोहनराव भागवत जी ने अपने उद्बोधन में कहा, दिल्ली जैसे महत्वपूर्ण स्थान पर विद्यार्थी सहयोग से कार्यालय की स्थापना एक बड़ी उपलब्धि है। हमने इस कार्यालय का नाम 'यशवंत' रखा है, जिसे यशवंतराव जी के जन्म शताब्दी वर्ष में स्थापित किया गया। जिस प्रकार सील प्रकल्प को यशवंतराव जी ने आगे बढ़ाया था, उसी भावना से यह विद्यार्थी परिषद का कार्यालय बना है, जिसमें 'ज्ञान, शील और एकता' का मूल भाव निहित है। विद्यार्थी परिषद को समझना हो तो उसके कार्यकताओं को देखना चाहिए, क्योंकि घटक पूर्ण मिलकर सम्पूर्णता का निर्माण करते हैं। परिषद कार्यकताओं के अनुभवों से गढ़ी गई है, संघ पर संकट के समय भी राष्ट्रीय विचार के आधार पर कार्य करते हुए, परिषद ने अपने आकार को पाया है। कार्यालय केवल एक भवन नहीं, कार्य का आलय होना चाहिए, क्योंकि जैसा कार्य होगा, वैसी ही परिषद बनेगी। संगठन में आत्मा और बुद्धि के साथ शरीर भी आवश्यक है; अधिक तामझाम की आवश्यकता नहीं, अपितु मध्यम मार्ग अपनाना चाहिए। आज हमारे देश और विश्व में परिवर्तन हो रहा है। दोनों प्रकार के रास्तों को विश्व ने देख लिया है और अब भारत की ओर आशा से देखा जा रहा है। हमें ऐसा देश बनाना है, जिसमें सच्ची स्वतंत्रता खिलती हो। यह सामर्थ्य हमारे तरुणों में है – उन्हें केवल दिशा और ज्ञान की आवश्यकता है। यह ज्ञान भी तभी सार्थक है जब उसमें एकता हो। विविधता को सम्मान देते हुए भी हमें 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना को अपनाना है। एकता के बिना शील नहीं होता, और शील के बिना ज्ञान शक्ति प्रदर्शन का साधन बन जाता है, जैसा हम इतिहास और वर्तमान दोनों में देखते हैं। अभाविप के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. राजशरण शाही ने कहा, अभाविप के इस रएक्छ कार्यालय का लोकार्पण उन सैकड़ों कार्यकताओं की सहभागिता और तप से संभव हुआ है, जिन्होंने इस स्वप्न को साकार करने के लिए अपना योगदान दिया। यह कार्यविलय डॉ. यशवंतराव जी के नाम पर समर्पित है, जिन्होंने कार्यकर्ता और विद्यार्थी जीवन को गहराई से प्रभावित किया। इस कार्यालय का आकार आज हमारे सामने खड़ा है। यह कार्यालय न केवल अभाविप के संगठनात्मक कार्यों का सशक्त केंद्र बनेगा, बल्कि राष्ट्र निर्माण में विद्यार्थियों की भूमिका को भी नई दिशा देगा। अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी जी ने कहा कि विद्यार्थी परिषद के सैकड़ों कार्यकताओं ने अपने तप और आहुति से संगठन को सींचा है। अनेकों पूर्व और वर्तमान कार्यकताओं के अथक प्रयासों से आज विद्यार्थी परिषद देश के कोने-कोने में कार्यरत है। परिषद आज इतने बड़े स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने में सक्षम है कि एक ओर हमारे कार्यकर्ता विशाल आयोजन कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर जेएनयू जैसे परिसरों में चुनावों में भी डटकर मुकाबला कर रहे हैं। पूर्वोत्तर भारत में परिषद ने 2 लाख की संख्या में सदस्यता प्राप्त की है और 200 से अधिक स्थानों पर सक्रिय कार्य है। 1980 से 1985 के कठिन संघर्ष के समय भी हमारे कार्यकर्ता निष्ठापूर्वक कार्य में लगे रहे। उसी दौरान दिल्ली में हमारे कार्यकताओं ने संगठन के लिए एक स्थायी कार्यालय स्थापित करने की योजना बनानी शुरू की थी। आज यह कार्यालय न केवल हमारे कार्यों को नई गति देगा, बल्कि देश भर के दूर-दराज क्षेत्रों में कार्य विस्तार के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगा। प्राध्यापक यशवंतराव केलकर एक प्रखर विचारक, कुशल संगठक और प्रख्यात शिक्षाविद् थे। जिन्होंने विद्यार्थी जीवन में रचनात्मकता, राष्ट्रभक्ति और सेवा भावना के बीजारोपण का जो कार्य प्रारंभ किया, वह आज अभाविप के विशाल संगठनात्मक स्वरूप में प्रतिफलित हो रहा है। रएक्छ प्रकल्प की स्थापना 1966 में पूर्वोत्तर भारत एवं शेष भारत के बीच आपसी संवाद, स्नेह और सांस्कृतिक एकात्मता को प्रगाढ़ करने के उद्देश्य से हुई थी। यह प्रकल्प आज हजारों युवाओं को देश की विविधता को समझने और 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के संकल्प को सशक्त बनाने हेतु प्रेरित कर रहा है। 'यशवंत' कार्यालय की स्थापना से रएक्छ प्रकल्प की गतिविधियों में और अधिक गति व प्रभावशीलता का संचार होगा। यशवंत परिसर में स्वामी विवेकानंद की 12 फीट ऊंची और 1250 किलो वजनी अष्टधातु की भव्य प्रतिमा तथा सभागार के बाहर 850 किलो की संगमरमर पर उत्कीर्ण सरस्वती माता की प्रतिमा स्थापित की गई है, जो परिसर को एक विशिष्ट सांस्कृतिक और आध्यात्मिक स्वरूप प्रदान करती हैं। ऊर्जा संरक्षण को ध्यान में रखते हुए भवन का निर्माण इस प्रकार किया गया है कि प्राकृतिक प्रकाश और वायु का अधिकतम प्रवेश संभव हो सके, तथा यह आधुनिक भवन निर्माण के सभी मानकों पर खरा उतरता है। परिसर में ओपन थिएटर का निर्माण किया गया है, जहाँ परिषद् की विविध गतिविधियाँ संचालित होंगी। नौ मंजिला इस इमारत में दो बेसमेंट, एक भूतल तथा छह ऊपरी तल हैं, जिसमें डेढ़ सौ से अधिक लोगों की क्षमता वाला अत्याधुनिक सभागार, बहुपरकारी (मल्टीपरपस) ऑडिटोरियम, शोधार्थियों के लिए सुसज्जित पुस्तकालय तथा पूर्वोत्तर के विद्यार्थियों के लिए डोरमेट्री की सुविधा उपलब्ध है, जहाँ वे महीनों रहकर अपनी अकादमिक गतिविधियाँ संचालित कर सकते हैं। परिसर में एक सुंदर टेरेस गार्डन भी विकसित किया गया है, जो इसे एक जीवंत, हरित और




# सपा लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजय गुप्ता ने कानून व्यवस्था पर उठाए सवाल

## सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को एनएसजी सुरक्षा के लिए पीएम को लिखा पत्र

- सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को जान से मारने की धमकी देने वालो पर सरकार तुरन्त करे सख्त कार्यवाही





- सपा लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजय गुप्ता ने कहा सरकार द्वारा अब तक धमकी देने वालों के खिलाफ कार्यवाही न करना चिंता की बात

पहल टुडे

रसूलाबाद कानपुर देहात । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को एनएसजी सुरक्षा दिए जाने की मांग को लेकर सपा लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजय गुप्ता ने प्रधान मंत्री व गृहमंत्री को पत्र लिखा ।इस पत्र में विजय गुप्ता ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उन्हें एनएसजी सुरक्षा प्रदान करने की मांग की ।

सपा लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजय गुप्ता ने पत्र में कहा कि पिछले दिनों एक टीवी चैनल के सामने एक युवक ने खुलेआम सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को गोली मारने की धमकी दी थी इसके अलावा सत्ता संरक्षित अन्य लोग भी निरन्तर गोली मारने की धमकी दे रहे है और राज्य सरकार ने धमकी देने वालो के खिलाफ आज तक शख्त कार्यवाही नही की है जो गम्भीर चिंता की बात है ।

उन्होंने कहा कि आज के समय मे देश की तीसरी सबसे बड़ी समाजवादी पार्टी जिसके राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव प्रदेश व देश के लोकप्रिय नेता है और देश प्रदेश के कार्यक्रमो में उन्हें जाना पड़ता है और मिल रही धमकियों से उनको जानमाल का खतरा है ।

उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश के लाखों पीड़ितों दुखियों और असहायों के जनप्रिय नेता अखिलेश यादव की सुरक्षा उनकी राजनैतिक गतिविधियों और सार्वजनिक जीवन मे उनकी भूमिका को देखते हुए वर्तमान समय मे उनको एनएसजी सुरक्षा की प्रबल आवश्यकता है ।

उन्होंने पत्र में जोर देकर कहा कि देश के प्रधान मंत्री व गृह मंत्री को इस मांग पर सहानुभूति पूरक विचार करने और सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को एनएसजी सुरक्षा प्रदान किये जाने की मांग की ।

## राज परिवार द्वारा निर्मित रानी तालाब सरोवर का सौंदर्यीकरण हेतु नगर पालिका चेयरमैन ने किया शिलान्यास



टी 0बी 0लाल

बलरामपुर। आदर्श नगर पालिका परिषद बलरामपुर के नगरीय झील पोखर का सौन्दर्यीकरण कार्य का शिलान्यास योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 स्वीकृति धनराशि से जनहित में निमार्ण कार्य हनुमान मंदिर निकट रानी तालाब में अवस्थापना सुविधाओं के कार्य का शिलान्यास चेयरमैन डॉ.धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू ने पूजा अर्चना कर कार्य का शुभारम्भ कराया। अध्यक्ष प्रतिनिधि डीपी सिंह बैस ने बताया कि रानी तालाब के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ पाथ वे,फौहारा,बेन्च,टीनसेट,तीन पैडल बोट पच्चास लाख में निमार्ण कराया जायेगा। इस अवसर पर अधिशाषी अधिकारी लाल चन्द्र मौर्य,एस एससी ग्रुप के चेयरमैन प्रणव कुमार सिंह,जेई सिविल अविनाश यादव,जेई जलकर धर्मेंद्र गौड़,सभासद गण उपस्थित रहें।

# संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग

## सिठऊमताना पूर्व में संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग महिला समेत दो गाय झुलसी





पहल टुडे

रसूलाबाद। सिठऊमताना पूर्व में संदिग्ध परिस्थितियों अचानक आग लग गई। जिससे हड़कंप मच गया वहीं ग्रामीणों ने तहसील प्रशासन को सूचना दी मौके पर उपजिलाधिकारी के निर्देशन पर राजस्व निरीक्षक कुंवर सिंह मौके पर पहुंचे और सूचना फायर ब्रिगेड को दी। स्टेशन में बड़ी गाड़ी न होने के चलते छोटी गाड़ी आग बुझाने के लिए घटना स्थल पर पहुंची। वहीं ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। आग की चपेट में सरोज पुत्र अनवर खान का एक बीघा गेहूं का अवशेष तथा महमूद पुत्र सूबेदार खान का 1.5 बीघा गेहूं का अवशेष तथा सलीम पुत्र कमरुद्दीन, संजय सिंह पुत्र यदुनाथ व ममता पुत्री शिवपाल की झोपड़ियां जलकर खाक हो गई। वहीं संजय की दो गायों को बचाने पहुंची संजय की पत्नी मिथलेश भी आग की चपेट में आने से झुलस गई। राजस्व निरीक्षक कुंवर सिंह ने बताया कि खेतों में पड़ा हुआ गेहूं का अवशेष तथा तीन ग्रामीणों की झोपड़ियां जल गईं हैं तथा दो गाएं भी झुलस गईं हैं। जिनके उपचार के लिए पशु चिकित्सक को सूचना दी गई है। गायों को बचाने में एक महिला भी झुलस गई है। जिसको लेकर परिजन उपचार के लिए निजी अस्पताल ले गए हैं। वहीं उपजिलाधिकारी सर्वेश कुमार सिंह ने बताया कि आग लगने की सूचना प्राप्त हुई है। मौके पर राजस्व निरीक्षक व लेखपाल को भेजा गया है क्षति का आकलन कर सहायता प्रदान की जाएगी।

## कूड़ा को लेकर रंगदारी में हो गया आदर्श नगर में डबल मर्डर

नॉर्थ वेस्ट दिल्ली के आदर्श नगर इलाके में मामूली विवाद पर दो युवकों की चाकू से गोदकर हत्या के मामले में पुलिस ने पूछताछ के आधार पर हिरासत में लिया है। वहीं इस वारदात में घायल एक शख्स की हालत स्थिर बनी हुई है। यह वारदात सोमवार रात को कूड़ा बिनने के दौरान हुई थी। जिसमें दो युवकों की मौत हो गई थी, उनकी पहचान कमल और अफजल के रूप में हुई। जबकि आबिद का इलाज नजदीकी अस्पताल में किया जा रहा है। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके अनुसार कमल और उसके दो साथी कूड़ा इकट्ठा करके आगे बेचने का काम करते थे। तीनों सोमवार रात को आदर्श नगर मेट्रो स्टेशन के पास कूड़ा इकट्ठा कर रहे थे। इसी दौरान वहां पर एक और शख्स पहुंचा पहले तीनों को गालियां देने लगा। बताया जा रहा है, की उनको कूड़ा इकट्ठा करने से मना किया और उसके बदले पैसे की डिमांड की। कमल ने जब इसका विरोध किया तो उसने चाकू से हमला कर दिया।

# सिरसिया कैंप में 85 दिव्यांग जनों ने कराया परीक्षण

## 9 मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, 12 ट्राइ साइकिल समेत 67 दिव्यांग को मिलेंगे उपकरण

पहल टुडे

श्रावस्ती। रेडक्रॉस व एल्मको के सहयोग से चलाये जा रहे दिव्यांग एसेसमेंट कैंप में जिले के दिव्यांग बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। पटना खरगौरा निवासी दिव्यांग चमेला, बसन्तापुर निवासी खुशुबुन्निशा, बभनी विशुनपुर निवासी बिन्दू ने बताया कि रेडक्रॉस के माध्यम से लगाये जा रहे कैंप में पंजीकरण कराना बहुत सरल और निःशुल्क है। यह दिव्यांगजनों के लिए बहुत सुविधाजनक भी है। हर ब्लाक में कैंप आयोजित होने से दिव्यांग जनों की भागदौड़ बहुत कम हो जाती है। अगर हम लोकवाणी से भी अपना फार्म भराते हैं तो 50-70 रु लग जाते हैं और सामान आने में बहुत समय लगता है। लेकिन रेडक्रॉस के माध्यम से एसेसमेंट कराने पर एक से दो महीने के अंदर सामग्री प्राप्त हो जाती है। अमरहवा निवासी आशिकी देवी ने बताया की एल्मको लगातार अपने सामानों को आधुनिक तकनीकी के हिसाब से बनाती है जो हम लोगों के लिए बहुत उपयोगी होता है। रेडक्रॉस सचिव अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि रेडक्रॉस की वर्तमान शाखा ने जब से एल्मको के माध्यम से कैंप लगवाना शुरू किया है। तबसे जनपद में लगभग शत प्रतिशत दिव्यांग लाभान्वित हुए हैं। हमारी व्यवस्था बहुत ही पारदर्शी, सुविधाजनक, सर्वसुलभ और निःशुल्क है। कैंप के अतिरिक्त भी रेडक्रॉस द्वारा संचालित जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र प्रतिदिन दिव्यांग की सेवा करता है। हम सभी दिव्यांग जनों के जीवन को सरल बनाने के लिए कटिबद्ध हैं।आज के कैंप में एल्मको प्रतिनिधि राजकुमार, राज कृष्ण, तुषार वर्मा, तथा जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र से अरविंद पाठक, वामिक सऊद, प्रमोद सिंह, कपिल शुक्ला, कृष्ण बहादुर मिश्र, शिवम मिश्र, गिरीश चंद्र पाठक, मनीष शुक्ला एवं शिव प्रसाद मौजूद रहे।




## पृथ्वी दिवस पर आयोजित हुई प्रतियोगिता




श्रावस्ती। नगर पालिका परिषद भिनगा के प्राथमिक विद्यालय बगुरैंया में पृथ्वी दिवस (अर्थ डे) के अवसर पर छात्रों के मध्य स्वच्छ अर्थ प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसके बाद स्वच्छ सारथी क्लब सदस्यों ने विद्यालय परिसर मे रंगोली बनाकर ग्लोब को दिखाया एवं पर्यावरण संरक्षण और धरती को स्वच्छ व हरा-भरा बनाने का संकल्प दोहराया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक अमित गुप्ता ने कहा कि प्लास्टिक का अत्यधिक उपयोग हमारी धरती के लिए खतरा बनते जा रहे हैं। इसको रोकने का समय अब आ गया है। उक्त कार्यक्रम में स्वच्छ सारथी क्लब के सदस्य पल्लवी, सायमा, आशीष, शक्ति, पलक, धर्मेंद्र, रेहान, प्रियांशी, नीरज, चमन जहां एवं विद्यालय परिवार से शिक्षिका उम्मुल खैर, शिक्षक एवं ट्यूलिप एंट्रेंस सहयोगी मौजूद रहे।

## विद्यालय के पीछे मिला अजगर, वन विभाग ने किया सुरक्षित रेस्क्यू



पहल टुडे

मल्हीपुर,श्रावस्ती। वन रेंज हरदत्तनगर गिरन्ट के अंतर्गत ग्राम पंचायत सर्रा के मजरा भौंसाव गांव में उस समय हड़कंप मच गया जब प्राथमिक विद्यालय के पीछे एक अजगर सर्प दिखाई दिया। अजगर की सूचना मिलते ही ग्रामीण रामदेव पुत्र भाईलाल ने तत्काल डायल 112 पुलिस को सूचना दिया। वहीं पुलिस ने वन विभाग को सूचित किया। सूचना पर वन दरोगा विवेक श्रीवास्तव के नेतृत्व में वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम में कपिल, पलटू राम, छोटे व अयोध्या प्रसाद,रक्षा राम शामिल रहे। टीम ने सतर्कता बरतते हुए अजगर का सुरक्षित रेस्क्यू किया। करीब 8 फीट लंबे अजगर को पकड़कर टीम ने उसे आरक्षित वन क्षेत्र सुजानडीह में छोड़ दिया। रेस्क्यू के दौरान काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे और उन्होंने वन विभाग की तत्परता की सराहना की। वहीं वन दरोगा विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि अजगर नदी के कछार के चलते कहीं से ग्रामीण इलाके में आ गया था, लेकिन समय पर सूचना मिलने से कोई अप्रिय घटना नहीं घटी। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि इस प्रकार की घटनाओं में डरने के बजाय तुरंत वन विभाग को सूचना दें, ताकि समय रहते जानवरों को सुरक्षित तरीके से उनके प्राकृतिक आवास में पहुंचाया जा सके।

## कुशीनगर में पासपोर्ट सेवा केन्द्र का शुभारंभ आगामी 26 अप्रैल को: उद्घाटन करेंगे केन्द्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह

पहल टुडे

कुशीनगर । उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले में पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केन्द्र का शुभारंभ 26 अप्रैल को होगा। इस केंद्र का उद्घाटन सुबह साढ़े दस बजे भारत सरकार के विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह और केन्द्रीय ग्रामीण विकास व संचार राज्य मंत्री डॉ चंद्रशेखर पेमासनी संयुक्त रूप से करेंगे। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री बुद्धा पार्क में एक सभा को भी संबोधित करेंगे। जिले व आस पास से बड़ी संख्या में विदेश जाने वालों कामगारों की सुविधा मुहैया कराने के लिए राज्यसभा सांसद आरपीएन सिंह काफी समय से प्रयासरत थे। उन्होंने जिले में पासपोर्ट सेवा केन्द्र स्थापित करने के लिए संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और विदेश मंत्रालय से पहल की और लगातार प्रयासरत थे। उन्होंने बीते महीने स्वयं इसका स्थलीय निरीक्षण कर अप्रैल माह में कार्यालय की शुरूआत की घोषणा भी की थी। अब इसके उद्घाटन की तिथि फाइनल हो गयी है। यह मंडल में गोरखपुर के बाद का दूसरा केंद्र होगा। देश का यह 450 वां पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केन्द्र होगा। उद्घाटन समारोह में राज्यसभा सांसद आरपीएन सिंह, डुमरियागंज के सांसद जगदंबिका पाल और कुशीनगर सांसद विजय दुबे बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहेंगे।

पासपोर्ट सेवा केंद्र का लाभ कुशीनगर जनपद के साथ-साथ बिहार के नागरिकों को भी सीधा प्राप्त होगा। यह कार्यालय रविंद्र नगर धूस स्थित मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय के बगल में स्थापित किया जा रहा है

# स्नेचिंग में वांटेड को रात इंद्रपुरी में पकड़ा गया



पहल टुडे

इंद्रपुरी थाना की पुलिस टीम ने एक शातिर स्नेचर को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान आशीष के रूप में हुई है। वह पहले से चार मामलों में शामिल रहा है। उसके पास से एक बटनदार चाकू भी बरामद किया गया है। डीसीपी वेस्ट विचित्र वीर ने बताया कि हेड कांस्टेबल राजवीर, कांस्टेबल अनिल इलाके में रात के समय पेट्रोलिंग कर रहे थे। इस दौरान उनकी नजर कृषि कुंज के पास एक शख्स पर पड़ी, जो पुलिस कर्मियों को देखकर वहां से अचानक भागने लगा था। पुलिस को यह देखकर कुछ शक हुआ और जब उसे रुकने का इशारा किया तो वह सरपट दौड़ लगाकर भागना शुरू कर दिया। फिर पुलिस कर्मियों का शक और बढ़ गया, उसका पीछा करके पकड़ा गया और भगाने के कारण पूछने पर कोई जवाब नहीं दिया। जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से बटनदार चाकू बरामद किया गया। आगे की छानबीन में पता चला कि वह हरी नगर में हुई स्नेचिंग के मामले में वांटेड था। पहले से चार मामलों में शामिल भी था।

# राजकीय पुस्तकालय मे की गई चोरी मे चोर गिरफ्तार चोरी गया माल भी बरामद हुआ

पहल टुडे अजय भारद्वाज

हाथरस /ममता उपाध्याय निवासी राजकीय जिला पुस्तकालय रमनपुर थाना हाथरस गेट जनपद हाथरस द्वारा थाना हाथरस गेट पर सूचना दी कि दिनांक 21.04.2025 को अज्ञात चोरो द्वारा रात्रि को राजकीय जिला पुस्तकालय से इण्टरनेट केबल, राउटर, व 01 विन्डो एसी चोरी कर ली है। जिसके सम्बन्ध में वादिया की प्राप्त लिखित तहरीर के आधार पर थाना हाथरस गेट पर सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किया गया था । पुलिस अधीक्षक हाथरस द्वारा उक्त घटन का सफल अनावरण करने व घटना कारित करने वाले अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना हाथरस गेट को निर्देशित किया गया था` जिसके क्रम में थाना हाथरस गेट निरिक्षक अरविन्द राठी व पुलिस टीम द्वारा सूचना पर कार्यवाही करते हुए गोविंदा पुत्र गुरेन्द्रपाल सिंह निवासी इरअ आफिस के पास रमनपुर को गिरफ्तार किया गया ।जिसके कब्जे से चोरी की 01 इन्टरनेट केबिल, 01 राउटर, व 01 विन्डो एसी बरामद हुई है । अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना हाथरस गेट पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।



विज्ञापन

आवश्यकता है राजा रघुराज सिंह महाविद्यालय अशरफपुर , मनकापुर - गोण्डा में स्नातक कृषि संकाय , स्नातक कला एवं विज्ञान संकाय तथा परास्नातकस्तर पर कला एवं विज्ञान संकाय के पाठ्यक्रमों में प्रवक्ताओं की -

स्नातक कृषि संकाय प्रवक्ता 06 पद

विषय स्नातक कला संकाय - प्रा इतिहास, शिक्षाशास्त्र, सैन्यविज्ञान, हिन्दी, गृहविज्ञान, भूगोल एवं समाजशास्त्र प्रत्येक विषय में दो - दो पद ।

विषय स्नातक विज्ञान संकाय - वनस्पति विज्ञान ,जन्तु विज्ञान, रसायन विज्ञान ,भौतिक विज्ञान एवं गणित प्रत्येक विषय में दो - दो पद ।

परास्नातक कला संकाय - भूगोल, गृहविज्ञान एवं समाजशास्त्र प्रत्येक विषय में दो - दो पद

परास्नातक विज्ञान संकाय - वनस्पति विज्ञान ,जन्तु विज्ञान, रसायन विज्ञान प्रत्येक विषय में दो - दो पद ।

अर्हता प्रवक्ता - नेट या पी0एच0डी0 ।

वेतनमान - यू0 जी0 सी0 और विश्वविद्यालय के परिनियमावली के अनुसार ।

इच्छुक अभ्यर्थी 15 दिनों में अपने मूल शैक्षिक प्रमाण पत्रों के साथ महाविद्यालय में सम्पर्क करें ।

प्रबन्धक
मो0न0- 7007457323
9450764465

# विश्व पृथ्वी दिवस पर रोटरी क्लब बलरामपुर ग्रेटर द्वारा अंतर विद्यालय पोस्टर ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन

टी 0बी 0लाल

बलरामपुर/ विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में रोटरी क्लब बलरामपुर ग्रेटर द्वारा एक अंतर विद्यालय पोस्टर ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।क्लब अध्यक्ष डॉ सौरभ सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा बच्चों और युवाओं को रचनात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से पृथ्वी के प्रति अपने दायित्व को समझाना था।प्रतियोगिता में कक्षा 1 से 8 जूनियर सेक्शन एवं कक्षा 9 से 12 सीनियर सेक्शन दो चरणों में विभाजित थी,जिसमें शहर के केंद्रीय विद्यालय,सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज ,लॉरेल कॉन्वेंट,सेंट जेवियर्स,बाल भारती,सरस्वती विद्या मंदिर,बलरामपुर मॉडर्न स्कूल एवं माउंट लिटेरा जी स्कूल के 50 छात्र छात्राओं ने भाग लिया और अपने चित्रों के माध्यम से पर्यावरण की सुरक्षा,जल संरक्षण,हरियाली बढ़ाने, प्लास्टिक मुक्त समाज आदि जैसे विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।जूनियर सेक्शन में सेंट जेवियर्स की वैष्णवी वर्मा प्रथम,लॉरेल कॉन्वेंट की मुस्कान केसरवानी द्वितीय और बलरामपुर मॉडर्न स्कूल की अनुष्का चौहान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं सीनियर सेक्शन में केंद्रीय विद्यालय की रश्मि चौधरी प्रथम, लॉरेल कॉन्वेंट की सिद्धि शुक्ला द्वितीय और बलरामपुर मॉडर्न स्कूल की अवनी श्रीवास्तव तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मां पाटेश्वरी विश्व विद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर रवि शंकर सिंह एवं विशिष्ट अतिथि डॉ संध्या सिंह ने विजेताओं को प्रमाणपत्र व पुरस्कार प्रदान कियाऔर बच्चों की प्रतिभा की सराहना की। उन्होंने कहा कि 'पृथ्वी को बचाने के लिए हम सभी को छोटे-छोटे प्रयासों से शुरूआत करनी होगी एवं अपने विशेष दिन पर वृक्ष लगाने की प्रेरणा दी।उन्होंने कहा कि बच्चों की यह रचनात्मकता निश्चित ही एक सकारात्मक संदेश है। कार्यक्रम में विशेष अथिति के रूप में पधारे सर्वेश सिंह ने वृक्ष पर आधारित एक कविता का पाठ किया। एम एल के पी जी कॉलेज के मुख्य नियंता डॉ पी के सिंह ने बच्चों को शिक्षा के महत्व के विषय में बताया।क्लब के संस्थापक अध्यक्ष डॉ देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने रोटरी क्लब बलरामपुर ग्रेटर के द्वारा किए जा रहे कार्यों से सभी को अवगत कराया।कला प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में जय शेखर, डॉ प्रतिमा सिंह,अनीता श्रीवास्तव,मनीला पाहवा,मीत कौर,रितिका जायसवाल एवं रीत कौर की मुख्य भूमिका रही जिन्होंने कलाकृतियों का मूल्यांकन किया।कार्यक्रम का संचालन दिलीप कुमार श्रीवास्तव ने किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ विकास अग्रवाल,भूपेंद्र सिंह, डॉ अफजाल अहमद,आलोक श्रीवास्तव,मिहिर मेहरोत्रा, मलय पाहवा,रितेश तोलानी,निखिल तोलानी, डॉ सतीश सिंह,राजा अग्रवाल,डॉ सालिम,डॉ कुलदीप विश्वकर्मा आदि ने विशेष योगदान दिया।मंडल सचिव संजय शर्मा ने सभी प्रतिभागियों एवं अतिथियों को धन्यवाद दिया और पर्यावरण के प्रति इस जागरूकता अभियान को जारी रखने का संकल्प लिया।



# फ्रेशर्स पार्टी में दिखा जोश, उत्साह और नए जोश के साथ स्वागत

पहल टुडे






गाजियाबाद। आई0टी0एस दी - एजुकेशन ग्रुप के आई0टी0एस कॉलेज ऑफ फामेर्सी में 23 अप्रैल, 2025 को प्रथम वर्ष के छात्रों के स्वागत हेतु फ्रेशर्स पार्टी (शुभारम्भ-2025) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज के निदेशक, डॉ0 एस0 सदीश कुमार, डीन डॉ. राजकुमारी, मि0 अविनाश बाजपई, मिस0 दिव्या कुमारी, मि0 चैतन्य विनायक एवं मिस0 प्रतिभा ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं राष्ट्रगान के साथ किया। इस अवसर पर आई0टी0एस दी - एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ0 आर0 पी0 चड्ढा एवं वाइस चेयरमैन श्री अर्पित चड्ढा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आई0टी0एस का उद्देश्य छात्रों को श्रेष्ठ शैक्षणिक वातावरण एवं आधुनिक सुविधाएं प्रदान करना है, ताकि वे अपने जीवन के हर क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकें। उन्होंने सभी नए छात्रों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कॉलेज के निदेशक, डॉ0 एस0 सदीश कुमार ने अपने संबोधन में डॉ0 एम0 थंगराजन प्राचार्य आई0टी0एस कॉलेज ऑफ फिजियोथेरेपी और नव आगंतुक छात्रों का स्वागत किया। उन्होंने बी0 फार्मा द्वितीय वर्ष के छात्रों को फ्रेशर्स पार्टी के आयोजन में उनके जोश और मेहनत के लिए छात्रों को आत्म-खोज, स्पष्ट लक्ष्य, आंतरिक प्रेरणा और धैर्य रखने की बात करते हुए प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि ए0आई0 का उपयोग करे क्योकि ए0आई0 आधारित फार्मास्युटिकल इंड्रस्टी ड्रग डिजाइन और ड्रग डेवलपमेंट के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी परिवर्तन का संकेत देती है। अपने सम्बोधन को समाप्त करते हुए उन्होंने छात्रों से अनुरोध किया कि वे आई0टी0एस कॉलेज ऑफ फामेर्सी में उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करे। डॉ0 एम0 थंगराजन, प्राचार्य, आई0टी0एस कॉलेज ऑफ फिजियोथेरेपी ने छात्रों का स्वागत किया और बी0 फार्मा प्रथम वर्ष के छात्रों को आई0टी0एस परिवार में शामिल होने पर बधाई दी। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे मरीजों को दी जाने वाली दवाइयों की गुणवत्ता को बेहतर बनाने का प्रयास करें। फ्रेशर्स पार्टी के दौरान विधार्थियों ने सोलो डांस, ग्रुप डांस, फैशन रैंप वॉक, सिंगिंग, कविता पाठ एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सबका खूब मनोरंजन किया। कार्यक्रम में जूनियर्स का सीनियर्स द्वारा स्वागत उत्साह के साथ किया गया तथा एक पारिवारिक वातावरण की झलक देखने को मिली। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया, जिनमें छात्रों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। मनोरंजन और मस्ती से भरे इस कार्यक्रम में मंच संचालन मि0 चेतन्य विनायक एवं मिस0 प्रतिभा द्वारा किया गया और इसका मार्गदर्शन डॉ0 मनोज कुमार शर्मा और मिस0 स्वाति वर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में "मिस्टर फ्रेशर" का खिताब प्रदीप कुमार सैन और " मिस0 फ्रेशर" का खिताब नूपुर त्यागी को प्रदान किया गया। साथ ही "मिस्टर चार्मिंग" अंशुल बझेरिया "मिस0 चार्मिंग" वैष्णवी को चुना गया। इस सफल आयोजन में फामेर्सी विभाग के समस्त शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

## प्रभारी जनपद न्यायाधीश हीरालाल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु बैठक आहूत

पहल टुडे



गाजियाबाद। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार दिनांकः 10/05/2025 दिन शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के सम्बंध में माननीय प्रभारी जनपद न्यायाधीश हीरालाल की अध्यक्षता में जनपद न्यायालय के मीटिंग हॉल में बैठक आहूत हुई। बैठक के दौरान प्रभारी जनपद न्यायाधीश हीरालाल ने राष्ट्रीय लोक अदालत के सम्बंध में अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार कराने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि जनता में राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु जन जागरूकता फैलाई जाए। जिससे कि अधिक से अधिक लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन का लाभ प्राप्त हो सके। उन्होने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अधिक से अधिक वादों के निस्तारण कराने हेतु अपने सुझाव भी दे सकते हैं। राष्ट्रीय लोक अदालत को आयोजित करने की मंशा यह है कि अधिक से अधिक वादों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण किया जा सके। जिससे लोगों को जल्द न्याय मिलने में सुविधा प्राप्त हो सके। राष्ट्रीय लोक अदालत में हर प्रकार के वादों का निस्तारण किया जाता है। उन्होने आम जनता सहित सभी गणमान्यों से अपील की है कि वे जनपद न्यायालय के जिसमें उन्हें जनपद न्यायालय में हो रहे कार्यों, वादों सहित अन्य सूचनाऐं समय–समय पर प्राप्त हो सके। उन्होने सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे राष्ट्रीय लोक अदालत एवं वाट्सअप चैनल में जुड़ने हेतु अपने कार्यालय के बाहर बैनर लगाना सुनिश्चित करें, जिससे की यह जानकारी अधिक से अधिक लोगों को प्राप्त हो सकें और वे राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने वादों को निस्तारण करा सकें साथ ही वाट्सअप चैनल पर मिलने वाली सूचनाओं का भी लाभ ले सकें। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गाजियाबाद के तत्वावधान में जिला मुख्यालय पर 10 मई 2025 दिन शनिवार को किया जायेगा।

# जिलाधिकारी दीपक मीणा ने किया ईवीएम, वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण




पहल टुडे

गाजियाबाद। जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा ईवीएम, वीवीपैट वेयर हाउस कलेक्ट्रेट, गाजियाबाद का मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी महोदय ने सुरक्षा के मद्देनजर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होने सम्बंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि सीसीटीवी द्वारा की जा रही निगरानी का पैरामीटर पूर्ण हो एवं निरंतर उनकी जांच करते रहें, नियमानुसार सीसीटीवी का बैकअप सुरक्षित रखा जाएं। उन्होने कहा कि सुरक्षा व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की कोई चूक नहीं होनी चाहिए। साफ–सफाई का भी विशेष ध्यान रखा जाएं। गर्मी के दृष्टिगत वेयर हाउस के आस–पास कोई भी ज्वलनशील पदार्थ नहीं होना चाहिए। विद्युत वायरों की भी समय–समय पर जांच कराना सुनिश्चित किया जाएं।

निरीक्षण के दौरान एडीएम एल/ए विवेक मिश्र, एडीओ निर्वाचन हरीकिशन शर्मा, एसीओ विवेक सिंह सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारियों सहित सुभाष चन्द्र शर्मा भारतीय जनता पार्टी, ताहिर हुसैन समाजवादी पार्टी, राजेन्द्र शर्मा कांग्रेस, मनोज कुमार बहुजन समाज पार्टी उपस्थित रहे।

# रोटरी स्मार्ट सिटी गाज़ियाबाद द्वारा ABESIT कॉलेज में भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन - 155 यूनिट रक्त एकत्रित







पहल टुडे

गाज़ियाबाद रोटरी स्मार्ट सिटी गाज़ियाबाद के तत्वावधान में ABESIT कॉलेज, गाज़ियाबाद में एक प्रेरणादायक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन की मेजबानी कॉलेज के चेयरमैन एवं क्लब के सक्रिय सदस्य आशु गोयल जी ने की। इस पुण्य कार्य में क्लब के अध्यक्ष श्री दीपक कुमार अग्रवाल, क्लब की First Lady रीनम अग्रवाल तथा सचिव श्री भारती गर्ग की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही क्लब के अनेक सम्मानित सदस्यों ने अपनी उपस्थिति और सहभागिता से इस आयोजन को विशेष बना दिया। उपस्थित गणमान्य सदस्यों में प्रमुख रूप से बबीता जैन, पी.डी.जी. सुभाष जैन जी,प्रवीण गोयल, अधीर गर्ग, मनोज अग्रवाल, सीमा गोयल, देवेंद्र मित्तल, विकास शर्मा, नरेश जी, साक्षी जिंदल, सारंग अग्रवाल , डॉ. अरुणा , विकास गुप्ता, योगेश गोयल शामिल रहे । इन सभी सदस्यों की उपस्थिति इस बात का प्रमाण है कि समाजसेवा के इस यज्ञ में सबने अपनी आहुति दी। कॉलेज के सभी युवा छात्रों ने भी उत्साहपूर्वक इस रक्तदान महायज्ञ में भाग लिया, जिससे कुल 155 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया – जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। रोटरी स्मार्ट सिटी गाज़ियाबाद इस सफल आयोजन के लिए उपस्थित सभी रक्तदाताओं, क्लब सदस्यों, कॉलेज प्रशासन और विशेष रूप से युवा वर्ग का हृदय से धन्यवाद करता है। यह शिविर एक सामाजिक पहल के साथ-साथ एक प्रेरणा का स्त्रोत भी बना।

## सावधानी बरतें-हीटवेव (लू) सें बचें: सौरभ भट्ट

पहल टुडे



गाजियाबाद। सौरभ भट्ट अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) ने प्रेस नोट जारी कर जानकारी दी की मौसम विभाग की ओर से जारी की गयी एडवाइजरी के अनुसार वर्तमान समय में जनपद में परिस्थितियां हीटवेव के अनुकूल बनी हुई है। वर्तमान समय में जनपद का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर जा रहा है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जनपद गाजियाबाद में 44.48 डिग्री सेल्सियस तापमान होने पर हीटवेव घोषित किया गया है। उक्त परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए मौसम विभाग द्वारा दिनाकः23.04.2025 को जारी चेतावनी के अनुसार आगामी दिनांक 24.04.2025 से 26.04.2025 तक जनपद में उष्ण-लहर (लू-प्रकोप) होने की सम्भावना व्यक्त की गयी है। साथ ही आम जनमानस को यह भी बताया जाना आवश्यक है कि उच्च आद्रता तथा वायुमण्डलीय परिस्थितियों के कारण उच्च तापमान लोगों को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करता है, जिसके कारण शरीर में पानी की कमी (डिहाईड्रेशन) एवं ऐठन की शिकायत आती है और कभी-कभी इसके कारण लोगो की मौत भी हो जाती है। शहरी क्षेत्रों में तापमान उच्चतम हो जाने से अर्बन हीट आइलैंड की स्थिति बन जाती है। हिटवेव (लू) से वृद्ध, बच्चे, गर्भवती महिलायें, बीमार, मजदूर, दुर्बल, एवं निराश्रित लोग अधिक प्रभावित होते है। उक्त परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए श्री सौरभ भट्ट अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) महोदय द्वारा दिये गये निदेर्शों के क्रम श्री वैभव पाण्डये जिला आपदा विशेषज्ञ जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, गाजियाबाद द्वारा जनपद वासियों हेतु हीटवेव से बचाव हेतु निम्नलिखित एडवाइजरी जारी की।

**हीट वेव/लू प्रकोप से बचाव हेतु क्या करें।**

1-कड़ी धूप में विशेष रूप से दोपहर 12.00 बजें से 3.00 बजे के बीच बाहर जाने से बचें।

2-हल्के रंग के ढीले-ढाले और सूती कपडें पहनें।

3-धूप में निकलते समय अपना सिर ढक कर रखें, कपडे, टोपी या छाता का उपयोग करें।

4-पर्याप्त और नियमित अन्तराल पर पानी पीतें रहें। सफर मे अपनें साथ पीने का पानी हमेशा रखें।

5-खुद को हाइड्रेट रखने के लिए ओआरएस घोल, नारियल का पानी, लस्सी, चावल का पानी, नीबू का पानी, छांछ, आम का पन्ना इत्यादि घरेलू पेय पदार्थो को इस्तेमल करें।

6-रेडियो, टीवी और समाचार पत्रो के माध्यम से स्थानीय मौसम एवं तापमान की जानकारी रखें।

7- कमजोरी, चक्कर आने या बीमार महसूस होने पर तूरन्त डॉक्टर से सम्पर्क करें।

8- अपने घर को ठंडा रखे, पर्दे, शटर आदि का इस्तेमाल करे।

हीट वेव/लू प्रकोप से बचाव हेतु क्या न करें।

1-भीषण गर्मी में दोपहर के समय अधिक श्रम वाली गतिविधियों को न करें।

2-उच्च प्रोटीन वाले भोजन से बचें और बासी भोजन न करें।

3-शराब, चाय, कॉफी और काबोर्नेटेड शीतल पेय पदार्थो का सेवन करने से बचें क्योकि ये ष्शरीर को निर्जलित करतें हैं।

4-दोपहर में जब दिन का तापमान अधिक हो उस दौरान खाना पकाने से बचें। रसोई घर को हवादार बनाये रखने के लिये खिडकी व दरवाजे खुले रखें।

# जिलाधिकारी के निर्देशन पर मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बंधु बैठक आहूत

## बैठक में मिले निर्देशों का समयान्तराल पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारण किया जाएं: मुख्य विकास अधिकारी

पहल टुडे




गाजियाबाद। दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में जिलाधिकारी दीपक मीणा के निर्देशन पर मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक आहूत हुई। बैठक के दौरान कवि नगर औद्योगिक क्षेत्र में स्थित मैसर्स स्वदेशी कंपाउंड में फायर स्टेशन की स्थापना के संबंध में मुख्य अग्निशमन अधिकारी गाजियाबाद द्वारा अवगत कराया गया कि स्वदेशी पॉलिटिक्स द्वारा फायर टेंडर क्रय किए जाने हेतु रुपए 18 लाख 25000 का भुगतान संबंधित फार्म को कर दिया गया है तथा कर्मियों हेतु बैरक आदि अन्य सुविधाओं का कार्य किया जा रहा है, जिनकी उपलब्धता सुनिश्चित होने पर सब फायर स्टेशन का संचालन प्रारंभ कर दिया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी गाजियाबाद द्वारा मुख्य अग्निशमन अधिकारी गाजियाबाद को उक्त कार्य को शीघ्र पूर्ण करते हुए फायर स्टेशन का संचालन सुनिश्चित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया तथा औद्योगिक क्षेत्र में किन कारणों से अग्नि दुर्घटना की संभावना बन जाती है, के विषय में संकटमय प्रकार के औद्योगिक इकाइयों में अग्निशमन सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का सर्वे किए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

साइट 4 साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र में सौर ऊर्जा मार्ग पर स्थित बृज विहार पुलिया के निर्माण के संबंध में वरिष्ठ प्रबंधक यूपीएसआईडीए द्वारा अवगत कराया गया कि सेतु निगम द्वारा उक्त पुलिया का निर्माण प्रारंभ कर दिया गया है। अतः उक्त प्रकरण को एजेंडा से निक्षेपित किया जा सकता है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उक्त पुलिया के निर्माण में गति लाने तथा प्रकरण को एजेंडा से निक्षेपित किए जाने हेतु निर्देशित किया।

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित इंद्रप्रस्थ योजना पॉकेट बी औद्योगिक क्षेत्र में सड़क के निर्माण हेतु वंचित दिल्ली जल बोर्ड की एनओसी के संबंध में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के प्रतिनिधि को दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए एनओसी प्राप्त कर सड़क निर्माण के संबंध में आवश्यक कार्रवाई किए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

ट्रांस दिल्ली सिगनेचर सिटी लोनी औद्योगिक क्षेत्र में फायर स्टेशन के निर्माण हेतु यूपीएसआईडीए द्वारा रुपए 396.68 लाख की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। उक्त कार्य के निर्माण हेतु उत्तर प्रदेश आवास विकास निर्माण खंड बागपत 2, सेक्टर 2 मंडोला विहार गाजियाबाद को कार्यवाही संस्था के रूप में नामित किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा डीजीएम यूपीएसआईडीए को उत्तर प्रदेश आवास विकास को उक्त संदर्भ में पत्र प्रेषित करते हुए शीघ्र फायर स्टेशन का निर्माण कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। दिल्ली सहारनपुर रोड पर नाला निर्माण के संबंध में मुख्य विकास अधिकारी गाजियाबाद द्वारा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद लोनी को संबंधित अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आयोजित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

साउथ साइड जीटी रोड औद्योगिक क्षेत्र में रेलवे की दीवार के पास नाला निर्माण के संबंध में मुख्य विकास अधिकारी गाजियाबाद द्वारा उप महाप्रबंधक यूपीएसआईडीए एवं अधिशासी अभियंता निर्माण खंड, नगर निगम गाजियाबाद को उपयुक्त उद्योग, जिला उद्योग केंद्र गाजियाबाद के साथ स्थलीय निरीक्षण कर नाला निर्माण के संबंध में स्पष्ट आख्या फोटोग्राफ सहित उपलब्ध कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। साउथ साइड जीटी रोड औद्योगिक क्षेत्र के एनएच–9 से औद्योगिक क्षेत्र के प्रवेश व निकास पर लगने वाले जाम के स्थाई समाधान के संबंध में मुख्य विकास अधिकारी गाजियाबाद द्वारा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के प्रतिनिधि को पुलिस विभाग के प्रतिनिधि के साथ एनएच–9 के कट का स्थलीय निरीक्षण कर स्थाई समाधान निकालने हेतु निर्देशित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा ईज ऑफ डूईंग बिजनेस के अंतर्गत संचालित निवेश मित्र पोर्टल की गहन समीक्षा की गई। जिसमें समय सीमा उपरांत लंबित प्रकरणों पर असंतोष व्यक्त करते हुए मुख्य विकास अधिकारी द्वारा संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि वह लंबित समस्त प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित करना सुनिश्चित करें तथा भविष्य में यह सुनिश्चित करें कि प्रकरणों को अंतिम तिथि पर ही निस्तारण न करें, बल्कि पोर्टल पर आवेदन के आने पर निरीक्षण/ परीक्षण होते ही प्रकरणों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें, ताकि प्रकरण समय सीमा अवधि के बाहर न जाए। मुख्य विकास अधिकारी गाजियाबाद द्वारा उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, गाजियाबाद, क्षेत्रीय प्रबंधक यूपीएसआईडीए, गाजियाबाद, विद्युत विभाग एवं नोडल अधिकारी भूगर्भ जल विभाग गाजियाबाद को निवेश मित्र पोर्टल के लंबित प्रकरणों को शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल ने कहा कि बैठक में मिले निर्देशों का समयान्तराल में पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारण किया जाएं। स्थलीय निरीक्षण के दौरान पूर्ण विवरण व फोटोग्राफ के साथ रिर्पोट प्रस्तुत की जाएं। अवैध रूप से सड़कों पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जाएं। उद्योग बंधु बैठक में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर फीडबैंक लेना सुनिश्चित किया जाएं। बैठक में एडीएम सिटी गम्भीर सिंह, एडीसीपी ट्रैफिक सचिदानन्द, जीएमडीआई श्रीनाथ पासवान सहित सभी विभागों के अधिकारी व बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

# आई0 टी0 एस मोहननगर गाजियाबाद के वार्षिकोत्सव NAVTARANG - WYSIWYG 2025 में लोकप्रिय सिंगर राहुल जैन के गानों की धुनों पर जमकर थिरके छात्र-छात्राएं

पहल टुडे






गाजियाबाद आई0टी0एस मोहन नगर गाजियाबाद के वार्षिकोत्सव NAVTARANG - WYSIWYG 2025 का भव्य समापन सुविख्यात गायक राहुल जैन की शानदार प्रस्तुति के साथ हुआ। समापन समारोह के अवसर पर आई0टी0एस - दि एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने राहुल जैन का स्वागत करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य चरों को एक सार्थक मंच उपलब्ध करना है जहाँ छात्र अपने आपकों सक्षम प्लेटफार्म पर अपनी प्रस्तुति के साथ भाग लेकर अपनी दक्षता का प्रदर्शन कर पाएं। इस कार्यक्रम को और शानदार बनाने के लिए आई0टी0एस संस्थान द्वारा दो लोकप्रिय प्लेबैक सिंगर 'राहुल जैन' एवं 'कार्तिक' को आमंत्रित किया गया था जहाँ एक ओर राहुल जैन ने 'तेरी याद..." , 'घर से निकला...", 'ना तुम रहे तुम और चल दिया तुमसे दूर...', 'झूठा कहीं का....", 'छोरियाँ छोरों से कम नहीं होती....", 'मैं तो जी रहा..." जैसे सुपरहिट गीत गाये वहीं दूसरी ओर लोकप्रिय गायक कार्तिक ने रिम झिम.... , रुक जाना नहीं..., मुसाफिर.... , गुलाबी आँखें ..... , औ रे पिया.... , तुम ही हो.... , अपना बना ले.... , माँ तुझे सलाम..... , मितवा.... , जैसे सुपर हिट गीत गा कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्रों ने इस अवसर का भरपूर आनंद लिया और खूब जमकर नाचे इस इस अवसर पर आई. टी. एस. ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन्स के चेयरमैन डॉ. आर. पी. चड्ढा, वाईस चेयरमैन. अर्पित चड्ढा, सचिव श्री. बी. के. अरोरा, डायरेक्टर पी. आर. श्री. सुरेंदर सूद, आई टी एवं यू. जी. कैंपस के डायरेक्टर डॉ. सुनील कुमार पांडेय, आई. टी. एस. स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के निदेशक डॉ अजय कुमार, इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस के निदेशक डॉ वी एन बाजपेई, यू. जी. कैंपस की वाईस प्रिंसिपल डॉ. नैंसी शर्मा, अध्यापकगण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे आज का दिन राजधानी क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए मौज मस्ती, डांस, गाने-बजाने एवं धूम मचाने का दिन रहा कयह अवसर था जब आई. टी. एस मोहननगर संस्थान ने अपने सांस्कृतिक वार्षिकोत्सव 'नवतरंग-विसविग- इंटर कॉलेज कल्चरल फेस्ट 2025' का आयोजन किया दो दिन चले इस वार्षिकोत्सव में 23 तरह की विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे क्विज, क्रॉसवर्ड, बिजनेस प्लान, सोलो डांस, ग्रुप डांस, टी शर्ट पेंटिंग, क्रिएटिव राइटिंग, नेल आर्ट, स्ट्रीट प्ले, सोलो सिंगिंग, बैटल ऑफ बैंड, पोस्टर मेकिंग, फेस पेंटिंग, फैशन शो, पोएट्री, मिमिक्री, अंताक्षरी, डुएट सिंगिंग, डिबेट कम्पटीशन, रंगोली, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, सुडोकु आदि का आयोजन किया गया कइस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लगभग 112 महाविद्यालयों/ विश्वविद्यालयों के 3000 से भी अधिक छात्र छात्राओं ने भाग लिया कविभिन्न प्रतियोगिताओं में दिल्ली, गाजियाबाद, मेरठ, नॉएडा, ग्रेटर नॉएडा, मोदीनगर, मुरादनगर, हापुड़ के साथ साथ दिल्ली विश्विद्यालय, इंदरप्रस्थ विश्वविद्यालय, डॉ. ए पी जे अब्दुल कलम प्राविधिक विश्वविद्यालय, सुभारती विश्वविद्यालय एवं चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने खूब बढ़-चढ़ कर भाग लिया कप्रतियोगिताओं के विजेताओं को आकर्षक नकद पुरुस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गए इस अवसर पर चोन्नई के सुविख्यात गायक कार्तिक कि भाव पूर्ण प्रस्तुति ने सभी को भाव विहोरे कर दिया। इसके पूर्व वार्षिकोत्सव के दूसरे दिन के प्रारम्भ का उद्घाटन सुबह 9:30 बजे कॉलेज के प्रेक्षागृह में किया गया कउद्घाटन समारोह का सुभारम्भ माँ सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित कर किया गया कइस वार्षिकोत्सव का उद्देश्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को एक ऐसा मंच प्रदान करना था जहाँ पर वो अपनी अतिरिक्त कला का बेहतरीन प्रदर्शन कर सकें कउद्घाटन समारोह मे रंगारंग कार्यक्रम के दौरान चड्ढा पब्लिक स्कूल के बच्चों ने भी अद्धुद संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत किया कइस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र छात्राओं को अपनी प्रतिभा दिखने का अवसर प्रदान करना था दूसरे दिन चली विभिन्न प्रतियोगिताओं सोलो डांस, अंताक्षरी, बेस्ट आउट ऑफ वैस्ट, डिबेट कम्पटीशन, रंगोली, सुडोकु, वॉर ऑफ बैंड्स, और डुएट सिंगिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को आकर्षक नकद पुरुस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गए

# सोन नदी में अवैध खनन का गरमाया मामला

## विभिन्न राजनैतिक दलों ने भाजपा सरकार पर जमकर साधा निशाना

### एनजीटी के सख्त निर्देश के बावजूद नदी की जलधारा बांधकर बनायी गई सड़क, गरज रहीं प्रतिबंधित मशीनें

पहल टुडे

(संगम पांडेय) सोनभद्र। ओबरा तहसील अंतर्गत सोन नदी में आवंटित खनन पट्टा के आड में लीज एरिया से हटकर प्रतिबंधित मशीनों से बालू की खोदाई कराए जाने का मामला एक बार फिर तूल पकड़ने लगा है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के सख्त निर्देश के बावजूद नदी की जलधारा बांधकर बनायी गई सड़क व जलीय जीवों के जीवन को दरकिनार कर नदी के गर्भ से बालू निकालने के लिए लगाई गई दर्जनों लिफ्टिंग मशीन (नाव) को लेकर कांग्रेस, बसपा, सपा सहित विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए प्रशासनिक अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाया है। बतादें कि तमाम पावंदियों के बावजूद जिला मुख्यालय से करीब 28 किमी दूरी पर स्थित सोन नदी में अवैध खनन चरम पर है। पट्टाधारकों द्वारा नदी की जलधारा बांधकर बनायी गई सड़क व लिफ्टिंग मशीनों के जरिए सोन नदी के गर्भ से बालू की खोदाई कराए जाने से एक तरफ जहां सूबे की भाजपा सरकार की छबि आमजन में धूमिल हो रही है तो वहीं दूसरी तरफ जलीय जीवों के जीवन पर संकट के बादल मंडरा रहे है। अवैध खनन से राजस्व को भी प्रतिदिन लाखों की क्षति हो रही है।

हैरानी की बात तो यह है कि इस क्षेत्र में ओबरा एसडीएम के साथ ही चोपन थाना की भारी भरकम फोर्स की मौजूदगी होने के बावजूद यह गोरखधंधा निरंतर पनफ रहा है। जिलाधिकारी के निर्देशन में गठित टास्क फोर्स में शामिल विभिन्न विभागों के अधिकारी भी इस पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रहे हैं।



#### सोन नदी में अवैध खनन की हो उच्च स्तरीय जांच: बसपा

बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बी सागर ने भी सोन नदी में अवैध खनन की उच्च स्तरीय जांच कराए जाने की मांग किया है। उन्होंने कहा कि सोन नदी में हो रहे अवैध खनन की शिकायत कई दिनों से उन्हें विभिन्न समाचार पत्रों के जरिए मिल रही है। उन्होंने मामले की शासन स्तर पर उच्च स्तरीय जांच कराकर कार्रवाई की मांग किया है।

#### खनन क्षेत्र में हाबी है माफिया राज: सपा

सोन नदी में अवैध खनन को लेकर सपा जिलाध्यक्ष राम निहोर यादव ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बीते सात-आठ वर्षो से जिले के खनन क्षेत्र में माफिया राज हाबी है। इन माफियाओं को सरकार का संरक्षण प्राप्त है। इस कारण जिलाधिकारी, खान अधिकारी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी चाह कर भी अवैध खनन के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर पा रहे है। इस दौरान उन्होंने सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधियों पर निशाना साधते हुए कहा कि जिले में भाजपा के तीन विधायक हैं, जिसमें से एक राज्यमंत्री हैं। भाजपा सरकार जीरो टालरेंस की नीति पर कार्य करती है, बावजूद इसके सोन नदी में अवैध खनन जारी है, फिर भी सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधि क्यों मौन साधे बैठे है, यह हर समझदार बखूबी समझ सकता है।

#### किसके आदेश पर 24 घंटे गरज रहीं प्रतिबंधित मशीनें, हो जांच: कांग्रेस

नियमतः शाम छह बजे के बाद सोन नदी में खनन नहीं हो सकता है, बावजूद इसके नदी के गर्भ से बालू निकालने के लिए लगायी गई प्रतिबंधित मशीनें 24 घंटे गरज रही हैं। लिफ्टिंग मशीनों के जरिए बालू निकाले जाने से नदी का मूल स्वरूप समाप्त हो रहा है। पोकलेन मशीनों से बालू की खोदाई कराए जाने से बनी खाई से कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। तमाम शिकायतों के बावजूद अवैध खनन पर अंकुश नहीं लग रहा है। यह बातें जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष फरीद अहमद ने कही। इस दौरान उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए शासन से मामले की किसी स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराकर कार्रवाई की मांग किया।

#### पांच बार की जा चुकी है शिकायत, कार्रवाई जीरो: जअपा

सोन नदी में अवैध खनन की शिकायत सूबे के मुख्यमंत्री समेत अन्य उच्चाधिकारियों को करीब पांच बार की जा चुकी है, बावजूद इसके अवैध खनन का गोरखधंधा रूकने का नाम नहीं ले रहा है। यह बातें जन अधिकार पार्टी के प्रमुख प्रदेश महासचिव भागीरथी सिंह मौर्य ने कहीं। उन्होंने बताया कि शिकायत पर यदि कभी जांच टीम आती है तो संबंधित खनन कर्ता नदी से प्रतिबंधित मशीनों को हटवा कर खनन कार्य बंद करा देते है। बाद जांच टीम के वापस लौटते ही यह गोरखधंधा फिर से शुरू हो जाता है। ऐसे में जब सोन नदी में नियमानुसार खनन होता है तो जांच टीम के आने के बाद खनन कार्य क्यों बंद करा दिया जाता है, इसकी शासन स्तर पर उच्च स्तरीय जांच कराकर जिम्मेदारो के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जानी चाहिए।

## बीट बुक का सीओ ने किया निरीक्षण

सोनभद्र। सदर कोतवाली में क्षेत्राधिकारी नगर डा चारू द्विवेदी ने बीट सुदृढ़ीकरण के संबंध में समस्त बीट कर्मियों के बीट बुक का निरीक्षण किया।

इस दौरान सीओ ने बीट कर्मियों को बीट क्षेत्र में नियमित रूप से भ्रमण करते हुए बीट क्षेत्र में होने वाले अवैध कार्यो के संबंध में अभिसूचना संकलन करने तथा अवैध शराब, मादक पदार्थों, छेड़खानी, महिला उत्पीड़न में लिप्त अपराधियों व मनचलों के संबंध में जानकारी एकत्र करने का निर्देश दिया। साथ ही बीट में प्रभावी कार्यवाही के लिए उच्चाधिकारियों से प्राप्त निदेर्शों से अवगत कराते हुए ब्रीफ किया।

## अधिवक्ताओं ने जताया दुःख

सोनभद्र। पहलगाम आतंकी हमला को लेकर बुधवार को सोनभद्र बार एसोसिएशन सभागार में अध्यक्ष अरुण कुमार मिश्र की अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने मारे गए भारतीयों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। इस मौके पर नरेन्द्र कुमार पाठक, विनोद कुमार चैबे, सुरेन्द्र कुमार पांडेय, राकेश शरण मिश्र, राजीव सिंह, संजय श्रीवास्तव, धनंजय मौर्य, शारदा प्रसाद मौर्य, मुनीरज शाह, आनन्द कुमार मिश्र, अशोक प्रसाद श्रीवास्तव, पुष्पा तिग्गा, अवधेश मिश्र, राजेन्द्र प्रसाद, मनोज दूबे, अनुज प्रसाद अवस्थी, अविनाश, रंजन त्रिपाठी, आशिष शुक्ला, प्रभात मिश्र, कृष्ण कुमार त्रिपाठी, संजय कुमार पांडेय, धर्मेन्द्र ओझा, पवन शर्मा आदि मौजूद रहे।

## युवक की हत्या से खफा अधिवक्ताओं ने दी आंदोलन की चेतावनी

सोनभद्र। वाराणसी के अधिवक्ता कैलाश चंद्र वर्मा के युवा पुत्र की मंगलवार को गोली मारकर की गई हत्या से वाराणसी सहित प्रदेश भर के अधिवक्ताओं में आक्रोश है। संयुक्त अधिवक्ता महासंघ के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष राकेश शरण मिश्र ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित प्रदेश के पुलिस उच्चाधिकारियों को पत्र लिखकर हत्यारोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कठोर कारवाई करने एवं घटना की जांच किसी ईमानदार पुलिस अधिकारी से कराने की मांग किया है।

महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष राकेश शरण मिश्र ने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि प्रदेश में आए दिन अधिवक्ताओं एवं उनके परिवार पर हो रहे प्राणघातक हमले से अधिवक्ताओं में भय ब्याप्त है। आए दिन होने वाले हमले इस बात का प्रमाण है कि अपराधियों के अंदर उत्तर प्रदेश की पुलिस का कोई खौफ नहीं रह गया है। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष राकेश शरण मिश्र ने मुख्यमंत्री से मांग किया है कि इस घटना की उच्चस्तरीय जांच करवाकर घटना में संलिप्त अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कारवाई करें अन्यथा प्रदेश के अधिवक्ताओं को आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

## जिला सैनिक बंधु की बैठक आज

सोनभद्र। विकास भवन सभागार में 24 अप्रैल को मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी की अध्यक्षता में जिला सैनिक बंधु की बैठक होगी। यह जानकारी देते हुए कैप्टन (नौ सेना) आशुतोष चैधरी ने बताया कि जनपद के समस्त भूतपूर्व सैनिकों, दिवंगत सैनिकों की पत्नियों एवं उनके आश्रितों की उपस्थित के लिए अपील किया है।

# पहलगाम आतंकी हमला के विरोध में सड़क पर उतरी छात्राएं

## काली पट्टी बांधकर नगर में निकाला जुलूस



विरोध प्रदर्शन करतीं छात्राएं

पहल टुडे

सोनभद्र। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में बुधवार को विंध्य कन्या पीजी कालेज की छात्राओं ने काली पट्टी बांधकर नगर के स्वर्ण जयंती चैक पर विरोध प्रदर्शन किया। बाद छात्राओं ने नगर में जुलूस निकाल कर सरकार से पीड़ितों को न्याय दिलाने की मांग किया।

कालेज की प्राचार्या डा अंजली विक्रम सिंह ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमला की मुंहतोड़ जवाब देना होगा, अन्यथा इसी तरह बेकसूरों को अपनी जान गंवानी पड़ेगी। भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष पुष्पा सिंह तथा जिला संयोजिका (एक राष्ट्र एक चुनाव) डा रचना तिवारी, नपा अध्यक्ष रूबी प्रसाद, कुसुम शर्मा आदि ने भी घटना को लेकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए आक्रोश जताया। इस मौके पर महाविद्यालय के चीफ ट्रस्टी डा अजय कुमार सिंह, डा कैलाश नाथ, डा मालती, डा अरूणेन्द्र संदल, विनीता, कीर्ति, पंकज, अनीश आदि मौजूद रहे।

### दिवंगत आत्माओं की शांति को किया प्रार्थना

सोनभद्र। पहलगाम आतंकी हमला में मारे गए लोगों को बुधवार को भाजपा जिला कार्यालय पर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल के नेतृत्व में भाजपाईयों ने शोक सभा कर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। जिलाध्यक्ष नन्दलाल ने कहा कि हिन्दुओं से जाति पूछकर की गयी हत्याएं भारतीय राजनीति के लिए कलंक है। मांग की कि इन आतंकवादियों पर कठोर से कठोर कार्यवाही की जाए। बाद उन्होंने मृत आत्माओं की शांति व घायलों को स्वस्थ्य होने के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। इस मौके पर जिला मंत्री संतोष शुक्ला, शंभू नारायण सिंह, अनूप तिवारी, कमलेश चैबे, प्रसन्न पटेल, रामनिवास तोमर, बृजेश श्रीवास्तव, अशोक पांडेय, अतुल पांडेय, राम गति चैहान, कैलाश तिवारी, राजन पांडेय, लवकुश आदि मौजूद रहे।



शोकसभा में शामिल भाजपाई

# पाक्सो एक्ट: दोषी अखिलेश भारती को 20 वर्ष की कठोर कैद

## 7 माह पूर्व 8 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ हुए दुष्कर्म का मामला

### 51 हजार रूपए अर्थदंड न देने पर भुगतनी होगी 6 माह की अतिरिक्त कैद

पहल टुडे

सोनभद्र। 7 माह पूर्व 8 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट सोनभद्र अमित वीर सिंह की अदालत ने बुधवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी अखिलेश भारती को 20 वर्ष की कठोर कैद एवं 51 हजार रूपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 40 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक दुद्धी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता के पिता ने 2 सितंबर 2024 को दुद्धी थाने में दी तहरीर मे अवगत कराया था कि उसकी 8 वर्षीय नाबालिक बेटी एक सितंबर 2024 को दोपहर 2:30 बजे घर से 100 मीटर दूर स्थित महुआ के पेड़ के नीचे एक लड़के के साथ गोटी खेल रही थी। जहां पर अखिलेश भारती पुत्र रामखेलावन राम निवासी दिघुल थाना दुद्धी आ गया और लड़के को भगा दिया। उसकी नाबालिग बेटी का हाथ पकड़कर अपने चाचा के घर ले गया और जबरन बेटी के साथ दुष्कर्म किया। वह रोती चिल्लाती रही, लेकिन वह नहीं माना। बेटी ने बताया कि कहीं सूचना देने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दिया था। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, 9 गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी अखिलेश भारती को 20 वर्ष की कठोर कैद एवं 51 हजार रूपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर उसे 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 40 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगा। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील दिनेश प्रसाद अग्रहरि, सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं नीरज कुमार सिंह ने बहस किया।

## तीरंदाजी प्रतियोगिता में जिले के बच्चों का रहा दबदबा

सोनभद्र। नवोदय विद्यालय समिति लखनऊ क्षेत्र की संभाग स्तर की तीरंदाजी प्रतियोगिता पीएमश्री नवोदय विद्यालय बहुआर में मंगलवार को सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिले से आई टीमों ने प्रतिभाग किया। इसमें राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता इंडियन और रिकर्व के लिए 24-24 बालक और बालिकाओं का चयन किया गया। प्रतियोगिता में नवोदय विद्यालय बहुअरा सोनभद्र के बच्चों का दबदबा रहा। प्रतियोगिता में रिकर्व में कुमारी सरस्वती तथा इंडियन में कुमारी नेंसी गुप्ता ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। वहीं बालक वर्ग में रिकर्व में मास्टर विहान यादव तथा इंडियन में मास्टर अखिलेश यादव ने सर्वश्रेष्ठ रहे। ओवरऑल चैंपियनशिप सोनभद्र को मिली। प्रतियोगिता में सोनभद्र का दबदबा रहा और सर्वाधिक चयन पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय सोनभद्र के विद्यार्थियों का हुआ। इस कारण 48 सदस्यों की राष्ट्रीय स्तर की टीम में कुल 32 विद्यार्थी केवल जवाहर नवोदयविद्यालय सोनभद्र से चयनित हुए। इस मौके पर विशेष अतिथि बलराम कृष्ण यादव, प्राचार्य अंशुमान सिंह, डॉ. संदीप शुक्ला, अमरेश कुमार, संजय कुमार, बीके सिंह, मनीष कुमार, संतोष गुप्ता, आशुतोष द्विवेदी, पीके निडर, उमेश कुमार आदि मौजूद रहे।



# हत्या के दोषी राजेश्वर कनौजिया को उम्रकैद

## पांच वर्ष पूर्व फावड़ा से प्रहार कर कुबेर प्रसाद की हत्या करने का मामला

पहल टुडे

सोनभद्र। पांच वर्ष पूर्व फावड़ा से प्रहार कर कुबेर प्रसाद की हत्या करने के मामले में बुधवार को सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम जीतेंद्र कुमार द्विवेदी की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर दोषी राजेश्वर कनौजिया उर्फ बटेशर को आजीवन कारावास व 20 हजार रूपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर उसे 4 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित होगी।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक पंकज कुमार पुत्र कुबेर प्रसाद निवासी रामगढ़ दक्षिण टोला, थाना कोन ने 12 अप्रैल 2020 को कोन थानाध्यक्ष को दी तहरीर में अवगत कराया था कि वह अपने पापा कुबेर प्रसाद के साथ शाम 7:30 बजे खेत से लौट रहा था तभी लड़की भगाने की पुरानी बात को लेकर अपने चाचा के ललकारने पर राजेश्वर कनौजिया उर्फ बटेशर पुत्र भदई निवासी रामगढ़ दक्षिण टोला थाना कोन ने उसके पिता कुबेर प्रसाद को फावड़ा से प्रहार कर हत्या कर दिया। इस तहरीर पर पुलिस ने हत्या की एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। घटना स्थल से कुबेर प्रसाद का शव बरामद कर पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। विवेचना के दौरान विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था।

मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान व पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी राजेश्वर कनौजिया उर्फ बटेशर को आजीवन कारावास व 20 हजार रूपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर उसे 4 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित होगी। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर जिला शासकीय अधिवक्ता विनोद कुमार पाठक ने बहस किया।

## हाइवा से कुचलकर युवक की मौत

सोनभद्र। सदर कोतवाली थाना क्षेत्र के लोहरा गांव के पास हाइवे पर बुधवार की सुबह एक हाइवा ट्रक की चपेट में आकर साइकिल सवार युवक की मौत हो गई। बाद सूचना पर पहुंची सुकृत पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। शव की शिनाख्त शैलेश वनवासी उम्र 25 वर्ष पुत्र गिरजा निवासी सुकृत के रूप मे की गई है।

जानकारी के अनुसार शैलेश साइकिल पर लकड़ी लेकर मधुपुर की ओर जा रहा था। लोहरा माइनर के पास पुलिया के समीप तेज रफ्तार हाइवा ने अनियंत्रित होकर उसे कुचलते हुए आगे निकल गया। हादसे में शैलेश की मौके पर मौत हो गई।

# अभिषेकात्मक रुद्र महायज्ञ 19 से शुरू



अभिषेकात्मक रूद्र महायज्ञ की तैयारी में जुटे श्रद्धालु

पहल टुडे

सोनभद्र। रावर्ट्सगंज के बरैला महादेव मंदिर परिसर में विगत वर्षों की भांति इस साल भी अभिषेकात्मक रुद्र महायज्ञ एवं संगीतमय श्री राम कथा ज्ञान महायज्ञ का शुभारंभ 19 मई को होगा। आचार्य पंडित सौरभ भारद्वाज ने बताया कि 19 मई से 27 मई तक यज्ञ होगा। 19 मई को मंगल कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। बरकरा जलाशय से 151 महिलाएं कलस में जल भरकर मंदिर पहुंचेंगी। बाद महायज्ञ का शुभारंभ होगा। बताया कि यज्ञ के दौरान प्रतिदिन भोलेनाथ का अलग-अलग पदार्थ से रुद्राभिषेक किया जाएगा। रात्रि कालीन प्रवचन शाम 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक चलेगा। श्री राम कथा प्रवचन के लिए आजमगढ़ उत्तर प्रदेश से पंडित बाल गोविंद शास्त्री महाराज का शुभ आगमन होगा एवं काशी की पवित्र धरती से मानस गंगा प्रियंका पांडेय का शुभागमन होगा। इस मौके पर यज्ञ कमेटी के संरक्षक अरविंद शरण सिंह, बृजेश शरण सिंह, रवि प्रकाश पांडेय, बृजेश पांडेय, संदीप कुमार सिंह, मंदिर के पुजारी देवनाथ बाबा अखिलेश चतुवेर्दी आदि मौजूद रहे।

# आतंकी हमला में मारे गए पर्यटकों को दी श्रद्धांजलि



पहल टुडे

सोनभद्र। समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने बुधवार को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवाद हमला में मारे गए लोगों के मृत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। पार्टी के जिला सचिव प्रमोद यादव ने कहा कि हमारे देश का कानून कठोर होना चाहिए। जिस तरीके से पहलगाम में घटना घटी, उस समय सुरक्षा के क्या इंतजाम थे सरकार को स्पष्ट करना चाहिए। कैसे हमारे देश में आतंकवादी घुस जाते हैं, सरकार की खुफिया एजेंसी क्या करती है। पुलवामा घटना किसी से छिपा नहीं है। कितने हमारे देश के सैनिक मारे गए। देश के गृह मंत्री को भी जवाब देना पड़ेगा। कहा कि कई लोग ऐसे हैं जो कानून को खेलवाड़ा समझ रहे हैं, और आएदिन कानून को अपने हाथ में लेकर अनाप, सनाप बोलते रहते है। इस मौके पर पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष कृपा शंकर चैहान, मनीष त्रिपाठी, जुनैद अंसारी, मुन्ना कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

## गाय से टकरा कर पलटा आटो, एक की मौत

सोनभद्र। रेणुकापार के परसोई तिराहा के पास मंगलवार की देर शाम सवारियों से भरी एक आटो अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में आटो सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं मृतक की पत्नी समेत पांच वर्षीय पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को उपचार के लिए चोपन सीएचसी में भर्ती कराया गया है। जुगैल थाना क्षेत्र के पिपरा गांव निवासी राम सूरज उम्र 35 वर्ष अपनी पत्नी कौशिल उम्र 32 वर्ष और पुत्री सुमन उम्र 5 वर्ष के साथ आटो से ओबरा से अपने घर लौट रहा था। शाम करीब साढ़े सात बजे परसोई तिराहा के आगे सड़क पर अचानक सामने आई गाय से टकराकर आटो पलट गया। इस हादसे में राम सूरज, उसकी पत्नी और बेटी घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को चोपन सीएचसी में भर्ती कराया गया। वहां इलाज के दौरान रामसूरज की मौत हो गई। अस्पताल से मिली सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

# भिखारी बाबा आश्रम में 20 निर्धन कन्याओं की कराई गई शादी

## समाजसेवा करने वाली 51 महिलाओं को किया गया सम्मानित



पहल टुडे

सोनभद्र। रामगढ़ स्थित भिखारी बाबा आश्रम में चल रहे नौ दिवसीय विराट रूद्र महायज्ञ की जहां बुधवार को पूणार्हुति हुई, वहीं 20 निर्धन कन्याओं की शादी भी कराई गई। एडीएम सहदेव मिश्रा ने 51 महिलाओं को सम्मानित किया। विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

कार्यक्रम के आयोजक/संयोजक भिक्षुक भिखारी जंगली दास दीनबंधु रमाशंकर गिरी जी महाराज ने बताया कि मणिराम छावनी रामजन्मभूमि अयोध्या के महंत कमल नयन दास जी महाराज के आशीर्वाद से नौ दिवसीय विराट रूद्र महायज्ञ एवं 18 निर्धन कन्याओं का शुभ विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। आचार्यगण राजेश कुमार तिवारी, योगेश तिवारी, गिरीश पाठक, रेवती तिवारी एवं राजेश कुमार पाठक द्वारा विराट रूद्र महायज्ञ की पूणार्हुति एवं 20 निर्धन कन्याओं की शादी संपन्न कराई गई।

उन्होंने यह भी बताया कि मुख्य अतिथि एडीएम सहदेव मिश्रा द्वारा समाजसेवा कर रही 51 महिलाओं को सम्मानित किया गया। नगवां ब्लाक प्रमुख प्रवीण कुमार सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष रॉबर्ट्सगंज रूबी प्रसाद, पुष्पा सिंह, कुसुम शर्मा, संदीप सिंह चंदेल आदि प्रमुख लोग विवाह के साक्षी रहे। यह कार्यक्रम भिखारी भोले सेवा ट्रस्ट एवं शिव शक्ति महिला मंडल द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि एनटीपीसी बीजपुर की ओर से निर्धन कन्याओं के लिए 101 सिलाई मशीन उपलब्ध करा दी गई है। जिसमें महाकुंभ प्रयागराज में 83 कन्याओं की शादी संपन्न हुई थी उन कन्याओं को भी सिलाई मशीन दी गई। लैंको पावर प्लांट की ओर से ड्रम सेट बर्तन, छात्र शक्ति के उमाशंकर सिंह की ओर से बेटियों को अटैची, वरिष्ठ अधिवक्ता जितेंद्र बहादुर सिंह द्वारा बेटियों के लिए कलश, जीयर स्वामी बक्सर की ओर से वर के लिए घड़ी उपलब्ध कराई गई है। शिव शक्ति महिला मंडल की संरक्षिका सुशीला पाठक द्वारा वर के लिए गमछा व वधुओं के लिए चूड़ा दिया गया। समाजसेवी जय प्रकाश केशरी द्वारा बेटियों को पायल, हरीश अग्रवाल द्वारा बेटियों को कंबल, अनिल सिंह द्वारा गदा, अतुल पांडेय द्वारा दान उपलब्ध करा दिया गया है।

आचार्य रेवती तिवारी, संरक्षक राजेश कुमार पाठक, सालिक राम साहू, संरक्षिका सुशीला पाठक, महामंत्री चिंता मौर्य , संरक्षिका विमला देवी, अध्यक्ष किरन मोदनवाल, खुशबू मौर्या, उदय मौर्य, साध्वी कृष्णावती, संगीता, दीनदयाल केसरी, मनोज केसरी, अजय कुमार सिंह, परमानंद मौर्य, श्री राम, गुप्तेश्वर, शिवकुमार केशरी, राममूरत गुप्ता, भरत सिंह कुशवाहा, शिवशंकर, मुन्ना बाबा,कालो देवी, हीरा सिंह, सुभराम आदि लोग मौजूद रहे।

# मंगलवार दोपहर पहलगाम में हुआ आतंकी हमला, विरोध प्रदर्शन जारी

पहल टुडे,सलीम अहमद





गाजीपुर जमानियां। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए। आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई। जिनमें इजरायल और इटली के दो विदेशी पर्यटक भी शामिल हैं। घायलों की संख्या 25 है। इस घटना को लेकर हर तरफ पाकिस्तान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन उठने लगा है। नगर कस्बा सहित एनएच 24 तहसील मुख्यालय के सामने व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष मुन्ना गुप्ता के नेतृत्व में मोटर साइकिल के सवार चालकों ने पाकिस्तान के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए। पाकिस्तान में पनप रहे आतंकियों का पुतला फूंका गया। बताया जाता है। की जम्मू-कश्मीर के मशहूर पर्यटन स्थल पहलगाम के बैसरन में मंगलवार दोपहर आतंकियों ने हमला किया। इस हमले में 27 लोगों की मौत होने के सूचना पर देश भर में पाकिस्तान के खिलाफ आक्रोश देखने को मिला। उसी घटना को लेकर व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष मुन्ना गुप्ता के नेतृत्व में कस्बा बाजार होते तहसील मुख्यालय के सामने पहुंचकर मोटर साइकिल जुलूस निकालकर पाकिस्तान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इसके साथ ही पाकिस्तान और आतंकियों के खिलाफ पुतला फूंका गया। हालांकि आधिकारिक तौर पर 26 लोगों के मौत होने की पुष्टि हुई है। वहीं करीब 17 लोग घायल है। मृतकों में इजरायल व इटली के दो विदेशी पर्यटकों के साथ देश के अन्य राज्यों के सैलानी और स्थानीय लोग भी शामिल बताए गए हैं। मुन्ना गुप्ता ने विरोध प्रदर्शन के बाद बताया कि कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए भीषण आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों के शव श्रद्धा सुमन अर्पित करते कहा कि किसी भी परिस्थिति में हमला करने वाले आतंकियों को बक्शा नहीं जाना चाहिए। पर्यटकों पर आतंकवादी हमला पाकिस्तान की सोची समझी साजिश बताया। और उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के साथ सभी दलों ने अपने गुस्से को इजहार करते हुए विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा हमला को लेकर लोगों ने पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन ओर पुतला फूंका। पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में दर्जनों लोगों की मौत हो गई। शांति एकता कमेटी के सरपरस्त नेसार अहमद खान वारसी ने हमले की कड़ी निंदा की और शोक संवेदना जाहिर की है। हमले से कश्मीर में शोक की लहर दौड़ पड़ी। लोग विरोध में सड़कों पर उतर आए हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन की विफलता के कारण.पहलगाम हमले जैसी घटना हो गई। खान वारसी ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हैं। साथ ही मरने वालों के परिवारों के दुख में बराबर की शरीक है। और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। मुन्ना गुप्ता ने कहा कि प्रशासन की विफलता के कारण शांति व्यवस्था को आग लगाने वाली ताकतें अपने नापाक इरादों में सफल हो गयीं है। अधिवक्ता इमरान नियाजी ने कहा कि धर्म के आधार पर आपराधिक कार्यवाही को देश के लिए और देश की शांति व्यवस्था के लिए बर्बादी का कारण समझता हूं। उक्त मौके पर सचिन वर्मा, सुरेन्द्र चौधरी, राजू पांडेय, तारकेश्वर वर्मा, श्रीकृमार सेठ आदि सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।

# 24 अप्रैल से 10 मई तक मनाया जाएगा विश्व टीकाकरण सप्ताह

पहल टुडे, अजीत विक्रम



गाजीपुर। प्रत्येक वर्ष अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह में वर्ल्ड इम्यूनाइजेशन वीक मनाया जाता है. इस वर्ष यह 24 से अप्रैल 10 मई 2025 तक मनाया जाएगा. इसका उद्देश्य सभी उम्र के लोगों को टीकाकरण के माध्यम से कई तरह के रोगों से बचाना है. 2025 की थीम है सभी के लिए टीकाकरण मानवता के लिए संभव है। यह थीम टीकाकरण की उपलब्धियों को उजागर करते हुए यह संदेश देती है कि सभी लोगों तक टीकाकरण पहुंचाना संभव है और इससे जीवन रक्षा की जा सकती है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ रवि रंजन ने बताया कि विश्व टीकाकरण सप्ताह के अवसर पर विशेष टीडी (टिटेनस और डिप्थीरिया) का टीकाकरण अभियान शुरू होगा। यह अभियान 24 अप्रैल से 10 मई तक चलेगा। अभियान नियमित टीकाकरण से वंचित बच्चों के लिए है। स्कूलों में यह टीकाकरण निशुल्क होगा। आशा और एनएम कार्यकर्ता घर-घर जाकर टीकाकरण से वंचित बच्चों की पहचान करेंगी। सभी टीकाकरण का विवरण यू-विन पोर्टल पर दर्ज किया जाएगा। नियमित टीकाकरण टीडी से सैकड़ों बच्चे वंचित हैं। अब ऐसे बच्चों को टिटनेस और डिप्थीरिया जैसी बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण का विशेष प्लान तैयार किया गया है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से विश्व टीकाकरण सप्ताह में टिका से वंचित बच्चों को टीकाकरण करेगा। परिषदीय विद्यालय, माध्यमिक परिषद, वित्तविहीन विद्यालय और सभी प्राइवेट विद्यालयों में टीकाकरण के विशेष सत्रों का आयोजन किया जाएगा। स्कूल आधारित टीकाकरण टीकाकरण सत्र बुधवार और शनिवार को छोड़कर सोमवार, मंगलवार, गुरुवार, शुक्रवार को किया जाएगा। एएनएम अपने क्षेत्र में कार्य योजना तैयार करेंगी। स्कूलों में कक्षा पांच में 10 वर्ष को आयु के बच्चों को टोडी-10 का टीका तथा कक्षा 10वीं में में 16 वर्ष की आयु के बच्चों को टीडी-16 का टिका लगाया जाएगा। इस संबंध में सीएमओ डा. सुनील कुमार पांडेय की ओर से डीआइओएस और बीएसए को सहयोग के लिए पत्र जारी किया गया है। इस कार्य में सभी सीएचसी के अधीक्षक और शहरी क्षेत्र को पीएचसी के नोडल को भी निर्देशित किया है कि अभियान में पूरा सहयोग करेंगे। कोई भी बच्चा टीडी के टीकाकरण से वंचित नहीं याना चाहिए। 1974 से अब तक टीकाकरण ने लगभग 154 मिलियन जीवन बचाए हैं, यानी हर मिनट 6 जीवन बचे हैं. टीकाकरण ने शिशु मृत्यु दर में 40% की कमी की है और इससे बच्चों को पहला जन्मदिन देखने का मौका मिला है. खसरा के टीके ने 60% जीवन बचाने में योगदान दिया है. नए टीके जैसे मलेरिया, एचपीवी, कोलेरा, डेंगू, मेनिनजाइटिस, आरएसवी, इबोला आदि भी अब लोगों की सुरक्षा में मदद कर रहे हैं. साल 2020 में आई कोरोना महामारी के बाद कोरोना वायरस का टीका बनाया गया था. इस टीके को दुनियाभर में अरबों लोगों को लगाया गया था. कोरोना वैक्सीन ने लोगों को इस वायरस के खतरनाक असर से बचाया है. टीकाकरण नहीं होने से कई तरह की बीमारियां होती है खासकर बच्चों में खसरा, मम्प्स, रूबेला, पोलियो, डिप्थीरिया, टेटनस, इन्फ्लूएंजा, निमोनिया, कोविड-19, आरएसवी होती है वही घातक बीमारियों में मेनिनजाइटिस, रेबीज, कोलेरा शामिल है।

# नई ज़िम्मेदारी, नया संकल्पः महिला सशक्तिकरण समिति की सदस्य बनीं डॉ. संगीता बलवंत



पहल टुडे, अजीत विक्रम

गाजीपुर। जिले की प्रतिष्ठित नेता और राज्यसभा सांसद डॉ. संगीता बलवंत को महिला सशक्तिकरण समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति न केवल उनके राजनीतिक सफर में एक अहम मुकाम है, बल्कि गाजीपुर की महिलाओं के लिए भी आशा की एक नई किरण है। यह समिति संसद की एक प्रमुख संस्था है, जो देशभर की महिलाओं के हक, सम्मान और विकास के लिए नीतियाँ सुझाती है। डॉ. बलवंत ने इस जिम्मेदारी को सेवा का अवसरबताया और कहा, मैं हर उस आवाज को संसद तक पहुँचाऊंगी, जो अब तक अनसुनी रह गई थी। उनकी इस उपलब्धि पर समर्थकों में हर्ष का माहौल है। लोग उन्हें गले लगाकर बधाई दे रहे हैं और गाजीपुर में एक नई उम्मीद की हवा बह रही है।

# गाजीपुरः पहलगाम में 27 पर्यटकों की हत्या अति निंदनीय है-परियोजना निदेशक

पहल टुडे, कमलेश यादव





गाजीपुर। विकास भवन गाजीपुर में पहलगाम में 27 टूरिस्टों की निर्मम हत्या को लेकर के अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा विकास भवन के सभागार में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए परियोजना निदेशक गाजीपुर राजेश यादव द्वारा कहा गया कि आतंकवादियों की कोई जाति नहीं होता है।पहलगाम में 27 पर्यटकों की हत्या किया जाना अति निंदनीय है। आतंकवादीयों के इस कृत्य से समाज के सभी लोग व्यथित हैं।, श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा मृत 27 टूरिस्टो के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए यह कहा गया कि देश में यह पहली बार हुआ है कि किसी भी आतंकी संगठन के लोगों द्वारा धर्म पूछ करके हत्या किया गया है। जिससे समाज के सभी प्रबुद्ध लोग मर्माहत है तथा जनमानस में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने प्रधानमंत्री से मांग किया कि सैनिकों को पूरी तरह से छूट प्रदान करें कि पाक अधिकृत कश्मीर को अपने सीमा क्षेत्र में लिया जा सके। यही हमारे देश के शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

दुर्गेश ने प्रबुद्ध जनों से अपील भी किया कि कश्मीर जैसे स्थान पर जाना बंद कर दें ,जहां एक कट्टरपंथी समाज द्वारा धर्म पूछ करके हत्या किया जाता है और हमारे ही धन से उनका जिवकोपार्जन चलता है ,और हमारे ही लोगों का खत्मा किया जाता है, ऐसी जगह जाने का कोई औचित्य नहीं बनता है । श्रद्धांजलि सभा में महेंद्र यादव, जसवंत राव , अनिल कुमार, भीमराव प्रसाद,रामकृपाल यादव सदर,मांधाता सिंह,केदार सोनकर, जितेंद्र सिंह ,अबू बकर,हसन,आमिर अली ,बृजेश यादव, मनोज,अमित वर्मा, बबुआ यादव,राजेश श्रीवास्तव,गोविंद श्रीवास्तव,संजय गुप्ता,संजय यादव ,सतीश यादव,अमित कुमार,आलोक श्रीवास्तव, संजय,विनोद यादव, अभिषेक ,प्रशांत,अजय मिश्रा, शमशेर बहादुर सिंह, राजेश यादव, मनोज यादव,सुशील गुप्ता,सहित सैकड़ो कर्मचारी मौजूद रहे।

## मंदिर में युवक का शव लटका मिलने से मचा हड़कंप, आत्महत्या की आशंका



पहल टुडे, कमलेश यादव

गाजीपुर। दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के तिरक्षी गांव में बुधवार तड़के एक गंभीर घटना सामने आई। डीह बाबा मंदिर में संदीप चौहान (21 वर्ष) का शव मंदिर की छत से लटका हुआ पाया गया। संदीप ने बाइक के क्लच वायर से फंदा बनाकर आत्महत्या की। मृतक के परिवार में कोहराम मच गया, खासकर क्योंकि वह अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

# अनुपम यादव ने गाजीपुर का नाम किया रौशन, यूपीएससी परीक्षा में मिला 237वां रैंक

पहल टुडे, अजीत विक्रम



गाजीपुर। जिले के खुटही गांव के अनुपम यादव ने यूपीएससी की परीक्षा में 237 वीं रैंक लाकर इतिहास रच दिया। अनुपम के पिता बुद्धिराम यादव वाराणसी में पीएसी में मुख्य आरक्षी के पद पर तैनात हैं, और उनकी माता सुशीला देवी एक गृहणी हैं। पांच भाई बहनों में सबसे बड़े अनुपम ने यह सफलता चौथे प्रयास में हासिल की है। अनुपम ने पढ़ाई के साथ साथ छोटे भाई बहनों की भी देखभाल की। अनुपम की प्राथमिक से लेकर 12वीं तक की पढ़ाई गाजीपुर में हुई। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से स्नातक किया। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय से एमए की डिग्री प्राप्त की। इसके बाद कर्नाटक सेंट्रल यूनिवर्सिटी से पीएचडी की। उनके छोटे भाई आदित्य केमिकल इंजीनियर हैं। दोनों बहनें जूनियर हाई स्कूल में शिक्षिका हैं। सबसे छोटा भाई अनुराग स्नातक कर रहा है। वर्तमान में तमिलनाडु में रह रहे अनुपम की इस सफलता से पूरे परिवार में खुशी का माहौल है। उनके पिता बुधीराम यादव वाराणसी में पुलिस विभाग (पीएसी) में मुख्य आरक्षी परिवहन के पद पर कार्यरत हैं। मां सुशीला देवी और पूरे गांव के लोग इस उपलब्धि पर गौरवान्वित हैं। बुधीराम यादव का कहना है कि बच्चों की मेहनत का ही परिणाम है यह सफलता।

# पिता द्वारा सपने में अपने पुत्र से कही गई बात को पूरा करने के लिए महामंडलेश्वर भवानी नंदन यति पहुंचे अपने शिष्य के घर

पहल टुडे, कमलेश यादव





जखनिया ,गाजीपुर। जखनिया विकासखंड स्थित ग्राम सभा साहाब पुर मे आज सिद्ध पीठ हथियाराम के महंत महामंडलेश्वर भवानी नंदन यति महाराज अपने शिष्य के घर पहुंचे। वही बताते चलें कि सदरी बाबा इंडियन गैस के संचालक व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सवार्नंद गिरी के पिता स्वर्गीय सदरी गिरी जो पेसे से प्रधानाध्यापक से रिटायर हुए थे उनकी मृत्यु 18/01/ 2025 को अयोध्या धाम के हनुमानगढ़ी मंदिर में दर्शन करते समय बैठे-बैठे होगई थी वही अपने स्वभाव से सदरी गिरी का अपने क्षेत्र सहित गांव में काफी सम्मान था लोग उन्हें काफी मानते थे मृदुल स्वभाव होने के नाते गांव क्षेत्र के लोगों में इनका काफी सम्मान था मृत्योप्रांत इनके छोटे बेटे के सपने में इन्होंने अपनी एक इच्छा को बताया की मेरी इच्छा रही की मेरे गुरु का चरण मेरे घर पर पड़े वह इच्छा मेरे जीते जी नहीं पूर्ण हो पाई इस बात को संयोगवश उनके बेटों द्वारा हथियाराम पीठ के महंत महामंडलेश्वर भवानी नंदन यति महाराज से जब कहीं गई तब अपने शिष्य की बात को रखते हुए महाराज श्री आज सदरी बाबा के मृत्यो प्रांत आज उनके घर उनके परिवार जनों से मिलने के लिए अपना समय निकालकर उनके परिवार जनों के साथ काफी समय व्यतीत किया उन्होंने कहा कि संत का जो स्वभाव होता है वह गुण कहीं ना कहीं से सदरी बाबा जैसे पूर्ण आत्मा के रूप में विराजमान थी और उनकी जो इच्छा थी वह कहीं ना कहीं से स्वप्न के माध्यम से मेरे कानों तक पहुंची और उनके पुत्रों ने मुझे इस बात की जानकारी दी आज मैं इस वजह से इस परिवार के साथ अपना समय दे पा रहा हूं महाराज श्री ने अपने उद्बोधन में कहा की संत स्वभाव के जो प्राणी होते हैं उनकी शरीर आत्मा से अलग होती है, ना की आत्मा आत्मा नश्वर है और संत के शब्द व संत इस धरती से दूर नहीं होते आज इस अवसर पर सदरी बाबा के पुत्र सदरी बाबा इंडियन गैस के संचालक सवार्नंद गिरी छोटे पुत्र दिलीप गिरी माता संतरा देवी अंजू गिरी सहित क्षेत्र के गणमान्य लोगों में रणजीत सिंह भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला पंचायत सदस्य अवधेश यति शिवानंद सिंह झुन्ना राम कृत गिरी शिवपूजन गिरी देवनाथ गिरी रामदुलार राम संदीप कुमार गगनदीप बिंद्रेश गिरी अजीत गिरी धुरेदर गिरी राजेश गिरी उर्फ पप्पू गिरी नंदू गिरी सहित गांव क्षेत्र के तमाम सम्मानित लोग आज महाराज श्री के साथ अपनी श्रद्धांजलि सदरी बाबा को देने के लिए उपस्थित रहे।

# पैसा लेकर गहना नहीं दे रहा था स्वर्णकार, दुकान पर हुआ बवाल दोनों पक्ष पहुंचे थाने

पहल टुडे, कमलेश यादव



गाजीपुर। जखनियां स्थानीय कस्बे में शाम करीब 6 बजे उस समय हड़कंप मच गया जब कस्बे में आभूषणों की दुकान किए स्वर्णकार ने 112 नंबर पर फोन करके बताया कि महिला दुकान से गहना व मोबाइल लेकर भाग रही है जिस पर तत्काल पुलिस हरकत में आई और महिला को बाजार में स्टेशन के पास पकड़ लिया जिस पर महिला ने बताया कि राजू चौहान पुत्र रामलगन चौहान निवासी रईसपुर रामपुर बलभद्र सोनार गली में आभूषण की दुकान किए हैं जो आभूषण बनाने के लिए 6 माह पहले मुझे 64 हजार रुपए फोन पे द्वारा दिया गया बाकी 6000 नगद दी लेकिन आज तक वह मुझे आभूषण बनाकर नहीं दिए रोज-रोज दौड़ा रहे थे जिस पर आज महिला दुकान पर आई तो राजू चौहान का लड़का आकाश चौहान बैठा था उस महिला ने आभूषण मांगा और आभूषण सहित उसकी मोबाइल लेकर जाने लगी और आकाश से कहीं की वह अपने पापा से बात कर ले वह मेरा पैसा छह माह पहले जो जमा किए वह पैसा लेकर मेरे घर आए और अपना आभूषण लेकर जाएं सूचना मिलने पर पहुंची भुडकुडा पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने लेकर गई जहां बातचीत की जा रही है इस बारे में प्रभारी निरीक्षक शैलेश कुमार मिश्रा से पूछने पर उन्होंने कहा कि मामला जानकारी में है दोनों पक्ष बैठकर बातचीत कर रहे हैं अभी किसी पक्ष द्वारा कोई तहरीर नहीं दी गई है।

# जलालपुर चट्टी पर टिमटिम वस्त्रालय का महामंडलेश्वर भवानी नंदन यति के कर कमलों द्वारा हुआ भव्य उद्घाटन

पहल टुडे, कमलेश यादव







गाजीपुर। जखनिया विकासखंड स्थित जलालपुर चट्टी पर टिम टिम वस्त्रालय का पूज्य महामंडलेश्वर भवानी नंदन यति महाराज के कर कमलों द्वारा उद्घाटन संपन्न हुआ वही बताते चलें कि आज टिमटिम वस्त्रालय के प्रोपराइटर चंदन यति द्वारा महाराज जी से आग्रह करने पर उनके वस्त्रालय का उद्घाटन करने के लिए पहुंचे विधिवत पूजा पाठ के साथ महाराज श्री ने फीता काटकर वस्त्रालय का शुभारंभ कराया आज इस कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा की महाराज जी द्वारा उद्घाटन करने के बाद अपने साथ चल रहे सेवादारों व मुख्य पुजारी के लिए भी उन्होंने वस्त्रालय से वस्त्र खरीदे वस्त्र खरीदते समय सारे लोग एक टक देख रहे थे कि आखिरकार महाराज श्री इतने वस्त्र जो खरीद रहे हैं वह किसके लिए लगभग21000 का वस्त्र खरीद कर उन्होंने सबके कौतूहल को तोड़ते हुए कहा कि मेरे साथ पुजारी व मेरे सेवादार और मेरे शुभचिंतक इन सभी लोगों के परिवार हैं इनके लिए यह हमारी तरफ से भेंट है महाराज जी के हर कार्यक्रम की चर्चा तो होती रहती है आज इसकी भी चर्चा खूब रही की महाराज जी जो कार्य करते हैं वह दिल से करते हैं वही इस कार्यक्रम में महाराज श्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि वैसे तो मैं किसी उद्घाटन वगैरह में नहीं जा पाता पर आज चंदन यति के आग्रह पर मुझे इस वस्त्रालय के उद्घाटन में आना पड़ा और कहीं न कहीं से मेरे आने का मुख्य कारण जो गुरु शिष्य की परंपरा चली आ रही है उसी नाते यह लोग मेरे शिष्य हैं और उनके आग्रह पर आज मैं इन लोगों के बीच उपस्थित हुआ हूं आज के इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व जिला पंचायत सदस्य अवधेश यति आचार्य आमोद पांडे प्रवीण यति आशुतोष यति मरछू यती आदित्य यति आशीष यति उर्फ आजाद पूर्व प्रधान छेदी सिंह जखनिया विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रहे वरिष्ठ नेता रामदुलार राम धुरंधर गिरी शिवानंद सिंह झुन्ना कार्यक्रम के संचालन करता राजेश उर्फ पप्पू यति सहित हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरूईन पर चिकित्सीय व्यवस्थाएं बदहाल, वर्षों से गिरी चारदीवारी का अब तक नहीं हुआ निर्माण

- गांव के सामने स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित किए गए हैं। सभी स्वास्थ्य केन्द्र पर नियुक्त डॉक्टर नहीं बैठते हैं। अधिकांश चिकित्सक गायब ही रहते हैं।





पहल टुडे,सलीम अहमद

गाजीपुर जमानियां। कोतवाली क्षेत्र के बरूईन गांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर चिकित्सीय व्यवस्थाएं जहां बदहाल हो गई हैं। वहीं वर्षों पहले गिरी चारदीवारी का अबतक निर्माण नहीं कराया गया। मंगलवार को हिन्दुस्तान टीम ने अस्पताल की पड़ताल की। कई जगह मरीजों के स्वास्थ्य परीक्षण के समय सफाई ठीक ठाक नहीं रहा। केंद्र पर कार्यरत चिकित्सक कभी आते तो कभी नहीं आते डाक्टरों की मनमानी आसपास के गांव निवासी ग्रामीणों से छुपा नहीं है। वीरेंद्र कुमार, इमरान नियाजी, मुस्ताक राईन, पंकज निगम, संसार सिंह, उपेंद्र सिंह, मनोज पांडेय, शशिकांत जायसवाल, जहांगीर खान आदि ग्रामीणों ने बताया कि बरूईन गांव के सामने स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित किए गए हैं। सभी स्वास्थ्य केन्द्र पर नियुक्त डॉक्टर नहीं बैठते हैं। अधिकांश चिकित्सक गायब ही रहते हैं। फिर भी गायब चिकित्सकों की हाजिरी भी कर्मियों की ओर से लगा दी जाती। उन्होंने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरूईन (Badraon CHC) का निर्माण 5 फरवरी 2008 को हुआ था। उस समय राज्य सरकार के तत्कालीन राजस्व मंत्री फागू चौहन ने इसके निर्माण की आधारशिला रखी थी। लेकिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरूईन दिन पर दिन बद से बदतर हो गई है। तैनात डाक्टर मौजमस्ती के साथ केंद्र पर आते और नहीं भी आते। कुछ पूछने वाला विभागीय अधिकारी तैयार नहीं रहता। जिसके चलते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से मरीज और अभिभावक मुंह मोड़ने लगे है। सीधे कस्बा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर जांच और इलाज कराते रहते है। उन्होंने बताया कि 4 डाक्टरों सहित लगभग 50 कर्मचारियों की तैनाती होने के बाद भी बदहाल बनी हुई है। वर्षों से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की चारदीवारी गिरा हुआ है। लेकिन गिरे चारदीवारी की मरम्मत कराने के लिए विभागीय स्तर पर अबतक कार्यवाही नहीं किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक दुर्व्यवस्था से छुटकारा दिलाने में रुचि नहीं ले रहे है। जिसके कारण डाक्टरों के नहीं मिलने पर सीधे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर जांच और इलाज करा रहे है। इस संबंध में केंद्र अधीक्षक डॉ, रुद्रकांत सिंह ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान अगर कमियां पाई गई। तो सम्बंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# पहलगाम में हाइब्रिड आतंकी हमला...

जम्मू कश्मीर पहलगाम पर्यटन स्थल में सेना की वर्दी में आए चार पांच आतंकवादियों ने पर्यटन पर स्टील बुलेट से हमला कर 26 भारतीय तथा दो विदेशियों की निर्मम हत्या कर दी है। यह पुलवामा आतंकी हमले के बाद का सबसे बड़ा हमला है 28 मृतकों में अधिकांश पर्यटक हैं इसमें दो विदेशी तथा दो स्थानीय लोग शामिल है इसमें एक आईबी अफसर भी शामिल है। ज्ञात हो इस हमले की जिम्मेदारी टीआरएफ( दी रेसिस्टेंट फ्रंट ) आतंकी संगठन ने अपने ऊपर ली है टीआरएफ संगठन लश्कर तैयबा पाकिस्तानी आतंकवादी संगठन है जिसको पाकिस्तान की सरकार और आई एस आई का खुला समर्थन प्राप्त है एवं पाकिस्तान सेना इन्हें हथियार तथा धन मुहैया कराती है। यह हमला स्टील बुलेट से किया गया स्टील बुलेट चीन द्वारा पाकिस्तान सेना को युद्ध के लिए दी जाती है और यह स्टील बुलेट पाकिस्तान सुना ने लश्कर तैयबा के लड़ाकू आतंकवादियों को इस घटना को अंजाम देने के लिए दी गई थी। दुखद बात यह है कि आतंकवादियों ने पर्यटकों से उनका धर्म पूछ पूछ कर पुरुषों को गोली मारी एवं महिलाओं को को छोड़कर उनसे कहा गया है कि अपनी सरकार को बता देना। इन सभी मृतक पर्यटकों में महाराष्ट्र राजस्थान उड़ीसा छत्तीसगढ़ एवं देश के अन्य राज्यों के निवासी शामिल है। जिस घोड़े के रेसकोर्स मैदान में निर्दोष पर्यटकों को मारा गया वहां पूरे मैदान में कहीं छुपने की जगह भी नहीं थी ऐसे में पर्यटक असहाय तथा असमर्थ थे। कुल मिलाकर यह एक दर्दनाक एवं निर्मम हत्याकांड को आतंकवादियों द्वारा अंजाम दिया गया है ऐसे में अब आतंकवादियों तथा उनकी सोच को समूह नष्ट किया जाना चाहिए। यह आलेख लिखते समय जानकारी मिली है कि अनुसार दो आतंकवादियों को सेना के जवानों ने मार गिराया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस घटना की निंदा कर भारत को संपूर्ण समर्थन का वादा किया है दूसरी तरफ रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन एवं फ्रांस, कनाडा, इंग्लैंड एवं अन्य यूरोपीय देशों ने भी भारत का समर्थन किया है। यह हमला भी ऐसे समय में किया गया है जब अमेरिका को राष्ट्रपति वेंस सामरिक तथा व्यापारिक अनुबंधों पर चर्चा एवं हस्ताक्षर करने चार दिन की यात्रा पर भारत पधारे हैं, इसके अलावा वक्फ बोर्ड पर मुसलमान लगातार हड़ताल कर रहे हैं साथ ही प्रधानमंत्री सऊदी अरब की 2 दिन की यात्रा पर हैं। यह ऐसे समय टीआरएफ ने जानबूझकर चुना जिसमें सरकार का ध्यान इन पर ना जा सके।

# गुरुकुल से गूगल तक



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

सुबह-सुबह जब मोबाइल के अलार्म ने कर्कश आवाज में नींद को तोड़ा, तो सबसे पहले नजर एक मैसेज पर पड़ी झ बच्चे का भविष्य उज्ज्वल बनाइए, सिर्फ चार लाख रुपए में। इसे पढ़ते ही ऐसा लगा, जैसे भविष्य उज्ज्वल होने से पहले ही अंधकार में डूब गया हो। यही हाल हर सुबह के अखबार का होता है झ हर कोने में चमचमाते विज्ञापन, जैसे शिक्षा अब एक जादुई किट हो, जो खरीदी जा सकती है। गांव की पाठशाला में बैठ-कर मिट्टी के फर्श पर अपने भविष्य की कल्पना करने वाले बच्चे अब वातानुकूलित कक्षाओं में भी वही सपने देख रहे हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि वहां पर गुरुजी होते थे और यहां फीस स्लिप। पढ़ोगे लिखोगे बनोगे नवाब वाला मुहावरा अब पढ़ोगे जितना, लगेगा उतना में तब्दील हो गया है। शिक्षा का व्यवसायीकरण हो चुका है, जैसे ज्ञानभी अब ईएमआई पर मिल रहा हो। मालूम हुआ कि दिल्ली के एक नामी स्कूल ने यूनिफॉर्म डिजाइन के नाम पर बच्चों को फैशन शो का प्रतिभागी बना दिया। सवाल यह है कि विद्या का मंदिर क्या अब रैंप वॉक बन चुका है? पुराने जमाने की सादा सफेद शर्ट और खाकी निकर आज ब्रांडेड टाई और स्मार्टफोन ऐप में सिमट गए हैं। शिक्षा के नाम पर यह व्यापार इतना जबरदस्त है कि माता-पिता अपनी महीने की सैलरी स्कूल की फीस भरने में ही गवां देते हैं। और इन स्कूलों के आयोजनों में बच्चे देश का भविष्य हैंकहने वाले वक्ता खुद के बच्चों को विदेश भेज चुके होते हैं। हाँ, यह वही लोग हैं, जो देशभक्ति का झंडा बुलंद करते समय किसी डिक्शनरी में नैतिकता को खोज रहे होते हैं। गांव के उस मास्टर-रजी का क्या हुआ, जिनके पढ़ाए बच्चे आईएएस, डॉक्टर और इंजीनियर बने? उनका संघर्ष और तपस्या क्या सिर्फ इसीलिए बेमानी हो गई, क्योंकि उन्होंने बच्चों से कभी भाव के दस्तावेजनहीं मांगे? यही सोचते-सोचते एक सवाल आया आज शिक्षा का स्तर ऊंचा है या सिर्फ फीस की स्लिप भारी हो गई है? और फिर, शिक्षा के डिजिटल रूपांतरण ने तो सभी सीमाएं पार कर दी हैं। गुरु अब गूगल बन चुका है। छात्र प्रश्न पूछते नहीं, बल्कि सर्च करते हैं। स्कूल अब ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म बन चुके हैं, और टीचर की जगह एआई की स्मार्ट टेक्नोलॉजी बच्चों को पढ़ाती है। लेकिन क्या उस एआई में मास्टरजी की वह डांट है, जो बच्चों को सुधार देती थी? या वह प्यार, जो होमवर्क न करने पर भी चॉकलेट दे दिया करता था? कहानी का यह अंत वही है, जो हर मिडिल क्लास माता-पिता की पीड़ा का होता है। उनके सपने बच्चे के स्कूल बैग के वजन तले दब जाते हैं, और वे सोचते हैं कि कहीं फीस भरने के चक्कर में उनके बच्चे का मासूम बचपन न छूट जाए।

# भारत के यात्रा पर आए अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने भी पहलगाम आतंकी हमले पर संवेदना प्रकट की



लेखकः अशोक भाटिया

यह मान लेना सुरक्षित है कि चर्चा बहुत ही चंचल माहौल में हुई थी। संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल के बाद से, अंतरराष्ट्रीय कूटनीति ने एक नए आयाम पर ले लिया है। व्हाइट हाउस में, ट्रम्प के सबसे करीबी सहयोगी एलोन मस्क के बेटे और बेटी, मेहमानों के सामने खेल रहे हैं, उनके एक दर्जन से अधिक बच्चों में से एक उनके वास्तविक सिर पर बैठा है, दूसरे को अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा तैयार किया जा रहा है, और किसी और को शाही अतिथि के रूप में खेला जा रहा है, और ट्रम्प का पारिवारिक स्तर पर अंतरराष्ट्रीय कूटनीति लाने का प्रयास राजनीति में पारिवारिक संस्थानों के महत्व को रेखांकित करता है। क्षेत्र में ट्रम्प का अनुभव काफी व्यापक है।





जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले को लेकर भारत की यात्रा पर आए अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने दुख जताया है. उन्होंने एक्स पर पोस्ट में पीड़ितों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की और इस हमले को बेहद दुखद बताया. साथ ही कहा कि हमारी भावनाएं और प्रार्थनाएं यहां के लोगों के साथ हैं. जेडी वेंस चार दिन की भारत यात्रा पर सोमवार को ही भारत पहुंचे थे. उन्होंने एक्स पर कहा, श्उषा और मैं भारत के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के पीड़ितों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं. पिछले कुछ दिनों में हम इस देश और इसके लोगों की खूबसूरती से अभिभूत हो गए हैं. इस भयानक हमले में हमारी भावनाएं और प्रार्थनाएं उनके साथ हैं. यही नहीं जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की चौतरफा निंदा हो रही है. साल 2019 में हुए पुलवामा हमले के बाद कश्मीर घाटी में हुआ से सबसे बड़ा हमला है, जिसने एक बार फिर से झकझोर कर रख दिया है. दहशतगर्दों की इस कायराना हरकत ने 30 लोगों की जान ले ली. देश ही नहीं बल्कि दुनियाभर के तमाम देशों ने घटना पर दुख जाहिर करते हुए इसकी निंदा की है. हम बात कर रहे थे अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री मोदी और उपराष्ट्रपति वेंस ने द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति की समीक्षा की और उसका सकारात्मक मूल्यांकन किया.बताया जाता है कि जेडी वेंस और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच हुई बातचीत से दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों में उल्लेखनीय प्रगति दिखी।दूसरा प्रधानमंत्री के सामने एक बैठक में वेंस के पहुंचने की तस्वीरें आज जारी की गईं। यह देखते हुए, यह मान लेना सुरक्षित है कि चर्चा बहुत ही चंचल माहौल में हुई थी। संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल के बाद से, अंतरराष्ट्रीय कूटनीति ने एक नए आयाम पर ले लिया है। व्हाइट हाउस में, ट्रम्प के सबसे करीबी सहयोगी एलोन मस्क के बेटे और बेटी, मेहमानों के सामने खेल रहे हैं, उनके एक दर्जन से अधिक बच्चों में से एक उनके वास्तविक सिर पर बैठा है, दूसरे को अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा तैयार किया जा रहा है, और किसी और को शाही अतिथि के रूप में खेला जा रहा है, और ट्रम्प का पारिवारिक स्तर पर अंतरराष्ट्रीय कूटनीति लाने का प्रयास राजनीति में पारिवारिक संस्थानों के महत्व को रेखांकित करता है। क्षेत्र में ट्रम्प का अनुभव काफी व्यापक है, और मस्क कम से कम चार ज्ञात परिवारों का अनुयायी है। वेंस बचपन से अपने बच्चों के लिए ट्रम्प-मस्क के कूटनीति के उपयोग का अनुकरण करते हैं। वैसे भी। यह मामला हो सकता है, लेकिन प्रधान मंत्री-उपराष्ट्रपति की यात्रा पर कोई आधिकारिक संयुक्त बयान जारी नहीं किया गया है। हालांकि, दोनों पक्षों ने कहा कि वार्ता 'बहुत सार्थक' रही। अब इस 'फला' की व्याख्या करने की जरूरत है। इस बात का खुलासा खुद वेंस ने जयपुर में अपने भाषण में किया। भारत को अमेरिका से ज्यादा से ज्यादा हथियार मिलें, अमेरिकी उत्पादों के लिए ज्यादा से ज्यादा बाजार मिले, भारत अमेरिकी अनाज से ज्यादा से ज्यादा एथेनॉल खरीदे, भारतीय वाहनों में अमेरिकी एथेनॉल का इस्तेमाल शुरू करे, हमारे एफ-35 विमान भारत की रक्षा में निर्णायक भूमिका निभाएंगे। वेंस की यात्रा के पीछे का आर्थिक विचार परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में अमेरिकी कंपनियों को अधिक आसान पहुंच प्रदान करना है, ताकि भारत भारतीय ऊर्जा सुरक्षा के लिए बड़े पैमाने पर अमेरिकी ईंधन उत्पादों का उपयोग कर सके। उन्होंने कहा कि आने वाली सदी भारत और अमेरिका के बीच होगी और दोनों देशों को 'समान सिद्धांत' पर व्यापार बढ़ाना चाहिए। समाज-सम्मत। मकसद है कि दोनों देशों के बीच जल्द से जल्द ट्रेड डील हो जाए। उपराष्ट्रपति वेंस की भारत यात्रा इसी के अनुरूप थी। वांस ने कहा कि बैठक के दौरान व्यापार समझौते पर अच्छी प्रगति हुई, वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि अक्टूबर दोनों देशों के बीच पहले समझौते को वास्तविकता में बदलने का समय होगा। ऐसा लगता है कि वेंस की भारत यात्रा में इस मुद्दे पर प्रगति करने में कम से कम चार से पांच महीने लग गए हैं, जिसका अर्थ है कि अगर यह संयुक्त यात्रा के लिए नहीं होती और अपेक्षित प्रगति हुई होती, तो समझौते में और देरी होती। क्योंकि ट्रम्प के अनुसार, भारत अमेरिकी सामान उतना नहीं खरीदता जितना वह संयुक्त राज्य अमेरिका को बेचता है। ट्रम्प का कहना है कि भारत-अमेरिका व्यापार उनके लिए फायदेमंद है और संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए वरदान है। संयुक्त राज्य अमेरिका जोर देकर कहता है कि भारत को संयुक्त राज्य अमेरिका से अधिक उत्पाद खरीदकर इस व्यापार असंतुलन को दूर करना चाहिए। ट्रम्प ने हाल ही में इस उद्देश्य के लिए भारतीय उत्पादों पर 26 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया है। उन्होंने अभी के लिए इस पर 90 दिनों की रोक लगा दी है। अधिस्थगन अवधि के दौरान दोनों देशों के बीच व्यापार समझौतों को फिर से लिखे जाने की उम्मीद है। दूसरे शब्दों में, इस अवधि के दौरान भारत के अमेरिकी उत्पादों के प्रवाह को बढ़ाने की जरूरत है। इसे कितना बढ़ाना चाहिए? हाल ही में समाप्त हुए वित्तीय वर्ष में, दोनों देशों के बीच व्यापार घाटा 41 अरब डॉलर रहा, जो पिछले साल 3,533 अरब डॉलर और उससे पहले 2,768 अरब डॉलर था। इसका मतलब यह है कि भारतीय उत्पाद अमेरिका में अधिक बेचे जाते हैं, जैसा कि ट्रम्प कहते हैं।

# जम्मू कश्मीर पहलगाम टूरिस्टों पर आतंकी हमला-पूरी दुनियाँ ने भारत के समर्थन में आतंकवाद के खिलाफ उठाई आवाज



लेखकः किशन भावनानी

सभी चैनलों पर डिबेट, एक्सपर्ट की राय, व एनालिसिस को सुनकर, मैंने उसका विश्लेषण कर यह आर्टिकल तैयार किया हूं। बता दें पूरे विश्व में इस घटना को सीरियस एंगल से लिया गया है तथा तीव्र निषेध किया हैं।जहां एकओर हमारे गृहमंत्री तुरंत घटनास्थलपर रवाना होकर कश्मीर में एक हाई लेवल मीटिंग रात करीब 12-1 बजे तक लिए, जिसमें हमारे पीएम भी ऑनलाइन उपस्थित थे और फिर गृह मंत्री पहलगाम के लिए रवाना हुए, तो वही हमारे माननीय पीएम जो सऊदी अरब की यात्रा पर थे, यह घटना सुनकर आमंत्रित रात्रि भोज में भी ना जाकर, सऊदी अरब दौरा बीच में छोड़कर व रात्रि कश्मीर में हुई।




वैश्विक स्तरपर हर देश के लिए आतंकवाद एक नासूर बन गया है, जिसका दंश अनेक बार अनेकों देश झेल चुके हैं और झेल भी रहे हैं, जिसका अधिक भुक्तभोगी भारत भी रहा है। आज हम फिर आतंकवाद पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि दिनांक 22 अप्रैल 2024 को शाम अनंतनाग जिले के पहलगाम की घाटियों में, जहां एक घासभरा मैदान है, वहां कुछ दूर पैदल जाकर ही पहुंचा जा सकता है,जहां रेस्टोरेंट वगैरा भी है अचानक कुछ आतंकवादियों का एक गुट आया और टूरिस्ट से उनका नाम जाति पूछ पूछ कर अंधाधुंध गोलियां दागी जिसमें निर्दोष लोग करीब 27 से अधिक टूरिस्टों की मौत होने व अनेकों घायल होने की जानकारी 22 अप्रैल शाम से डिजिटल तथा इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया पर लगातार चल रही है जो 23 अप्रैल 2025 तक अर्ली मॉर्निंग तक मैं खुद करीब 18 घंटों तक इलेक्ट्रॉनिक व डिजिटल संसाधनों से जुड़ा रहा। सभी चैनलों पर डिबेट, एक्सपर्ट की राय, व एनालिसिस को सुनकर, मैंने उसका विश्लेषण कर यह आर्टिकल तैयार किया हूं। बता दें पूरे विश्व में इस घटना को सीरियस एंगल से लिया गया है तथा तीव्र निषेध किया हैं।जहां एकओर हमारे गृहमंत्री तुरंत घटनास्थलपर रवाना होकर कश्मीर में एक हाई लेवल मीटिंग रात करीब 12-1 बजे तक लिए, जिसमें हमारे पीएम भी ऑनलाइन उपस्थित थे और फिर गृह मंत्री पहलगाम के लिए रवाना हुए, तो वही हमारे माननीय पीएम जो सऊदी अरब की यात्रा पर थे, यह घटना सुनकर आमंत्रित रात्रि भोज में भी ना जाकर, सऊदी अरब दौरा बीच में छोड़कर व रात्रि कश्मीर में हुई,हाई प्रोफाइल मीटिंग में भी ऑनलाइन जुड़े रहे तथा अर्ली मॉर्निंग वापस आकर बुधवार दिनांक 23 अप्रैल 2025 को सुबह केबिनेट कमिटी ओंन सिक्योरिटी (सीसीएस) में भी मौजूद रहे व अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से भी वातालर्प करने की जानकारी आई है। बता दें इस घटना की निंदा अमेरिका रूस इसराइल सऊदी अरब यूक्रेन ब्राजील सहित अनेक देशों ने ट्वीट करके की है, तथा मुश्किल की घड़ी में भारत के साथ होने की बात कही है।भारतीय पीएम दौरे पर सऊदी अरब हुए हैं। भारत में चार दिवसीय दौरे पर मौजूद अमेरिका के उपराष्ट्रपति ने भी घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है। मेरा मानना है कि अब समय आ गया है कि नक्सलवाद मावोवाद को जिस तरह समाप्त करने की डेडलाइन 31 मार्च 2026 तक की गई है, अब इस तरह कश्मीर घाटी में आतंकवाद समाप्त करने की भी डेड लाइन घोषित करने की जरूरत है ताकि एक रणनीति के अनुसार आतंकवादियों को आत्मसमर्पण के लिए प्रेरित करना या फिर उन्हें कड़ी सजाका सामना करना पड़े।यानें आरोप लगने पर या पकड़े जाने पर उनकी सुनवाई, अन्य राज्यों में न्यायालयों मैं की जानी चाहिए तथा इसके पीछे स्लीपिंग आतंकी चेहरे या गुट उजगार करना आर्थिक, कमर तोड़ना,पोषण कराने वाले पड़ोसीमुल्क पर आर्थिक सामाजिक, नैतिक, अंतरराष्ट्रीय व जरूरत पड़ने पर हथियारों करना समय की मांग है, ताकि यह संदेश जाए कि अब भारत पहले वाली स्थिति में नहीं रहा, जब कि अब ईट का जवाब पत्थर से व तिल का जवाब पहाड़ से देने की स्थिति रखता है। कुल मिलाकर मुझे ऐसा महसूस होता है कि आतंकवाद की उल्टी गिनती शुरू होने की संभावना बढ़ गई है, क्योंकि अब अति सख्त रणनीति बनाई जा सकती है। उधर आतंकवादी नरसंहार के विरोध में कश्मीर के बार काउंसिल, डोडा काउंसिल डोडा शिक्षा विभाग, अनेक लोकल संगठनों व संस्थाओं ने 23 अप्रैल 2025 को बंद का आह्वान किया है,क्योंकि नागरिक बहुत रोष में है, जहां जगह-जगह कैंडल मार्च में शांति मोर्चा निकाला जा रहा है, अभी अमरनाथ यात्रा जो कुछ दिनों में शुरू होने वाली है उसमें दहशत का माहौल बनाया जा रहा है, इसलिए अब इस घटना का जवाब देना जरूरी हो गया है।चूँकि पहलगाम टूरिस्टों पर आतंकी हमला, 27 से अधिक मृत,अनेकों घायल, अमेरिका रूस सहित पूरा विश्व संकट की घड़ी में, भारत के साथ खड़ा है पूरी दुनिया ने भारत के समर्थन में आतंकवाद के खिलाफ आवाज उठाई है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्धजानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत में नक्सलवाद माओवाद समाप्ति की डेड लाइन 31 मार्च 2026 की तरह जम्मू कश्मीर में भी आतंकवाद समाप्त होने की डेडलाइन पर सटीक निर्णय लेना समय की गंभीर मांग है। साथियों बात अगर हम जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को शाम टूरिस्टों पर अंधाधुंद गोली चलाकर आतंकवादी हमले की करें तो, कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे आतंकियों द्वारा की गई गोलीबारी में करीब 27 लोगों की मौत हो गयी। आतंकी हमले में मारे गये लोगों में ज्यादातर पर्यटक थे। यह हमला 2019 के पुलवामा हमले के बाद घाटी में सबसे घातक हमला बताया जा रहा है।

# क्या है देश के अपमान की परिभाषा



लेखिकाः निर्मल रानी

इसीलिये इन्हें नेहरू गाँधी परिवार की बातों में ही 'बतंगड़' बनाने की सामग्री तलाशनी होती है। खासकर राहुल गाँधी जो बातें अपने देश में भी करते हैं यही बात यदि वे विदेश में जाकर करें तो इन्हें यह सब 'विदेशी धरती पर देश का अपमान करना' नजर आता है। वैसे भी राहुल गाँधी ने अमेरिका में बोस्टन की ब्राउन यूनिवर्सिटी में जाकर कौन सी ऐसी नई बात कह दी या नया आरोप लगा दिया जो वे यहाँ संसद से लेकर अपनी जनसभाओं या पत्रकारों के समक्ष नहीं उठाते रहे हैं ? वे अनेक बार भारतीय चुनाव आयुक्त और चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठा चुके हैं। वहां भी उन्होंने चुनाव आयोग पर समझौता करने का आरोप लगाया और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मतदान के आंकड़ों में गड़बड़ी का वही दावा किया जो यहाँ भी कई बार कर चुके हैं।



कांग्रेस नेता व सांसद राहुल गांधी देश विदेश में कहीं भी बोलते हैं तो उनके एक एक शब्द पर सत्ताधारी दल के नेताओं के कान लगे होते हैं। शायद भारतीय जनता पार्टी के नेता प्रधानमंत्री के भाषण को भी इतने गौर से न सुनते हों जितने कि राहुल गाँधी व सांसद प्रियंका गाँधी व सोनिया गाँधी के भाषण सुने जाते हों। जाहिर है लगभग 11 वर्ष तक केंद्र में सरकार चलाने के बावजूद चूँकि अभी भी नेहरू गाँधी परिवार वर्तमान सत्ता को सीधे तौर पर चुनौती दे रहा है और संसद से लेकर सड़कों तक सत्ता से ऐसे सवाल पूछ रहा जिसका जवाब देने से सत्ता कतराती रहती है। इसीलिये इन्हें नेहरू गाँधी परिवार की बातों में ही 'बतंगड़' बनाने की सामग्री तलाशनी होती है। खासकर राहुल गाँधी जो बातें अपने देश में भी करते हैं यही बात यदि वे विदेश में जाकर करें तो इन्हें यह सब 'विदेशी धरती पर देश का अपमान करना' नजर आता है। वैसे भी राहुल गाँधी ने अमेरिका में बोस्टन की ब्राउन यूनिवर्सिटी में जाकर कौन सी ऐसी नई बात कह दी या नया आरोप लगा दिया जो वे यहाँ संसद से लेकर अपनी जनसभाओं या पत्रकारों के समक्ष नहीं उठाते रहे हैं ? वे अनेक बार भारतीय चुनाव आयुक्त और चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठा चुके हैं। वहां भी उन्होंने चुनाव आयोग पर समझौता करने का आरोप लगाया और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मतदान के आंकड़ों में गड़बड़ी का वही दावा किया जो यहाँ भी कई बार कर चुके हैं। फिर आखिर वही बात विदेश की धरती पर करने से वे देशद्रोही, गद्दार,देश के दुश्मन और न जाने क्या क्या कैसे हो गये ? आज के सूचना प्रौद्योगिकी इंटरनेट के दौर में क्या ऐसा संभव है कि कोई घटना या कोई वक्तव्य किसी सीमा तक सीमित रखा जा सके? जब युद्ध के मैदान से सीधी खबरें पलक झपकते पूरे विश्व में पहुँच जाती हैं तो मीडिया सम्बोधन में तो वैसे भी विश्व के संवाददाता मौजूद रहते हैं। सब कुछ 'लाईव ' चल रहा होता है। फिर यह तो बहुत ही बचकानी सी बात है कि राहुल ने यह बात विदेश में क्यों कह दी ? और इसी बहाने सत्ता सुख भोगने वालों ने अपने आका को न केवल अपनी 'आक्रामक सक्रियता ' जताने के लिये बल्कि अपने पद व राजनैतिक भविष्य को सुरक्षित रखने के लिये राहुल गांधी के प्रति तरह तरह के अपशब्द कह डाले। इस तिलमिलाहट के एक मायने तो यह भी हैं कि यही आरोप राहुल गाँधी भारत में ही लगायें तो कोई बात नहीं,आपत्ति केवल यह है कि उन्होंने यह सब अमेरिका में जाकर क्यों कह दिया ? दरअसल राहुल गांधी ने पिछले दिनों अमेरिकी ब्राउन यूनिवर्सिटी में अपने संबोधन में कहा था कि - श्यह बिल्कुल स्पष्ट है कि चुनाव आयोग ने समझौता कर लिया है और सिस्टम में कुछ गड़बड़ है। मैंने यह कई बार कहा है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महाराष्ट्र में वयस्कों की संख्या से ज्यादा लोगों ने मतदान किया। चुनाव आयोग ने हमें शाम 5:30 बजे तक के मतदान के आंकड़े दिए और शाम 5:30 बजे से 7:30 बजे के बीच 65 लाख मतदाताओं ने मतदान कर दिया ? ऐसा होना शारीरिक रूप से असंभव है। एक मतदाता को मतदान करने में लगभग 3 मिनट लगते हैं और अगर आप गणित लगाएं तो इसका मतलब है कि सुबह 2 बजे तक मतदाताओं की लाइनें लगी रहीं। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जब हमने उनसे वीडियोग्राफी देने के लिए कहा तो उन्होंने न केवल मना कर दिया, बल्कि उन्होंने कानून भी बदल दिया ताकि हम वीडियोग्राफी के लिए न कह सकें।यही सवाल कांग्रेस व विपक्ष द्वारा संसद में मीडिया में और चुनाव आयोग के सामने भी उठाये जा चुके हैं। और विदेशी मीडिया अनेक बार इसकी रिपोर्टिंग भी कर चुका है। अमेरिकी अखबार पूर्व में जहां भारत जैसे विशाल और जटिल देश में बड़े पैमाने पर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की क्षमता ,भारतीय चुनाव आयोग की इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (एश्ट) जैसी तकनीकी प्रगति व मतदाता जागरूकता अभियानों की तारीफ कर चुके हैं वहीं इन्हीं अमेरिकी अखबारों द्वारा 2019 और 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाने वाले लेख भी लिखे जा चुके हैं। द वाशिंगटन पोस्ट और न्यूयॉर्क टाइम्स जैसे प्रमुख अखबारों द्वारा अपने लेखों में भारतीय चुनाव आयोग पर सत्तारूढ़ दल (विशेष रूप से भारतीय जनता पार्टी) के प्रति कथित पक्षपात के आरोपों का जिक्र किया जा चुका है।

## संपादक के नाम पत्र

### सशक्त पंचायतों से ही बनेगा विकसित राष्ट्र

भारत गांवो का देश है। यहां की बहुसंख्यक आबादी आज भी गांवों में रहती है। भारत के गांव ही देश की अर्थव्यवस्था की मुख्य धूरी है। इसीलिए कहा जाता है कि जब तक देश कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत नहीं होगी तब तक भारत विकसित राष्ट्र नहीं बन पाएगा। गांव में सुशासन स्थापित करने के लिए ही ग्राम पंचायत की स्थापना की गई थी। हमारे देश के नेताओं को ग्रामीण पृष्ठभूमि का पूरा ज्ञान था। इसलिए उन्होंने गांव के महत्व को समझकर ग्रामीण क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए पंचायती राज व्यवस्था की स्थापना की थी। उनको पता था कि जब तक गांव मजबूत नहीं होंगे तब तक देश मजबूत नहीं होगा। गांव को मजबूत करने के लिए यहां मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना सबसे महत्वपूर्ण कार्य था। आजादी के समय भारत के गांव बहुत पिछड़े हुए थे। देश के अधिकांश गांवों में मूलभूत सुविधाओं के नाम पर कुछ नहीं था। मगर आज गांवों की व्यवस्था भी बहुत कुछ बदल गई है। आज देश के बहुत से गांव में शहरों की भांति सुविधा देखने को मिल रही है। लेकिन आज भी देश में हजारों ऐसे गांव है जहां पर्याप्त मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पाई है। जब तक सरकार देश के सभी गांव में समान रूप से सुविधा उपलब्ध नहीं करवा पाएगी तब तक देश विकास की दौड़ में पूरी गति से शामिल नहीं हो पाएगा। हम आज पंचायती राज दिवस मना रहे हैं। हमारे देश में 2 अक्टूबर 1959 को पहली बार पंचायती राज व्यवस्था लागू की गई थी। 1993 में त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था को संवैधानिक दर्जा प्राप्त हुआ था। राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस भारत में बहुत महत्व रखता है क्योंकि यह एक संवैधानिक इकाई के रूप में पंचायती राज प्रणाली की स्थापना का प्रतीक है। पंचायती राज प्रणाली भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका उद्देश्य स्थानीय स्तर पर सत्ता और संसाधनों का विकेंद्रीकरण करना और सहभागी लोकतंत्र, सामाजिक न्याय और समावेशी विकास को बढ़ावा देना है। पंचायती राज प्रणाली जमीनी स्तर पर लोगों को निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में भाग लेने और उनके विकास का स्वामित्व लेने में सक्षम बनाती है, जो स्व-शासन और जवाबदेही को बढ़ावा देने में मदद करती है। भारत गांवों का देश माना जाता है और गांव के विकास में पंचायतों की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होती है। चूंकि ग्राम पंचायतों के पंच व सरपंच सीधे ग्रामीणों द्वारा चुने जाते हैं। इसलिए निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का अपनी ग्राम पंचायत क्षेत्र के लोगों से सीधा संपर्क रहता है। ग्रामवासी भी अपनी समस्याएं सीधे पंचायत तक पहुंचा सकतें है। मगर ग्राम पंचायतों की स्थापना के इतने वर्षों के बाद भी अभी तक ग्राम पंचायते वास्तविक रूप में सशक्त नहीं हो पाई है।



रमेश सर्राफ धमोरा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक कृष्ण कुमार तिवारी द्वारा कार्यालय डी-146, मिडॉस विस्टा, राजनगर एक्सटेंशन गाजियाबाद से प्रकाशित एवं पहल टुडे प्रेस 1056, सिद्दीकी नगर, विकास नगर गाजियाबाद (उ. प्र.)पिन 201003 से मुद्रित।
संपादकः अर्चना तिवारी। RNI No. UPHIN/2020/79772 मोबाईल नं. 8510022385, email: editorpahaltoday@gmail.com नोटः सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र जिला गाजियाबाद रहेगा।

# हिस्ट्रीशीटर प्रकरणों में सही पैरवी की जाए तथा कोई भी मुजरिम सजा पाने से ना छूटे:- डीएम जसजीत कौर

पहल टुडे




बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में बुद्धबार की शाम कलेक्ट्रेट सभागार में एनसीओआरडी की जिला स्तरीय समिति, अभियोजन एवं जिला कारागार के कार्यों एवं पोस्टमार्टम के लिए सम्बन्धित मासिक विवरण पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने निर्देश दिए कि हिस्ट्रीशीटर प्रकरणों में सही पैरवी की जाए और कोई भी मुजरिम सजा पाने से ना छूटे। उन्होंने निर्देश दिए कि पॉक्सो एक्ट के तहत प्रकरणों की पूर्ण गंभीरता और सजगता के साथ जांच कर आख्या प्रस्तुत करें ताकि पीड़िता को न्याय और दोषी को सजा मिल सके।

उन्होंने निर्देश दिए कि वादों के प्रकरणों के निस्तारण में अपेक्षित तेजी लाएं ताकि लम्बित प्रकरणों का निराकरण किया जाना सम्भव हो सके। उन्होंने जिला आबकारी अधिकारी को निर्देश दिए कि जिले के समस्त क्षेत्रों में एंटी नारकोटिक्स गतिविधियों पर नियंत्रण रखने के लिए विशेष अभियान चलाएं और इस अभियान की स्वयं निगरानी करें। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि चैकिंग आदि के दौरान पकड़े गए मादक पदार्थों का विनष्टीकरण त्वरित रूप से कराना सुनिश्चित करें, जिससे उक्त मादक पदार्थों का दुरूपयोग होने की सम्भावना न रहे।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि नारकोटिक्स तथा मादक पदार्थों की तस्करी व अवैध व्यापार में संलिप्त संदिग्ध व्यक्तियों को चिन्हित करते हुए, उन पर सतर्क निगरानी रखी जाये।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक शहरी संजीव बाजपेयी, अभियोजन अधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी सहित सभी डीजीसी एवं संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### भूलेख की वेबसाइड खराब होने से किसानों के जरूरी काम रुके

नगीना। भूलेख के वेबसाइड खराब होने के कारण भूलेख कम्प्यूटर कक्ष के फर्द खतौनी में कृषक जरूरी कामों के लिए अपने खेत की फर्द खतौनी निकलवाने व राजस्व अभिलेखों में दर्ज नामों को ठीक कराने के लिए रोजाना तहसील पहुंचकर खाली हाथ वापस जा रहे है। तहसील परिसर में बने भूलेख कम्प्यूटर कक्ष में कृषक अपने जरूरी कामों के लिए खेत की फर्द खतौनी निकलवाने व राजस्व अभिलेखों में दर्ज नामों को दर्ज कराकर ठीक कराने के लिए रोजाना गांवों से अपनी मजदूरी व खेतों के कामों को छोड़कर तहसील पहुंचते हैं लेकिन वहां पर करीब एक सप्ताह से कम्प्यूटर की साइड ना चलने पर सुबह से शाम तक अपना सारा समय खराब करके व बिना बिना काम कराए ही मायूस होकर घर लौट रहे हैं। जब इस सम्बन्ध में वहां बैठे कृषक साहु विपिन अग्रवाल से पूछा तो उन्होंने बताते हुए कहा कि चार पांच दिन से रोजाना फर्द खतौनी लेने के लिए चक्कर लगा रहा हूं। भूलेख प्रभारी मोहित सक्सेना का कहना है कि कम्प्यूटर साइड लगभग 6-7 दिन से मेंटिनेंस पर जाने के कारण नहीं चल पा रही है कभी कभी ट्राई के लिए।

# पुरानी पेंशन बहाली के लिए यदि संगठित होकर संघर्ष करेंगे तों मिलेंगे सुखद परिणामः चंद्रहास सिंह

पहल टुडे



बिजनौर। उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के कर्मचारी करेंगे विशाल प्रदर्शन में प्रतिभाग उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ की विकासखंड बिजनौर में मंडलीय मंत्री रूपेश कुमार की अध्यक्षता एवं जिलाध्यक्ष अश्विनी कुमार के संचालन में पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर आगामी 1 मई को अटेवा के राष्ट्रीय आह्वान पर दिल्ली जंतर-मंतर पर विशाल प्रदर्शन की सफलता को लेकर जिला कार्यकारिणी की बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि सरकार ने शिक्षकों एवं कर्मचारियों के संघर्ष की बदौलत एनपीएस मे अनेक सुधार किए और संघर्ष की बदौलत ही सरकार ने एनपीएस एवं यूपीएस का विकल्प देकर शिक्षकों एवं कर्मचारियों को गुमराह करने का कार्य किया है जब तक पुरानी पेंशन बहाली नहीं होगी तब तक संघर्ष जारी रहेगा। आगामी 1 मई को देश भर के शिक्षक एवं कर्मचारी विशाल प्रदर्शन में प्रतिभाग करेंगे। उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के मंडलीय मंत्री रूपेश कुमार ने कहा कि अटेवा पुरानी पेंशन बहाली के संघर्ष को बड़ी ईमानदारी से कर रहा है आगामी 1 मई हमे जुम्मेदारी के आंदोलन में अपना सहयोग एवं समर्थन देना है। संयुक्त राज्य कर्मचारी परिषद के जिला कोषाध्यक्ष जयप्रकाश पाल ने कहा कि आगामी 1 मई को उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ की ओर से बड़ी संख्या में कर्मचारी प्रतिभाग करेंगे। बैठक में जिला संरक्षक संदीप कुमार राजवंश जिला मंत्री दीपक चौटाला जिला उपाध्यक्ष संजीव कुमार ब्लॉक अध्यक्ष श्रवण कुमार दीपक देव समर सिंह चतर सिंह नरवेश कुमार ताराचंद अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

# दहेज की मांग करते हुए शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताडित करने पर मुकदमा दर्ज

पहल टुडे

● **शादी में उसके मायके वालों ने अपनी हैसियत के अनुसार दहेज दिया था। परन्तु दिए गए दहेज से उसके ससुराल वाले खुश नहीं थे। अतिरिक्त दहेज मांग करते हुए उसे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताडित करने लगे।**

नहटौर। क्षेत्र के ग्राम फिरोजपुर निवासी सलोनी पुत्री खूब सिंह ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसकी शादी 17 फरवरी 2017 को चांदपुर क्षेत्र के ग्राम किरतपुर निवासी जौनी पुत्र रविंद्र सिंह के साथ हुई थी। शादी में उसके मायके वालों ने अपनी हैसियत के अनुसार दहेज दिया था। परन्तु दिए गए दहेज से उसके ससुराल वाले खुश नहीं थे। अतिरिक्त दहेज मांग करते हुए उसे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताडित करने लगे। गृहस्थी बनाए रखने के लिए वह प्रताड़ना बर्दाश्त करती रही। इस दौरान उसको एक पुत्र भी हुआ। बताया कि उसका भाई की सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। कई माह तक बैड पर रहने के बाद उसकी मौत हो गई थी। वारिसान की हैसियत से उसकी पत्नी, दोनों बच्चों व माता-पिता को क्लेम की धनराशि मिली थी। आरोप है कि आरोपियों ने उक्त धनराशि उन्हें लाकर देने के लिए उसे प्रताड़ित किया तथा 20 जून 2024 को एक प्लॉट, एक गाड़ी, बीस लाख रुपये नकद व उसके पिता के दो घरों के से एक घर की मांग करते हुए उसे मारपीट करते हुए मासूम पुत्र यश सहित घर से निकाल दिया। धमकी दी कि अगर मांग पूरी कराए बगैर घर आई तो उसे जिंदा नही छोड़ेगें। उसी दिन से वह अपने मायके में ही रह रही है। समझाने पर भी आरोपी नहीं माने। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस ने पति जौनी, ससुर रविन्द्र कुमार, सास गुड्डी देवी, देवर शिवम कुमार, ममेर ससुर कोमल के विरूद्ध मुकदमा दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### दो पक्षों में चला पथराव, एक वृद्ध महिला की मौत, दोनो पक्षो के आधा दर्जन लोग घायल

नहटौर। नगीना रोड स्थित गांव पुट्ठी पुट्ठा में दो पक्षों में संघर्ष हो गया। जिसमें दोनों पक्षों की तीन महिलाओं सहित आधा दर्जन लोग घायल हो गए। वहीं एक वृद्धा की मौत हो गया। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव पुट्ठी पुट्ठा में दीवार में खुट्टी गाढ़ने को लेकर अंकुश तथा विजेन्द्र पक्ष में गाली गलौज हो गई। विवाद इतना बढा कि दोनों ओर से जमकर लाठी डंडे चले तथा पथराव शुरू हो गया। पथराव में एक पक्ष के रामरती 75 वर्ष पत्नी होशियार सिंह, अंकुश 30 वर्ष पुत्र होशियार, रीता 26 वर्ष पत्नी अंकुश, प्रियंका 20 वर्ष पत्नी जय सिंह तथा दूसरे पक्ष के सुनिल 55 वर्ष पुत्र खेम सिंह, विजेन्द्र 45 वर्ष पुत्र खेम सिंह, पिंकी 45 वर्ष पत्नी विजेन्द्र गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां रामरती को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं, सभी घायलों की हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रैफर कर दिया। पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा भरकर मोर्चरी भेज दिया। सीओ धामपुर सर्वम सिंह ने भी सीएचसी पहुंचकर घटना के विषय में जानकारी ली।

# गैस चूल्हे के पाइप में आग लगने से रसोई के छप्पर में लगी आग, एक महिला व 2 वर्षीय बच्ची झुलसी

पहल टुडे



रेहड़। खाना बनाते समय गैस चूल्हे से एक झोपड़ी की रसोई में आग लग गई। आग की चपेट में आकर एक 55 वर्षीय बीमार महिला और 2 वर्षीय बालिका झुलस गई। दोनों को सीएचसी अफजलगढ़ में भर्ती कराया गया है। रेहड़ के मोहल्ला लक्ष्मण नगर निवासी सरदार त्रिलोक सिंह पुत्र अर्जुन सिंह अत्यंत गरीब है। सरदार त्रिलोक सिंह अपनी 55 वर्षीय बीमार पत्नी राजकौर के साथ टीन शैड के एक छोटे से कमरे में रहते हैं। कमरे के दरवाजे के आगे उन्होंने छप्पर की रसोई बना रखी थी। दुर्घटना में चोट लगने के कारण सरदार त्रिलोक सिंह की पत्नी राजकौर चलने फिरने में अक्षम है। माता-पिता की सेवा के लिए उनकी विवाहित पुत्री मनदीप कौर अपनी 2 वर्षीय पुत्री कु जसप्रीत कौर के साथ अपने मायके में रह रही थी। बुधवार दोपहर लगभग 11:30 बजे सरदार त्रिलोक सिंह की विवाहित पुत्री मनदीप कौर झोपड़ी की रसोई में खाना बना रही थी वहीं चारपाई पर उसकी 55 वर्षीय बीमार मां राजकौर और 2 वर्षीय पुत्री कु जसप्रीत लेट रही थी। खाना बनाने के लिए मनदीप कौर ने जैसे ही गैस चूल्हा जलाया चूल्हे के पाइप ने आग पकड़ ली चूल्हे और पाइप से आग की लंबी-लंबी लपटें उठीं और रसोई के छप्पर में आग लग गई। मनदीप कौर ने घर से बाहर निकलकर शोर मचाना शुरू कर दिया। इसी दौरान मनदीप कौर की बीमार मां राजकौर और 2 वर्षीय पुत्री जसप्रीत कौर आग की चपेट में आकर झुलस गई। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे हरीश कश्यप, राजेंद्र कश्यप, भोला वाल्मीकि आदि युवकों ने कड़ी मशक्कत कर 55 वर्षीय राजकौर और 2 वर्षीय कु जसप्रीत कौर को बाहर निकाला और गरम हुए सिलेंडर को पास में ही स्थित तालाब में फेंक दिया। आग से रसोई में रखा हजारों रुपए का सामान और राशन जलकर राख हो गया। गनीमत रही कि आग से सिलेंडर नहीं फटा अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और 108 एम्बुलेंस से झुलसी महिला राजकौर और 2 वर्षीय बालिका जसप्रीत कौर को सीएचसी अफजलगढ़ भिजवाया जहां दोनों का उपचार चल रहा है।

# प्रेमविवाह के बाद पत्नी को जबरन ले जाने का आरोप, युवक ने थाने में दी तहरीर



पहल टुडे

स्योहारा। पति ने उसकी पत्नी को जबरन उठाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस के तहरीर सौपी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम सबदलपुर निवासी मोहम्मद अनस ने अपनी पत्नी को जबरन ले जाने का आरोप लगाते हुए स्योहारा थाने में तहरीर दी है। युवक का कहना है कि उसका प्रेम प्रसंग एक युवती से था और दोनों बालिग हैं। उन्होंने 17 अप्रैल को सामाजिक लोगों की मौजूदगी में निकाह किया था। अनस का आरोप है कि 23 अप्रैल की दोपहर करीब 1:30 बजे उसकी पत्नी के परिजन और कुछ अज्ञात लोग हाथों में हथियार लेकर उसके घर में घुसे और उसकी पत्नी को मारपीट कर जबरन कार में बैठाकर ले गए।

आरोप है कि वे लोग लाठी-डंडों और तमंचों से धमका रहे थे, जिससे किसी अनहोनी की आशंका है।

अनस ने पुलिस से पत्नी को सकुशल बरामद करने और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### बाइको की भिड़ंत में दोनों बाइक सवार घायल एक गम्भीर

नगीना। दो बाइकों की आमने-सामने की हुई टक्कर में दोनों चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद एक घायल को जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया। घटनाक्रम के अनुसार स्थानीय मोहल्ला लाल सराय निवासी अमन पुत्र शूजाउद्दीन 18 वर्ष बाइक द्वारा रायपुर दिशा की ओर से घर लौट रहा था जब वह बढ़ापुर रायपुर तिराहे पर पहुंचा तभी सामने से बाइक से जा रहा विशाल कुमार पुत्र धर्मवीर 20 वर्ष निवासी आलेअलीपुर दोनों की आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें दोनों ही बाइक चालक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलो को राह्गीरों की मदद से सीएचसी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां से विशाल कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद चिंताजनक हालत में जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। अमन को उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

### नाबालिग पुत्री को सवा दो तोला सोने के जेवर व 15200 की नकदी सहित फुसलाकर ले जाने का आरोप

नहटौर। एक गांव निवासी एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 20 अप्रैल को उसकी नाबालिग पुत्री बिना किसी को कुछ बताए घर पर रखे सवा दो तोला सोने के जेवर व 15200 की नकदी लेकर कहीं चली गई। तलाश करने पर पता लगा कि ग्राम मिजार्पुर जसमौरा निवासी साजिद पुत्र नाजिर अपने भाई नवाजिस व बहनोई गांव हबीबवाला निवासी कुतुब्बुद्दीन पुत्र फरीद अहमद की मदद से उसे बहला फुसलाकर ले गया। पीड़िता ने पुत्री की बरामदगी की गुहार लगाई है। पुलिस ने मुकदमा दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### चार घंटे की मशक्कत के बाद घर से निकला तेंदुआ, वन विभाग की टीम ने ली राहत की सांस

गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)। गोला वन रेंज क्षेत्र में मंगलवार की सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक तेंदुआ खेतों की ओर से भटककर एक ग्रामीण के घर में जा घुसा। चार घंटे तक पूरे गांव में अफरातफरी का माहौल बना रहा। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने सतर्कता से काम लेते हुए।

# हज यात्रा पर जाने वाले आजमीनो के लिए आयोजित हुआ प्रशिक्षण एवं टीकाकरण कैम्प

पहल टुडे




शेरकोट। हज यात्रा पर जाने वाले आजमीनो की सेवा के लिए नगर के आर यू एम उच्चतर माध्यमिक स्कूल में हज प्रशिक्षण एवं टीकाकरण कैम्प में का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 34 हज यात्रियों का टीकाकरण किया गया। बुधवार को आर०यू०एम० उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में आयोजित कैम्प में हज ट्रेनर डाक्टर जाकिर ने हज पर जाने वाले आजमीनों को विस्तार से हज के अरकान समझाये और उनको अहराम बांधने का तरीका समझाया। उन्होंने हज यात्रियों को शुरू से आखिर तक के रहने, सहने और खान-पीन आदि की जानकारी दी।

वही स्कूल के प्रबंधक फुरकान महमूद अंसारी ने हज आजमीनो को हज यात्रा की जानकारी देते हुए कहा कि हज यात्री अपने साथ ज्यादा सामान ना लेकर जायें और अपने साथियों के साथ ही रहें। कैम्प में लगभग 34 हज आजमीनो का टीकाकरण किया गया। कैम्प का शुरू करने से पहले हाफिज अब्दुल गफ्फार ने तिलावते पाक से कैम्प की शुरूआत की। इस मौके पर प्रधानाचार्य शमशाद हुसैन, अबरार अहमद मंसूरी, हाफिज अब्दुल गफ्फार, जावेद अंसारी, रईस सैफी, डाक्टर इकबाल और अन्य लोग मौजूद रहे।

टीकाकरण में चिकित्सक टीम में इपीडेम्योलोजिस्ट डाक्टर सैय्यद अली शाकिर और अन्य चिकित्सक शामिल रहे।

### एक महिला ने अपने पति तथा उसके परिजनों पर मारपीट का लगाया आरोप

नहटौर। क्षेत्र के ग्राम बल्ला शेरपुर निवासी देवकी पुत्री अमर सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर अपने पति तथा उसके परिजनों पर मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस को दी तहरीर में देवकी ने बताया कि उसके पति अर्जुन पुत्र रामौतार निवासी ग्राम मंजूपुरा थाना धामपुर के किसी औरत से अवैध संबंध हैं। वह उसे अपने साथ रखने से मना कर रहा है। साथ ही उसके परिजनों से पैसे दिलवाने का दवाब बना रहा है। जिसके चलते वह अपने मायके में आई हुई है। आरोप है कि मंगलवार को अर्जुन उसके मायके में आया तथा उसके साथ मारपीट की। उसे जान से मारने व छोडने की धमकी दी। बताया कि वह अपना मेडिकल कराने सीएचसी गई तो आरोपी अर्जुन अपने भाई सचिन व पिता रामौतार को साथ लेकर वहीं पहुंच गया तथा तीनों ने मिलकर उसके पिता अमर सिह तथा माता महेन्द्री के साथ भी मारपीट की। पीड़िता ने अपने ससुराल वालों से जान का खतरा बताया है। पुलिस ने मुकदमा दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# प्रधानाचार्य कैलाशचंद ने छात्र छात्राओं से संतुलित आहार लेने का आहवान किया

पहल टुडे



गंज। श्री विदुर गुरु गृह इंटर कॉलेज दारानगर विदुर कुटी में पोषण पखवाड़ा के समापन के अवसर पर प्रधानाचार्य कैलाशचंद ने उपस्थित छात्र छात्राओं से संतुलित आहार लेने का आहवान करते हुए कहा कि प्रशासन द्वारा पोषण पखवाड़ा मनाने का उद्देश्य बच्चों में संतुलित आहार के प्रति जागरूकता लाना है। उन्होंने पोषण और कुपोषण में अंतर बताते हुए कहा कि कार्बोहाइड्रेट प्रोटीन वसा विटामिन मिनरल्स और जल पोषण में आते हैंऔर इनमें से किसी एक की कमी हो जाए तो वह कुपोषण की श्रेणी में आता है, परिणाम स्वरूप हम लोग रोग का शिकार हो जाते हैं। उदाहरण के लिए यदि हमारे अंदर आयरन की कमी हो जाती है तो हमारे शरीर में खून की कमी हो जाती है और हमारा शरीर थका थका सा रहने लगता है हमारे शरीर में स्फूर्ति की कमी आ जाती है तथा हम मेहनत का काम भी नहीं कर पाते हैं हमारा मन पढ़ाई में भी नहीं लगता है इसलिए हमें स्वस्थ रहने के लिए अपने पोषण पर विशेष ध्यान देना चाहिए विद्यार्थियो को दूध अवश्य पीना चाहिए क्योंकि मह एक संपूर्ण आहार है उप प्रधानाचार्य अखिलेश कुमार ज्ञानेद्र सिह ने भी पोषण पखवाड़ा के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए कार्यक्रम का संचालन अरुण त्यागी ने किया इस अवसर पर निरंजन लाल ओमप्रकाश दिनकर सिंह अखिलेश चन्द शर्मा रवि प्रकाश आर्य अनिल कुमार सुशील चौधरी राहुल कुमार देवेन्द्र कुमार संजय सक्सेना सुमित कुमार जसवीर सिंह सचिन कुमार श्रीमती बबीता सिंघल मेघना शर्मा प्रेरणा शर्मा दीना रानी सुषमा खन्ना विकासना छवि आदि उपस्थित रहे।

# व्यापार मंडल हल्दौर ने पहलगाम में आतंकी हमले पर रोष प्रकट किया

## जिलाधिकारी बिजनौर को सम्बोधित ज्ञापन थाना प्रभारी निरीक्षक को सौंपा

पहल टुडे




हल्दौर। नगर में व्यापार मंडल ने पहलगाम में निदोर्षो पर्यटकों पर आतंकी हमले की घोर निंदा करते हुए रोष प्रकट किया है। बुधवार को व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष वरुण कुमार अग्रवाल की अगुवाई में नगर के अनेक व्यापारी एकत्र हुए होकर थाना पहुंचे। व्यापारियों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों की गोली मारकर करीब दो दर्जन से अधिक लोगों के मारे जाने पर रोष प्रकट करते हुए निंदा की। व्यापारियों ने आतंकवादियों की गोलीबारी में मृतकों के लिए शोक संवेदना प्रकट की। व्यापारियों ने इस संबंध में डीएम बिजनौर जसजीत कौर के नाम थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए नृशंस आतंकी कृत्य का व्यापार मण्डल हल्दौर कठोर शब्दों में भर्तसना करता है। जिसमें निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाया गया। यह कृत्य न केवल अमानवीय है, बल्कि देश की एकता और अखंडता पर भी आघात है। उन्होंने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की हैं। साथ ही केन्द्र व राज्य सरकार से पीडित परिवारों को पूर्ण सहयोग करने व आतंकवादियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की मांग की है। इस अवसर पर वरुण अग्रवाल, अनूप कुमार अग्रवाल, महिपाल सिंह, राजकुमार, गोलू बाबा, जतिन कुमार, योगेंद्र कुमार, राकेश खुराना, दिनेश सांख्यांक आदि रहे।

# नल रिबोर तथा मरम्मत के नाम पर हर माह लाखों की हो रही निकासी

पहल टुडे

### भीषण गर्मी में पानी के लिए तरस रहे ग्रामीण तथा बच्चे

ईसानगर खीरीः लखीमपुर खीरी जिले के ईसानगर विकासखंड की ग्राम पंचायतों में, ग्रामीणों को इंडिया मार्का हैंडपंप से पानी पीना मुनासिब नहीं हो रहा है, लेकिन वहां के मुलाजिम अधिकारियों से साथ गांठ करके पैसे निकाल लेते हैं, ग्रामीणों ने इस संबंध में कई बार विकासखंड स्तर पर, तथा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई लेकिन विभागीय कारस्तानी के चलते ना तो जांच हुई और ना ही नालों का सुधार हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार ईसानगर विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत दारिगापुर के ग्रामीण बताते हैं कि करीब दो वर्षों से खराब पड़े नालों को ग्राम पंचायत द्वारा रिपेयर तथा रिबोर नहीं कराया गया है, जिस संबंध में ग्राम पंचायत सचिव राहुल भारती को कई बार अवगत कराया गया, मगर सुधार नहीं हुआ, तब ग्रामीणों द्वारा विकासखंड स्तर पर प्रार्थना पत्र देकर जिले सहित मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन उन शिकायतों को भी नजरअंदाज कर दिया गया, खराब पड़े नालों का सुधार नहीं हो सका, जबकि नल रिबोर तथा मरम्मत के नाम पर हर माह लाखों की धन निकासी होती है, वही जानकारी करने पर पता चला कि अभी 21 फरवरी 2025 को ग्राम पंचायत दारिगापुर से वर्मा मशीनरी स्टोर को 19362 रू, का पेमेंट, ओम एंटरप्राइजेज को 38724 रु,का पेमेंट, तथा जलालुद्दीन मिस्त्री को 28581रु,का पेमेंट दिया गया है, जिसके दो पेमेंट वाउचर लगाए गए है एक पेमेंट वाउचर 19362 का है, वही दूसरा पेमेंट वाउचर 67305 का है, जिसकी कुल रकम 86667 है ! वहीं ग्रामीण बताते हैं समस्या का समाधान न करना फोन ना उठाना यहां के पंचायत सचिव की फितरत है ! वही इस संबंध में जानकारी के लिए पंचायत सचिव राहुल भारती को कई बार फोन किया गया, मगर उनका फोन नही उठा पंचायत सचिव के फोन ना उठाने पर खंड विकास अधिकारी ईसानगर प्रदीप चौधरी से संपर्क किया गया, उनके द्वारा समस्या तथा शिकायत कर्ता को लकड़ी बताते हुए वही ऑफिस में बैठे पंचायत सचिव राहुल भारती को खंड विकास अधिकारी द्वारा तत्काल निर्देशित किया गया अति शीघ्र समस्या का समाधान करते हुए मुझे सूचित करें, साथ ही निर्देशित किया गया फोन उठाना तथा समस्याओं को सुनना तथा उनका समाधान करना भी सुनिश्चित हो, अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहे।



# वांछित दो नफर अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

पहल टुडे



ललितपुर। अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर व पुलिस उपमहानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झाँसी के निर्देश के क्रम में, पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक, अनिल कुमार एंव क्षेत्राधिकारी, सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में, जनपद में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना जखौरा पुलिस व स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा थाना जखौरा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 102/2025 धारा 3(1)/109(1)/351(3)/352 BNS के वांछित अभियुक्तगण- 1. ब्रजभान पुत्र रघुराज यादव उम्र करीब 52 बर्ष 2. रामराजा पुत्र ब्रजभान यादव उम्र करीब 28 बर्ष निवासीगण ग्राम नौहरखुर्द थाना जखौरा जनपद ललितपुर को नहर पुलिया ग्राम नौहरखुर्द से दिनांक 22.04.2025 को समय 22.00 बजे नियमानुसार गिरफ्तार किया गया । अभियुक्तगण की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त दो अदद कुल्हाड़ी बरामद की गयी है। अभियुक्तगण के विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुये, न्यायिक अभिरक्षा हेतु न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है घटना का विवरण में वादी मुकदमा श्री शेरसिंह पुत्र जयराम सिंह यादव उम्र करीब 52 वर्ष निवासी ग्राम नौहर खुर्द थाना जखौरा जनपद ललितपुर द्वारा थाना जखौरा पर प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि अभियुक्तगण द्वारा वादी के पिता जयराम यादव के साथ गाली-गलौज कर जान से मारने की नियत से घायल कर देना व वादी के पुत्र द्वारा बचाने पर जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में दिया गया था। प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 102/2025 धारा 109(1)/352/351(3) BNSमें अभियोग पंजीकृत किया गया था । घायल जयराम यादव उपरोक्त को उपचार हेतु थाना जखौरा पुलिस द्वारा जिला अस्पताल भेजा गया था , जहां से उसे मेडीकल कालेज झांसी रेफर कर दिया गया था, जिसकी दौराने उपचार मृत्यु हो गयी थी । प्राप्त पीएम रिपोर्ट के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में सुसंगत धारा की बढौत्तरी की गयी थी घटना की गंभीरता व संवेदनशीलता को देखते हुए घटना के अनावरण व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक, ललितपुर द्वारा क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में 04 पुलिस टीमों का गठन किया गया था , जिसमें थाना जखौरा पुलिस, स्वाट/सर्विलांस टीम, जनपद ललितपुर व जनपद के अन्य थाना/चौकी इन्चार्जो को भी लगाया गया था । गठित टीमों द्वारा अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार सघन चेकिंग अभियान चलाया गया , जिनके अथक प्रयास एवं सर्विलांस(टेक्निकली/मैनुअली) व अन्य एकत्रित साक्ष्यों की मदद से मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्तों 1.बृजभान 2.रामराजा उपरोक्त को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है अभियुक्त बृजभान ने पूंछने पर बताया कि करीब दो वर्ष पहले मेरी पत्नी खेत से वापस आ रही थी तभी मृतक जयराम के नाती अजीत पुत्र शेरसिंह ने मेरी पत्नी के साथ अभ्रदता की थी, जिसको लेकर मैं अजीत से मन ही मन रंजिश रखता था ।
मैं पिछले दो सालों से मौके की तलाश में था। दिनांक 19.04.2025 को जयराम अपने नाती अजीत के साथ इलाज कराने गया था । इस बात की जानकारी होने पर हम लोग गांव के बाहर उसके लौटने का इन्तजार कर रहे थे । जब शाम को वह लौट कर आया तो हमने कुल्हाडी से अजीत के ऊपर जान से मारने की नियत से हमला किया लेकिन वह बच गया और कुल्हाडी जयराम को लग गयी थी, जिससे जयराम गंभीर रूप से घायल हो गया था । तभी गांव के लोगो को आता देखकर हम लोग मौके से भाग गये थे । बाद में हमे पता चला कि जयराम की अस्पताल में मृत्यु हो गयी है, इसलिये हम लोग अभी तक जंगल में छिपकर बैठे थे , लेकिन आप लोगो ने हमें पकड़ लिया । साहब हमसे गलती हो गयी हमें मांफ कर दीजिये ।गिरफ्तारी व बरामदगी में शामिल पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक श्री हरिशंकर चन्द थाना जखौरा जनपद ललितपुर अतुल तिवारी प्रभारी स्वाट मय टीम जनपद ललितपुर अरूण पवार प्रभारी सर्विलांस ललितपुर मय टीम उ0नि0 विनोद कुमार थाना जखौरा जनपद ललितपुर । उ0नि0 मनीष कुमार थाना जखौरा हे. का. अरविन्द कुमार थाना जखौरा का. रंजीत सिंह थाना जखौरा जनपद ललितपुर शामिल रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 10 मई को होगा, तैयारीयों के लिए हुआ बैठक का आयोजन

पहल टुडे



ललितपुर- राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार एवं नरेन्द्र कुमार झा, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ललितपुर के तत्वाधान में यशवन्त कुमार सरोज , अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ललितपुर की अध्यक्षता में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 10.05.2025 के आयोजन के संबंध में जनपद के समस्त बैंको के साथ एक बैठक का आयोजन दिनांक 23.04.2025 को किया गया। बैठक में रंजीत कुमार प्रबन्धक लीड बैंक, सौरभ पाराशर प्रबन्धक पंजाब नेशनल बैंक ललितपुर, केदार नारायण सिंह प्रबन्धक बैंक ऑफ बडौदा, मनीष कुमार घोष प्रबन्धक यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया, मनीष कुमार त्रिपाठी प्रबन्धक एस0बी0आई0 , आशीष कुमार सिंह प्रबन्धक सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया, गोपाल विश्वकर्मा प्रबन्धक यूको बैंक, नीरज दीक्षित प्रबन्धक प्रथमा यू.पी. ग्रामीण बैंक, मनोहर यादव प्रबन्धक बैंक ऑफ इण्डिया, राजकुमार प्रबन्धक केनरा बैंक, मयंक वर्मा प्रबन्धक पंजाब एण्ड सिंध बैंक, अनुप सक्सेना प्रबन्धक इण्डियन बैंक, सौरभ भाटिया प्रबन्धक एक्सेस बैंक, राघवेन्द्र सिंह प्रबन्धक एच.डी.एफ.सी. बैंक ललितपुर आदि उपस्थित रहें।

बैठक में समस्त बैंको के प्रबन्धकों से यह अपेक्षा की गयी कि वह आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को नियत करें, जिससे आम जन राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ प्राप्त कर सकें।

## संक्षिप्त खबरें

### जैन मिलन अरिहंत शाखा ने लगाई पशुओं को पौशाला



ललितपुर। भारतीय जैन मिलन महिला अरिहंत शाखा ने आज जैन बड़ा मंदिर के निकट भीषण गर्मी को देखते हुए पशुओं को पीने के पानी की व्यवस्था की और सार्वजनिक पानी की टंकी रखवाई। इस मौके पर जैन बड़ा मंदिर प्रबंधक आनंद जैन भावनगर के अतिरिक्त अध्यक्ष मधु खजुरिया मंत्री मीना जैन, छाया सिघई,अंजना अलया, शोभा जैन,किरण सतभैया, जयन्ती अलया,सरोज दिवाकर,संध्या टड़या, संध्या नायक,अंकिता जैन,शशि कामरा, अर्चना जैन, सुधा जैन, सुमन चौधरी,रेखा जैन आदि मौजूद रहे।

### ओवर ब्रिज के निर्माण को लेकर नंदगंज पश्चिम क्रासिंग के पास विद्युत विभाग का कार्य शुरू



पहल टुडे,अजीत विक्रम

गाजीपुर। नंदगंज पश्चिम रेलवे क्रासिंग पर ओभर ब्रिज बनाने के सिलसिले में उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम लिमिटेड द्वारा पिलर का कार्य चल रहा है ।वही दूसरे तरफ आज दोपहर बाद नंदगंज विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता गजानंद चौधरी अपने सहयोगियों के साथ पश्चिम क्रासिंग के पूरब साइड में सड़क के किनारे लगे विद्युत खंभे को एलाइनगमेंट करने का कार्य किया जा रहा है। क्यूंकि ओवर ब्रिज बनने के बाद सर्विस लेन से लोगों का आवागमन आसानी से हो सके। जिस समय खंभे के एलाइनगमेंट का कार्य चल रहा था उसी समय कुछ देर के लिए जाम लग गया था क्यूंकि ओवर ब्रिज के पिलर बनाने का कार्य होने से वनवे सड़क से ही वाहनों का आवागमन होता है ।उसके कुछ ही समय में आवागमन सामान्य हो गया। अवर अभियंता श्री चौधरी के साथ लक्ष्मी नारायण पटेल, अरविंद यादव, ,शाहरुख,निखिल सिंह,इरफान आदि कर्मचारी थे।

### एका, में ब्राह्मण समाज के लोगो ने फूंका अनुराग कश्यप का पुतला दहन,

एटा ब्लॉक : फिल्म निमार्ता अनुराग कश्यप द्वारा सोशल मीडिया पर ब्राह्मण, समाज के खिलाफ दिए गए विवादित बयान के खिलाफ विरोध मे कस्बा एका में ब्राह्मण एकता मंच ने उग्र प्रदर्शन किया प्रदर्शनकारियों ने कस्बे में मुख्य चौराहे पर अनुराग कश्यप का पुतला लाकर पहले उस पर जूते चप्पल बरसाए और फिर आग के हवाले कर नारेबाजी की प्रदर्शनकारियों का कहना था कि ब्राह्मण समाज की पतिष्ठा को ठेस पहुंचने वाले ऐसे बयानों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा,

इस विरोध में प्रदर्शन का नेतृत्व ब्राह्मण एकता मंच के, एका ब्लॉक प्रभारी आंसू शर्मा, एवं, अध्यक्ष लकी दीक्षित, ने किया उनके मंच के अन्य पदाधिकारी अर्जुन दिक्षित, टीटू, नमन, कान्हा,हिमांशु, प्रियांशु, हिमांशु दीपक पांडे, अंकित शर्मा, और सचिन , कई ब्राह्मण समाज के युवा उपस्थित रहे,

विरोध कर रहे लोगों ने प्रशासन से अनुराग कश्यप के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की और चेतावनी दी के यदि ऐसे बयान भविष्य में भी दिए तो आंदोलन और अधिक व्यापक किया जाएगा।

# पुलिस ने दो अभियुक्तों को लाइसेंसी व अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया



पहल टुडे

हाथरस। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा हाथरस के आदेशानुसार फरार/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक हाथरस के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली नगर प्रभारी गिरीश चंद्र गौतम व पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए 1भीमा पहलवान पुत्र भूदेव सिंह नाई का नगला 2 रिंकू यादव पुत्र नरेश यादव मुहल्ला कोटला फिरोजाबाद को सादाबाद गेट तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया है । जिसके कब्जे से 01 तमंचा 315 बोर व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर, व लाइसेंन्सी रायफल 315 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर मय लाईसेंस बरामद हुए है। अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त भीमा पहलवान शातिर किस्म का अपराधी है। जो पूर्व मे भी जेल जा चुका है जिसके विरूद्ध कई अभियोग पंजीकृत है।

# एस.डी.पी.एस. इंटरनेशनल स्कूल ने कश्मीर आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों को दी श्रद्धांजलि

पहल टुडे



ललितपुर। एस.डी.पी.एस. इंटरनेशनल स्कूल में एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए 28 निर्दोष नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण एवं स्टाफ सदस्य एकत्र हुए और दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। सभा में देश की एकता और अखंडता के लिए संदेश दिया गया और विद्यार्थियों को आतंक के विरुद्ध खड़े होने व शांति का मार्ग अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय के चेयरमैन कमलेश चौधरी ने इस दुखद अवसर पर कहा हम कश्मीर में हुई इस हृदयविदारक घटना की कड़ी निंदा करते हैं। यह न केवल एक राज्य पर हमला है, बल्कि मानवता के मूल्यों पर आघात है। हमारे बच्चों को यह सीखना होगा कि हम सब मिलकर एक शांतिपूर्ण भारत का निर्माण करें। आज जो मासूम लोग इस हमले में मारे गए, उन्हें हमारी भावभीनी श्रद्धांजलि है। ईश्वर उनके परिवारों को यह दुख सहने की शक्ति दे। प्रधानाचार्य ने भी इस अवसर पर कहा कि ऐसे समय में बच्चों को यह समझाना जरूरी है कि हिंसा किसी समस्या का समाधान नहीं होती। हमें शिक्षा, प्रेम और सद्भाव के रास्ते पर चलकर समाज को आगे बढ़ाना चाहिए। विद्यालय के कक्षा 6 से 10 तक के छात्रों ने पोस्टर और शांति संदेश भी बनाए, जिनमें No to Terrorism We Stand With Kashmir", और Humanity First जैसे नारे शामिल थे। इस श्रद्धांजलि सभा ने सभी के मन को झकझोर दिया और यह संदेश दिया कि एस.डी.पी.एस. इंटरनेशनल स्कूल एक जिम्मेदार शिक्षण संस्थान होने के नाते देश और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों के लिए हमेशा तत्पर है।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार



पहल टुडे

आजमगढ़। बरदह थाना पर वादिनी द्वारा सूचना दिया गया कि सोनू विन्द पुत्र रामरतन बिन्द निवासी देवापुर थाना बरदह वादिनी से बात करती थी, जो वादिनी को शादी का झासा देकर कई बार शारिरिक सम्बंध बना चुका है इसी बीच मेरे घर वाले अप्रैल 2021 मे मुन्ना बिन्द पुत्र दलश्रिंगार बिन्द निवासी काफरपुर थाना सरायख्वाजा जिला जौनपुर से शादी कर दिये। वादिनी अपने ससुराल मे चार माह रह सोनू उपरोक्त द्वारा मेरे बारे मे मेरे पति मुन्ना को भला बुरा कह दिया जिस कारण मेरा तथा मेरे पति मुन्ना के बिच बाद विवाद व कलह होने लगी तत्पश्चात हमारी शादी का छुट्टी छुट्टा हो गया इसके बाद भी सोनू द्वारा शादी का झांसा देकर शारिरिक सम्बंध बनाया जब शादी करने के लिए कही तो सोनू शादी से इन्कार कर दिया सोनू की शिकायत जब उसकी माँ से बेला बिन्द व बहन रुमा बिन्द से किया तो वह दोनो मुझे गाली गुप्ता व जान से मार देने की धमकी देने लगे ।उ0नि0 उमेशचन्द्र यादव मय हमराह द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त सोनू बिन्द पुत्र रामरतन बिन्द ग्राम देवापुर ( लसडाखुर्द ) को लसडाखुर्द चौराहे क पास से गिरफ्तार किया गया।

# बाल कल्याण व संरक्षण के लिए पूरे मनोयोग से कार्य करें अधिकारी-डीएम

पहल टुडे,अजय बरया



ललितपुर। केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं व बालकों के समग्र विकास के लिए चलायी जा रहीं कल्याणकारी योजनाओं को ललितपुर में प्रभावी क्रियान्वय कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बुधवार को महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति मिशन वात्सल्य की बैठक में सम्बंधित अधिकारियों एवं समिति के सदस्यों को कड़े निर्देश दिये कि वह जनपद में नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व नारी स्वावलम्बन एवं बाल कल्याण व संरक्षण पर पूरे मनोयोग से कार्य करते हुए सरकारी योजनाओं से पात्रों को लाभान्वित करायें। उन्होंने मुख्यमंत्री सुमंगला योजना पर जोर देते हुए कहा कि इस योजना से प्रदेश व जनपद में समान लिंग अनुपात स्थापित करने, कन्या भ्रूण हत्या को रोकने, बालिकाओं के स्वास्थ्य व शिक्षा को सुदृढ़ करने, बालिकाओं के परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने तथा बेटी के जन्म के प्रति आमजन में सकारात्मक सोच विकसित करना है। इसलिए इस योजना की पात्रता के अनुसार शत-प्रतिशत नामांकन कराकर लाभ देना है। इसके लिए उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया है कि वह बेटी के जन्म के साथ आंगनबाड़ी, आशा एवं एएनएम के द्वारा माता-पिता को जागरुक कर ऑनलाइन आवेदन करायें, उन्होंने बीएसए को निर्देशित किया कि वह कक्षा-1 में बेटी क प्रवेश के साथ ही बेटी के माता-पिता को विद्यालय बुलाकर उनका आवेदन कराना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार उन्होंने पति की मृत्यु उपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजना के शत-प्रतिशत पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने हेतु जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देश दिये कि वह ऐसी मृत्यु के प्रमाण पत्र जारी होने की संख्या के सापेक्ष आवेदन करायें ओर उन्हें पेंशन का लाभ दें। बैठक के दौरान उन्होंन जनपद में बाल विवाह रोकने पर जोर देते हुए तहसील मड़ावरा व महरौनी सहित सभी दूरस्त ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम प्रधान, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, कोटेदार, पंचायत अधिकारी आदि क्षेत्रीय अधिकारी/कर्मचारी के साथ मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक कर उन्हें बाल विवाह रोकने की जिम्मेदारी दी जाए। उन्होंने जनपद में नशाखोरी पर चिंता व्यक्त करते हुए नशा पर अंकुश लगाने के लिए जनजागरुकता अभियान चलाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि एक-एक कर गांव को सभी प्रकार के नशों से मुक्त कराया जाए। बैठक के दौरान बालिका सौम्या सिंह को स्पोर्ट्स प्रैक्टिस किट प्रदान की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी कमलाकांत पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अशोक कुमार यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 इम्तियाज अहमद, क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रणवीर सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजेश कुमार बघेल, श्रम प्रवर्तन अधिकारी डीपी अग्रहरि, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल, जिला पर्यटक अधिकारी हेमलता, सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष राजकुमार जैन, सीडब्ल्यूसी सदस्य रविनारायण चौबे, बासुदेव, अर्चना सक्सेना, प्रताप नारायण गोस्वामी सहित विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# नवीन शैक्षणिक सत्र का नामांकन दर बढ़ाएं प्रिंसिपल-जिला विद्यालय निरीक्षक भाष्कर मिश्रा

पहल टुडे,अजीत विक्रम



गाजीपुर। राजकीय बालिका इण्टर कालेज, महुआबाग, गाजीपुर के सभागार में जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा समग्र शिक्षा माध्यमिक द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों पर चर्चा किया गया जिसमे जनपद के समस्त अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य/ प्रधानाचार्या/ प्रधानाध्यापक एवं प्रधानाध्यापक द्वारा बैठक में प्रतिभाग किया गया बैठक निम्न बिन्दुओ पर चर्चा किया गया- विषेश नामांकन अभियान के समबन्ध में प्रगति पर चर्चा भ्रमण के संबंध में विवरण और नामांकन में क्या-क्या चुनौतियों का सामाना करना पड़ा रहा है। प्रोजेक्ट अलंकार योजना के अन्तर्गत हो रहे निर्माण एवं नवीन प्रस्ताव के संबंध में विद्यालयों की सहमति के संबंध में चर्चा। यू-डायस$पोर्टल पर स्कूल प्रोफाईल एवं अध्यापक प्रोफाईल एवं स्टूडेण्ट प्रोफाईल दिनांकः 25.04.2025 तक अनिवार्य रूप से जीपी ईपी एवं एफपी पूर्ण करते हुए यू-डायस$ पोर्टल को सर्टिफाइड करना है एवं बच्चों का आपार आई0डी0 जेनरेट कराना। विद्यालयों में शैक्षिणिक कैलेण्डर के अनुसार सुचारू पठन-पाठन की कार्ययोजना पर चर्चा संचारी रोग के सम्बन्ध में इको क्लब फार मिशन लाईफ के अन्तर्गत लिंक पर रजिस्ट्रेशन और फत ब्वकमे वित थ्सवतं जेनरेट करने के सम्बन्ध में। इन्स्पायर अवार्ड दिव्यांग बच्चो का निः शुल्क नामांकन वर्ष भर शासन के निर्देश के अनुसार चलने वाले कार्यक्रमों में सबकी अनिवार्य रूप से सहभागिता पर चर्चा बैठक में भास्कर मिश्र, जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा विभिन्न गतिविधियों पर विशेष रूप से ध्यान आकृषित कराते हुए नवीन शैक्षणिक सत्र 2025-26 में नामांकन दर बढ़ाने हेतु निर्देश दिया गया उक्त बैठक में अरबिन्द कुमार सह जिला विद्यालय निरीक्षक, दिनेश कुमार यादव, प्रधानाचार्य राजकीय सिटी इण्टर कालेज, गाजीपुर, रागिनी, श्रीवास्तव प्रधानाचार्या राजकीय बालिका इण्टर कालेज, महुआबाग कुश कुमार राय, जिला समन्वयक, समग्र शिक्षा माध्यमिक एवं अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यगण/ प्रधानाध्यापकगण/प्रधानाध्यापिकागण एवं शशिकान्त यादव उपस्थित रहे है।

# यौन शोषण के आरोपी की मदद करने वाला आरोपी प्रधानाचार्य गिरफ्तार

पहल टुडे,अजय भारद्वाज

हाथरस/थाना हाथरस गेट, एसओजी टीम की संयुक्त कार्यवाही में पीसी बागला डिग्री कॉलेज हाथरस के यौन शोषण तथा वायरल अश्लील वीडियो/फोटो के प्रकरण मे पंजीकृत अभियोग में अपराध का दुष्प्रेरण व अभियुक्त रजनीश की सहायता करने के आरोपी प्राचार्य महावीर सिंह छोंकर को किया गिरफ्तार पुलिस अधीक्षक कार्यालय से थाना हाथरस गेट जनपद हाथरस पर एक पीडित छात्रा का छदम नाम से शिकायती प्रार्थना पत्र मय आडियो/वीडियो सीडी संलग्न सहित प्राप्त हुआ । जिसकी जाँच से पाया गया कि पीसी बागला डिग्री कालेज हाथरस मे नियुक्त भूगोल प्रवक्ता रजनीश कुमार द्वारा कालेज की अनेकों छात्राओं के साथ कालेज एवं अपने घर पर उनका यौन शोषण करते हुए शारीरिक दुष्कर्म किया गया है जिसके फोटो वीडियो स्वयं आरोपी प्रवक्ता रजनीश कुमार द्वारा अपने मोबाइल फोन एवं लैपटाप से बनाकर छात्राओं का निरंतर यौन शोषण किया गया है। उक्त संबंध में थाना हाथरस गेट पर नियुक्त उप-निरीक्षक सुनील कुमार, चौकी इंचार्ज आद्यौगिक क्षेत्र के द्वारा सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया गया। पुलिस अधीक्षक, हाथरस चिरंजीव नाथ सिन्हा महोदय द्वारा उक्त घटना को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए अपर पुलिस अधीक्षक, हाथरस अशोक कुमार सिंह के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर योगेन्द्र कृष्ण नारायण के नेतृत्व में टेक्निकल एवं इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस से सुसज्जित तीन टीमों का गठन कर सुसंगत साक्ष्य एकत्र कर अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था। टीमो द्वारा लगातार संभावित स्थानो पर अभियुक्त की तलाश की गयी। टीमों द्वारा कठिन परिश्रम व अथक प्रयासोपरान्त ग्राउन्ड इंटेलीजेंस, एसओजी / सर्विलांस सेल, साईबर थाना की टेक्निकल एड व प्राप्त अन्य लाभप्रद सूचनाओं से अभियुक्त रजनीश कुमार उपरोक्त को दिनांक 19.03.2025 की रात्रि में जनपद प्रयागराज के सुभाष चौक थाना क्षेत्र सिविल लाइन से तब गिरफ्तार किया गया था। उक्त अभियोग में पुलिस टीमो द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुये साक्ष्यो के आधार पर यह तथ्य संज्ञान में आये कि सेठ बाग्ला कालेज की पीडिताओं द्वारा अपने साथ किये गये यौन शोषण/अश्लील हरकतो की शिकायत जब प्राचार्य महावीर सिंह छोंकर की गयी तो इनके द्वारा धमकाते हुये कहा गया कि तुम बेवजह कॉलेज की बदनामी कराना चाहती हो यदि तुमने शिकायत किया तो तुम्हारा कैरियर बर्बाद हो जायेगा। यह कहते हुये प्राचार्य महावीर सिंह छोंकर ने पीडिताओं को अपने ऑफिस से डॉटकर भगा दिया। प्राचार्य द्वारा उक्त यौन शोषण और सम्बन्धित वीडियोज की जानकारी होने के बाद भी पहले तो कोई कार्यवाही नही की गयी और आरोपी प्रोफेसर रजनीश कुमार को बढावा दिया जाता रहा । वर्ष 2023 में प्रार्थना पत्र के माध्यम से जब यह बात प्रकाश में आई तो इनके द्वारा यौन उत्पीडन को रोकने के लिये बनाये गये यूजीसी के नियमो और विनियमो की अहवेलना करते हुये जानबूझकर जांच समिति का अध्यक्ष आरोपी रजनीश कुमार के विभाग के ही आरोपी रजनीश कुमार से जूनियर प्रवक्ता को जांच समिति का अध्यक्ष बनाया गया। ताकि आरोपी रजनीश कुमार के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही न की जा सके। पीडिताओं के यौन शोषण की जानकारी होने के बावजूद इनके द्वारा आरोपी प्रोफेसर को चीफ प्रॉक्टर बनाया गया ताकि आरोपी रजनीश कुमार बच्चियों पर मानसिक दबाव बनाकर उनका यौन उत्पीडन करता रहे और पीडिताओं द्वारा कोई शिकायत किसी सक्षम प्राधिकारी से न की जा सके। इस प्रकार आरोपी प्राचार्य ने न केवल पीडिताओं के यौन उत्पीडन और उनके वीडियो बनाने की बात को अपने पद व प्रभाव का इस्तेमाल कर जानबूझकर छिपाया बल्कि आरोपी रजनीश कुमार को जांच समिति से बरी कराने के लिये यूजीसी के मानको का उल्लंघन करते हुये।

# सामाजिक व आर्थिक सुधार लाने के लिए बिहार में लागू की गई शराबबंदी: श्रवण कुमार

## महजूदा के कजरहवा मैदान में आयोजित किया गया जेडीयू के विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन

पहल टुडे



भदोही। सुरियावां के भोरी महजुदा स्थित कजरहवा मैदान में जनता दल (यूनाइटेड) के जिला इकाई द्वारा विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आए बतौर मुख्य अतिथि बिहार सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री एवं जनता दल (यूनाइटेड) के उत्तर प्रदेश प्रभारी श्रवण कुमार ने कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि बिहार प्रांत हर क्षेत्र में विकास के पथ पर अग्रसर है। कहा बिहार में सरकार द्वारा कोई जाति व धर्म को देखकर काम नहीं किया जाता। सबको समान रूपी इज्जत दी जा रही है। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि बिहार में सामाजिक सुधार, आर्थिक सुधार को लाने के लिए शराबबंदी लागू की गई ताकि बिहार प्रदेश देश का नंबर वन प्रदेश कहलाया जाए। कहा बिहार में जब से शराब बंदी की गई है तब से वहां पर बड़ा बदलाव आया है। वहां के लोग दुध, मिठाई व रेडिमेड गारमेंट तथा अपने व्यवसाय में अग्रणीय भूमिका निभा रहे हैं। तथा उनके इस काम से वहां के लोगो मे खुशहाली आ गई है। श्री कुमार ने कहा कि बिहार सरकार ने महिलाओं को सम्मान देते हुए पंचायत चुनाव में 50 फीसदी आरक्षण देकर जिला पंचायत अध्यक्ष, सदस्य व मुखिया आदि बनने का मौका दिया। यही नहीं महिलाओं को पुलिस में भी भर्ती किया जा रहा है। विशिष्ट अतिथि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव पार्टी मजबूती के साथ लड़ेगी और वर्ष 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भी पार्टी अपने प्रत्याशियों को मैदान में उतारेगी। उन्होंने कहा कि आज जनपद भदोही से एक बूथ-दस यूथ जोड़ों अभियान की शुरूआत की जा रही है यह अभियान पूरे प्रदेश में चलाया जाएगा। कहा चौपाल लगाकर पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता जनता की समस्याओं को सुनें और उसका शासन व प्रशासन के स्तर से निराकरण कराए जाने का प्रयास करें। इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता दिवाकर सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष अमर सिंह कटियार, सुशील कश्यप, शैलेंद्र सिंह गहरवार, अभिषेक राय, सुशील पटेल, जयप्रकाश पटेल, संजय सिंह, निलेश शर्मा, संदीप पांडेय, मनोज दूबे, प्रदीप यादव, पंकज सिंह, शीबू खां, अशोक राय, आशीष दूबे, इब्राहिम अंसारी, सरस सिंह, सचिन पांडेय व संजय बिंद आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहें। अध्यक्षता पार्टी जिलाध्यक्ष सर्वेश राय व संचालन पार्टी के प्रदेश महासचिव डीएम सिंह गहरवार ने किया।

# दहेज के खिलाफ एक क्रांतिकारी कदम: गाजीपुर के पत्रकार ने बिना दहेज की शादी कर समाज को दिखाया नया रास्ता

पहल टुडे आंनद प्रजापति



गाजीपुर। समाज में प्रचलित दहेज प्रथा को समाप्त करने की दिशा में गाजीपुर के एक पत्रकार ने एक अनूठी मिसाल पेश की है। सादात थाना क्षेत्र के मिजार्पुर गांव के निवासी एक हिंदी दैनिक अखबार के पत्रकार अजीत पाण्डेय ने बिना दहेज के शादी करने का फैसला किया और बिहार के भोजपुर जिले में प्रेमनाथ पाण्डेय की पुत्री लक्ष्मी पाण्डेय से विवाह किया। अजीत पाण्डेय का यह कदम न केवल समाज में दहेज प्रथा के खिलाफ आवाज उठाता है, बल्कि पर्यावरण की दिशा में भी एक सशक्त पहल है।दहेज को ठुकराकर नई परंपरा की शुरूआत-यह विवाह समारोह बिल्कुल अलग था, जहां आमतौर पर दहेज की मांग की जाती है, वहीं अजीत पाण्डेय ने न केवल दहेज लेने से मना किया, बल्कि इस अवसर पर शादी के साथ-साथ पर्यावरण के लिए भी कुछ अच्छा करने का निर्णय लिया। अजीत पाण्डेय और उनकी पत्नी लक्ष्मी पाण्डेय ने शादी के दिन वृक्षारोपण किया, जिससे समाज को यह संदेश मिला कि हमें अपनी शादी को पारंपरिक रीति-रिवाजों से हटकर कुछ नया और सार्थक बनाना चाहिए।दहेज की प्रथा से मुक्त शादी की जरूरत - अजीत पाण्डेयआशंका बुलेटिन हिंदी दैनिक अखबार के पत्रकार अजीत पाण्डेय ने अपने इस कदम के बारे में कहा, ₹हमारे समाज में दहेज की परंपरा ने बहुत से परिवारों को कर्ज और मानसिक तनाव में डाल दिया है। मैंने यह तय किया था कि मेरी शादी बिना दहेज के होगी। शादी के लिए कोई कीमत नहीं होनी चाहिए। यह मेरी शादी का उद्देश्य था कि मैं समाज में यह संदेश दूं कि बिना दहेज के भी शादी की जा सकती है।₹उन्होंने आगे कहा, ₹मैं चाहता हूं कि मेरे इस कदम से समाज में बदलाव आए, और लोग यह समझें कि दहेज के बिना भी एक सशक्त और खुशहाल जीवन शुरू किया जा सकता है।₹वृक्षारोपण के जरिए पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी-इस शादी में दहेज के खिलाफ कदम उठाने के साथ-साथ अजीत पाण्डेय ने पर्यावरण को लेकर भी अपनी जिम्मेदारी दिखाई। शादी के दिन उन्होंने और उनकी पत्नी ने मिलकर कई वृक्ष लगाए, जिससे न केवल पर्यावरण का संरक्षण हो सके, बल्कि समाज में भी एक जागरूकता फैले कि हम अपनी शादी जैसे खास अवसरों पर कुछ सकारात्मक कदम उठा सकते हैं।परिवार और समाज का समर्थन-इस अनूठी शादी को लेकर अजीत पाण्डेय के परिवार और समाज के लोगों ने भी उनका समर्थन किया। रिश्तेदारों और दोस्तों ने दहेज के खिलाफ उठाए गए इस कदम की सराहना की और कहा कि यह समाज के लिए एक प्रेरणास्त्रोत है। कई लोगों ने इस बात को स्वीकार किया कि हमें दहेज की परंपरा से बाहर निकलकर समाज में बदलाव लाने के लिए कदम उठाना चाहिए।समाज में सकारात्मक बदलाव की ओर एक कदम- अजीत पाण्डेय का यह कदम उन सभी युवाओं और परिवारों के लिए प्रेरणा है, जो दहेज की कुप्रथा से जूझ रहे हैं और बदलाव की सोच रखते हैं। यह शादी समाज में एक नई सोच और सकारात्मक बदलाव की शुरूआत हो सकती है, जिससे आने वाली पीढ़ी के लिए एक नई दिशा मिल सके।अजीत पाण्डेय की यह शादी न केवल दहेज के खिलाफ एक संदेश है, बल्कि यह भी दशार्ती है कि विवाह सिर्फ एक पारंपरिक कार्य नहीं है, बल्कि यह एक सामाजिक जिम्मेदारी और बदलाव का प्रतीक भी हो सकता है। इस कदम से यह स्पष्ट है कि अगर समाज में बदलाव लाना है, तो सबसे पहले हमें अपनी सोच और आदतों को बदलना होगा। अजीत पाण्डेय और उनकी पत्नी लक्ष्मी पाण्डेय का यह कदम इस बदलाव की दिशा में एक सकारात्मक पहल है, जिसे हम सभी को अपनी जिंदगी में अपनाना चाहिए।

# कैसरगंज सांसद करण भूषण का सैकड़ों की संख्या में लोगों ने किया स्वागत

- संसदीय क्षेत्र कैसरगंज के सभी नागरिकों का तहे दिल से खैर मकदम:करण भूषण सिंह इसलिए मेरी मनसा है मेरी तमन्ना है

पहल टुडे



कैसरगंज/बहराइच ’ कैसरगंज सांसद करण भूषण सिंह ब्लॉक सभागार कैसरगंज में क्षेत्र पंचायत की बैठक में सम्मिलित हुए ’ सांसद कैसरगंज करण भूषण ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे भारत की जनता 70% गांव में निवास करती है ’ इसलिए हमारा गांव जब विकसित होगा, तभी हमारा भारत देश विकसित होगा ’ इसलिए मेरी मनसा है मेरी तमन्ना है कि मेरे हर भारत देश का नागरिक जो 70% गांव में निवास करता है उसको भी अच्छी-अच्छी सुविधा भारत सरकार द्वारा दी जा रही हैं ’ और आगे भी सेवाएं देती रहेगी ’ हमारा देश तभी विकसित हो सकता है जब हमारे गांव के लोग शिक्षित होंगे ’ कैसरगंज आगमन पर सैकड़ों की संख्या में कैसरगंज सांसद करण भूषण सिंह का लोगों ने जोरदार स्वागत किया ’ स्वागत के मौके पर ब्लॉक प्रमुख कैसरगंज - संदीप सिंह बिसेन, बदलू राम मिश्रा, गंगाधर मिश्रा एडवोकेट, राघव सिंह एडवोकेट, शिवम सिंह एडवोकेट, वेद प्रकाश सिंह प्रधान कुंडासर, अजय सिंह, नियाज प्रधान बागद्वारापुर एवं कैसरगंज के तमाम संभ्रांत नागरिक भारी संख्या में मौजूद रहे ’

# वृद्धाश्रम में डाबर इंडिया व मुमकिन फाउंडेशन द्वारा कार्यक्रम का हुआ आयोजन



पहल टुडे

बहराइच। नगरौर स्थित वृद्धाश्रम में डाबर इंडिया लिमिटेड व मुमकिन फाउंडेशन के सहयोग से वृद्धाश्रम में संवासियों को डाबर के जूस, इनो व हाजमोला आदि का वितरण किया गया।जूस पाकर अंतः वासियों के चेहरे खिल गए। इस अवसर पर उपस्थित लोकतंत्र रक्षा सेनानी मिथिलेश कुमार ने बताया कि वृद्ध लोगों की सेवा से बड़ा कोई उपकार नहीं है।वृद्धजनों की सेवा करना सौभाग्य की बात है। सदर सुलह अधिकारी राकेश चंद्र ने बताया कि समय-समय पर वृद्धजनो के लिए सेवा भाव का कार्यक्रम हमेशा होते रहना चाहिए।मुमकिन फाउंडेशन के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने बताया डाबर इंडिया के सहयोग से मिलने वाला सामान हमेशा आश्रम के लोगों के लिए उपस्थित रहेगा व समय-समय पर आश्रम में दिया जाता रहेगा। जिससे लोगों का स्वास्थ्य अच्छा रहे एवं स्वस्थ रहे। इस अवसर पर वृद्धाश्रम के प्रबंधक दिलीप कुमार द्विवेदी द्वारा डाबर इंडिया व मुमकिन फाउंडेशन का आभार व्यक्त करते हुए खुशी जाहिर की गई।

# स्वच्छता एवं जल भराव समस्या से परेशान भिश्ती टोला के नागरिक

## चित्र परिचय: नानपारा कवि नगर में मुख्य रास्ते पर बहता गंदा पानी

- जिस के कारण बारिश एवं लोगों के घरों का गंदा पानी जगह जगह भरा रहता है।मोहल्ले वासियों ने इसकी जानकारी कई बार सभासद सहित नगर पालिका परिषद अध्यक्ष को दी परन्तु किसी ने भी इसका संज्ञान नहीं लिया है मोहल्ले वासियों ने आईजीआरएस शिकायती पत्र भी दिया है।



पहल टुडे

नानपारा/बहराइच ’ आदर्श नगर पालिका परिषद नानपारा का कविनगर मोहल्ला के नागरिक समस्याओं से जूझ रहे हैं। आपको बताते दे मुख्य मार्ग रुपईडीहा रोड से सटा भिश्ती टोला वार्ड नंबर 16 कवि नगर के बाशिंदे नरकीय जीवन जीने को मजबूर हैं ’ आदर्श नगर होते हुए भी यहां की सड़के कच्ची हैं नालियां पटी पड़ी है ’ जल निकासी के लिए वर्षों पूर्व हार्वेस्टिंग प्लांट पिलाटर ने लगाया गया था जिससे जल निकासी हुआ करती थी हार्वेस्टिंग प्लांट की सफाई वर्षों से नहीं हुई जिस के कारण बारिश एवं लोगों के घरों का गंदा पानी जगह जगह भरा रहता है।मोहल्ले वासियों ने इसकी जानकारी कई बार सभासद सहित नगर पालिका परिषद अध्यक्ष को दी परन्तु किसी ने भी इसका संज्ञान नहीं लिया है मोहल्ले वासियों ने आईजीआरएस शिकायती पत्र भी दिया है। इससे पूर्व समाचार पत्रों में कवि नगर की न्यूज प्रकाशित हो चुकी है परंतु पालिका प्रशासन गहरी नींद में सो रहा है।दैनिक भास्कर ने इस संबंध में अधिशासी अधिकारी रंग बहादुर सिंह से बात की तो उन्होंने बताया कि मौके पर टीम भेज कर समस्या का समाधान कराया जाएगा मालूम हो कि इससे पूर्व अधिशासी अधिकारी 2 बार इस समस्या को अपनी डायरी में नोट किए इसके बावजूद समाधान नहीं हुआ। अब देखना है कि इस बार क्या समस्या का समाधान होगा?

# शिक्षक अपनी मांगों को लेकर बाहों में काली पट्टी बांधकर कर रहे कार्य



पहल टुडे

नानपारा/बहराइच आकांक्षी सामान्य जनपद में कार्यरत शिक्षकों का स्थानांतरण पिछले वर्षों में कम हुआ है ’ स्थानांतरण की मांग को लेकर समस्त बाह्य शिक्षक लगातार प्रयासरत है पूर्व में धरना प्रदर्शन ज्ञापन दिया गया। लगातार पर ट्विटर अभियान भी चलाया गया। किन्तु अभी तक स्थानान्तरण हेतु शाशन स्तर पर किसी तरह का सकारात्मक उत्तर नहीं मिला।इसी क्रम में आकांक्षी जनपद शैक्षिक समिति उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में प्रदेश अध्यक्ष अवनीश कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में 26 अप्रैल 2025 तक काली पट्टी बांध कर शिक्षको द्वारा अध्यापन कार्य करने का निर्णय लिया गया। इस सांकेतिक प्रदर्शन को सरकार तक पहुचाने में काशीनाथ यादव,कुँवर दीप सिंह,अनिल गुप्ता,वीरेन्द्र यादव,विनय तिवारी,रवि श्रीवास्तव, रोशन मिश्रा, अंशुल भारती, नीरज गुर्जर एवम लवकुश मौर्य आदि ने अपना योगदान दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### लालपुर चंदाझर में लगी आग दो घर जल के हुई खाक

मिहींपुरवा/बहराइच ’ मंगलवार को समय 3:00 बजे तहसील मिहींपुरवा अंतर्गत ग्राम पंचायत लालपुर चंदाझार में फूस के घर में अज्ञात कारणों से अचानक आग लग गई, जिससे दो घर चलकर राख हो गए घर में रखा हुआ सामान जलकर भस्म हो गया गनीमत रही कि किसी भी जन एवं पशु की हानि नहीं हुई लोगों ने अपनी मेहनत से आग पर काबू पाया सूचना मिलते ही मौके पर हल्का लेखपाल ने पहुंचकर निरीक्षण किया मालूम हो कि लालपुर चंदाझार निवासी शंभू पुत्र रामराज व लौगीं पत्नी श्रवण कुमार का घर मैं अज्ञात कारण से आग लगी थी। उप जिलाधिकारी ने बताया कि सूचना पर तत्काल हल्का लेखपाल को भेज कर निरीक्षण कराया गया है। पीड़ित को मुआवजा दिलाने की कार्रवाई की जा रही है।

### रिफ्लेक्टर नही हो रही घटनाएं पत्रकारों ने एसडीएम को दिया पत्र

नानपारा/बहराइच ’ मार्ग विभाजन का संकेत एवं रिफ्लेक्टर न होने के कारण नानपारा क्षेत्र के विभिन्न तीराहों पर हो रही घटनाएं। इस संबंध में पत्रकार संगठन के पत्रकारों ने मुस्तफा अली खान के नेतृत्व में एसडीम को एक मांग पत्र देकर मार्ग विभाजन संकेत एवं रिफ्लेक्टर लगाने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि मुख्य रूप से एसडीएम कोर्ट से पहले शहर एवं बाईपास को जोड़ने वाले तिराहा है तथा सरयू नहर पुल सिंचाई कॉलोनी नंबर 3 के निकट तिराहे पर मार्ग विभाजन संकेत एवं रिफ्लेक्टर लाया जाए इस मौके पर मोहम्मद हनीफ, अली शेर, रमेश सोनी, अनूप कुमार, शकील आदि थे।

### उप जिलाधिकारी की बड़ी कार्रवाई अवैध मेडिकल स्टोर एवं गैस एजेंसी को किया सीज

मिहींपुरवा/बहराइच ’ जंगल क्षेत्र में उप जिलाधिकारी अश्वनी कुमार पांडे के द्वारा लगाई गई चौपाल के बाद क्षेत्र के भ्रमण के दौरान कारी कोट में अवैध रूप से चल रही गैस एजेंसी तथा आंबा में एक मेडिकल स्टोर को सीज कर बड़ी कार्रवाई की है ’ अपजिलाधिकारी ने बताया कि सूचना मिली कि गैस एजेंसी पर अवैध तरीके से सिलेंडर की बिक्री की जा रही थी वहीं मेडिकल स्टोर बिना लाइसेंस के चल रहा था, ग्रामीणों की जीवन के साथ खिलवाड़ चल रहा था जिस पर कार्रवाई करते हुए दोनों को सीज कर दिया गया है। इस दौरान उप जिलाधिकारी के साथ नयाब तहसीलदार ब्रह्मादिन यादव एवं राजस्व कर्मी उपस्थित रहे।

# खतौनी के लिए किसान भटक रहे इधर-उधर समस्या का कोई समाधान नहीं

- शिकारपुर तहसील में खतौनी ना निकलने से किसानों को हो रही परेशानी। तहसील से किसानों को खतौनी न मिलने से आए दिन लौट रहे बैरंग इन दोनों भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। 17 अप्रैल से तहसील परिसर में खतौनी बनाने की ऑनलाइन साइट लगातार बन्द पड़ी है



पहल टुडे

शिकारपुर। साइट बन्द होने से लोगों को बैंक लोन से लेकर जमानत तक में परेशानी हो रही है। धर्मेंद्र कुमार, सोनू सैनी, विजेन्द्र सिंह, नरेन्द्र त्यागी, तेजवीर शर्मा नरेश गौतम दीपक चौधरी सहित दर्जनों किसान तहसील में खतौनी निकलवाने आए। किसानों को इन दोनों भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। 17 अप्रैल से तहसील परिसर में खतौनी बनाने की ऑनलाइन साइट लगातार बन्द पड़ी है जिसके चलते खतौनी नहीं बन पा रही है। इस वजह से न केवल किसान अपने कृषि कार्यों से संबंधित जरूरी दस्तावेज समय पर तैयार कर पा रहे हैं। बल्कि कई किसानों ने बताया कि उन्हें अपनी भूमि का विवरण बैंकों में ऋण लेने या विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए जरूरी है लेकिन खतौनी न मिलने के कारण उनके आवेदन अटक गए हैं। इसके अलावा न्यायालय में जमानत प्रक्रिया के लिए भी खतौनी अनिवार्य दस्तावेजों में से एक है और कई लोगों की इसी वजह से रिहाई में भी देरी हुई है। तहसीलदार गौरव विश्नोई का कहना है कि समस्या प्रदेश स्तर पर है और इस संबंध में उच्च अधिकारियों को सूचना दी जा चुकी है तकनीकी टीम को बुलाकर प्रयास किया गया है वैसे संभावना जताई जा रही है कि जल्द ही खतौनी निकलने लगेंगी लेकिन समाचार लिखे जाने तक समस्या का कोई स्थाई समाधान नहीं निकल पाया है।

### गेहूं के रेट एवं सरकारी कागज पूरा करने से किसान तौल से कतराये

अयोध्या किसान सेवा सहकारी समिति जैसे कई स्थानों पर प्रशासन द्वारा किसानों की सुविधा के लिए सरकारी रेट में गेहूं लेने के लिए केंद्र प्रभारी नियुक्त करके उन्हें गेहूं तौल करने के लिए अलग-अलग लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसमें बीकापुर किसान सेवा सहकारी समिति के क्रय केंद्र प्रभारी अभिषेक श्रीवास्तव से बातचीत होने पर बताया गया कि केन्द्र के तौल का लक्ष्य चार हजार कुंतल की मिली है। जिसमें से अभी तक कुल 71 कुंतल गेहूं तौल करवाया जा चुका है। बचे शेष लक्ष्य को आगे बढ़ाने के लिए प्रयास जारी है। यह कहे जाने पर की अभी आप लक्ष्य से काफी पीछे हैं। तो श्री श्रीवास्तव ने बताया कि मौसम खराब होने के चलते किसानों के गेहूं के कटाई मडाई का कार्य जहां धीमा चल रहा है। वही 24 -25 पैसे जो सरकारी गेहूं का रेट निर्धारित किया गया है। जिसका पैसा 48 घंटे के अंदर किसानों को दिया जाना बताया गया है। इसी रेट में स्थानीय साहूकार खरीद कर किसानों को तुरन्त पैसा दिए जाने पर काफी किसानों का गेहूं गल्ला आढती को दे कर सरकरी क्रय केंद्र से कतराते देखे जा रहे है

# बस थोड़ा इंतजार का मजा लीजिए

पहल टुडे

## हर रोज विद्युत कटौती से उपभोक्ताओ में मची हाय-तौबा



- अभी और 2-3 दिनों की कटौती इसी तरह होगी जिसके लिए विद्युत पभोक्ताओ को धैर्य रखने की जरूरत है फिर शेड्यूल के हिसाब से बिजली मिलती रहेगी अवर अभियंता विद्युत जरवल पवार हाऊस

आशीष कुमार

जरवल/बहराइच। मौसम का मिजाज क्या बदला बिजली महकमा भी पटरी से उतर गई। जब कि तापमान 39 डिग्री पर पहुँच चुका है।पता चला है कि अभी बिजली महकमा 3-4 दिन और इसी तरह बिधुत उपभोगताओं को और तर-बतर करने के मूड में हैं जिसके लिए थोड़ा इंतजार का मजा लीजिए का गीत जरुर सटीक बैठ रही है। बताते चलें विगत सप्ताह से ऊपर होने को है बिजली विभाग कही तारो को बदलने के लिए कई घंटो की कटौती करता है तो कभी कुछ बता कर। जिस रोजगार तो बढ़ी थी है घरों में चलने वाले विद्युत यंत्र तो ठप्प ही हो जाते है रोजगार पर भी विद्युत कटौती के कारण कम असर नहीं पड़ रहा किसान भी कम परेशान नहीं है ’ इसी कारण रोज-रोज विद्युत कटौती को लेकर उपभोगताओं में की हो रहे कटौती को लेकर सौर ऊर्जा लगवाने के लिए मन बना रहे हैं।

# एसडीएम ने आंबा गांव में लगाई चौपाल वन्यजीवों के हमले से बचाव हेतु दिए टिप्स

- इस पर एसडीएम ने पीएचसी सुजौली के चिकित्सकों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सेवाओं को सरल सहज और प्रभावी बनाने के लिए समुचित कदम उठाएं। अति आवश्यक दावों की उपलब्धता की जाए तथा न होने पर उसकी पूर्ति कर रखा जाए



पहल टुडे

मिहींपुरवा/बहराइच ’ तहसील मिहींपुरवा के थाना सुजौली क्षेत्र अंतर्गत आम्बा गांव में सोमवार को उप जिलाधिकारी अश्वनी कुमार पांडेय ने जन समस्याओं के निस्तारण हेतु चौपाल का आयोजन किया, जिसमें मैप तहसीलदार ब्रह्मदिन यादव एडीओ पंचायत , बीएसएनल की टीम , सप्लाई इंस्पेक्टर राघवेंद्र सिंह वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे ’ चौपाल में राजस्व एवं वन ग्राम के सैकड़ों ग्रामीणों ने हिस्सा लिया और मोबाइल नेटवर्क, स्वास्थ्य सेवाएं तथा वन्यजीवों से सुरक्षा जैसे मुद्दों पर अपनी समस्याएं रखीं। ग्रामीणों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने मौके पर उपस्थित भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र में जल्द से जल्द नेटवर्क व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए, ताकि ग्रामीणों को संचार सुविधाएं निर्बाध रूप से मिल सकें।स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर ग्रामीणों ने प्राथमिक चिकित्सा व दवाओं की उपलब्धता और चिकित्सकों की उपस्थिति को लेकर समस्याएं साझा कीं। इस पर एसडीएम ने पीएचसी सुजौली के चिकित्सकों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सेवाओं को सरल सहज और प्रभावी बनाने के लिए समुचित कदम उठाएं। अति आवश्यक दावों की उपलब्धता की जाए तथा न होने पर उसकी पूर्ति कर रखा जाए ’ जन चौपाल के दौरान उपजिलाधिकारी की मौजूदगी मे राजस्व टीम की ओर से जन्म, मृत्यु, खतौनी संशोधन एवं पैमाइश संबंधी अधिकतम मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। इसी के अलावा एसडीएम ने वन्यजीवों के हमले के मामलों पर चर्चा करते हुए ग्रामीणों को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने वनकर्मियों को क्षेत्र में नियमित गश्त जारी रखने के निर्देश दिए। एसडीएम श्री पाण्डेय ने कहा कि प्रशासन का प्रयास है कि अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचे। हम जमीनी स्तर पर समस्याएं सुनकर उनका समाधान सुनिश्चित कर रहे हैं। किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

# आठ सौ किलोमीटर की त्रिशूल यात्रा मई मांह मे होन बताया



पहल टुडे डा दिनेश तिवारी

अयोध्या देश भर से जुड़े राम भक्तों को बताते एवं आहवान करते हुए भारत के चारो धाम की यात्रा उपरांत अमित योगी द्वारा आप सभी को पुनः एक और यात्रा के दर्शन जो कि छिंदवाड़ा से राम जन्मभूमि अयोध्या विघ्नेश्वर धाम शिवाला मन्दिर रमपुरवा तक आएगी जिसकी दूरी लगभग 800 किलोमीटर होगी यह यात्रा मई माह में प्रारम्भ होगी इस यात्रा की विशेषता यह है कि यह एक त्रिशूल यात्रा रहेगी। जो कि भारत का पहला त्रिशूल होगा जिसकी ऊंचाई लगभग 60 फिट होगी चौड़ाई 11 फिट होगी और वजन लगभग 700 किलो रहेगा। यह ऐतिहासिक त्रिशूल यात्रा छिंदवाड़ा, से शिवनी ,लखनादौन, जबलपुर, कटनी,मैहर ,रीवा,मंगनवा, प्रयागराज, प्रतापगढ़, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या से होते हुवे यात्रा अयोध्या विघ्नेश्वर धाम शाहगंज रमपुरवा समापन होगी। उक्त यात्रा की जानकारी देते हुए श्री योगी जी द्वारा स्थानीय लोगो का आह्वान करते हुए। कहा है। कि रास्ते से इस भव्य त्रिसूल का श्ररद्धा -भक्ती के साथ दर्शन और स्वागत करे। इसी कार्यकम को सफल बनाने के लिए श्री योगी जी के साथ सह जिला प्रभारी इन्दू कुमार पाण्डे चल कर जी एस आफ लां कालेज खजुरहट (गंड़ई) के प्रबन्धक राजन यादव एवं चेयरमैन सूर्य भान मिश्रा से मिलकर त्रिसूल यात्रा के स्वागत पर विस्तार से चर्चा बुधवार को दिन में की गयी है। तथा यात्रा के रुट आप के रास्ते मे पड़ रहा है। तो इस यात्रा का स्वागत कर पूण्य के भागीदार बनने का आहवान किया है।

# एसपी के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों के विरुद्ध लगातार की जा रही प्रभावी कार्यवाही

## थाना सुरियावां पुलिस टीम को मिली सफलता, अवैध तमंचा मय कारतूस के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

पहल टुडे

### रात्रि चेकिंग के दौरान किया गया गिरफ्तार, गम्भीर अपराध करने के फिराक में था आरोपी



भदोही। जनपद में चुस्त-दुरुस्त कानून व्यवस्था व अपराधों के रोकथाम के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के कुशल निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में जनपदीय पुलिस द्वारा आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। उक्त के क्रम में थाना सुरियाँवा पुलिस टीम द्वारा बीती रात्रि में थाना सुरियावां अंतर्गत चेकिंग के दौरान मुखबिरी सुचना के आधार पर आकाश उर्फ लाखन सिंह पुत्र शेषबहादुर सिंह निवासी भीमसेनपुर थाना सुरियावा जनपद भदोही उम्र 20 वर्ष को सुरियावां रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर कब्जे से एक अदद अवैध तमंचा 303 बोर मय 01 अदद जिंदा कारतूस 303 बोर बरामद करने में सफलता प्राप्त हुई है। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0-115/2025 धारा-3/7/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के अन्य आपराधिक घटनाओं में संलिप्तता की जांच की जा रही है।

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 रामनिवास यादव, उ0नि0 मो0 शकील खां, का0 आशीष कुमार, का0 सुबाष कुमार थाना सुरियावां जनपद भदोही रहे।

### प्रत्येक राशन कार्ड से वंचित परिवार का अनिवार्य रूप से कराए फैमिली आई.डी. पंजीकरण

एटा! डीएम प्रेमरंजन सिंह ने बताया कि एक परिवार, एक पहचान के तहत सरकार फैमिली आईडी जारी कर रही है। फैमिली आईडी कार्ड के माध्यम से पात्र परिवारों को जनकल्याणकारी एवं लाभार्थी परक योजनाओं का लाभ प्राप्त करना आसान होगा। यह कार्ड पूरे परिवार की महत्वपूर्ण पहचान है, जिसमें पूरे परिवार का ब्यौरा होता है। उन्होंने इस संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक करते हुए समस्त खंड विकास अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एवं नगर पंचायत को कहा कि फैमिली आईडी पंजीकरण का कार्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओ में से एक है फैमिली आईडी के संबंध में जो लक्ष्य प्राप्त हुआ है उसे अनिवार्य रूप से अति शीघ्र पूर्ण करें किसी भी दशा मे जनपद की रैंक प्रभावित नहीं होनी चाहिए, रैंक प्रभावित होने की दशा में संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी दंडात्मक कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की सभी योजनाओं को फैमिली आई.डी.से जोड़ा जा चुका है। सभी संबंधित अपने कार्यालय में फैमिली आई.डी. के संबंध में हेल्प डेस्क की स्थापना करें।

# 12वी के बाद गरीब छात्र/छात्राओं को निशुल्क उच्च शिक्षा प्रदान कराना हमारा लक्ष्य-रविकांत पाण्डेय

पहल टुडे







देवरिया। सलेमपुर के मोहर भाई चौक पर दीप सेवा संस्थान के तत्वाधान मे ग्लोबल एजुकेशन वर्ल्ड का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रविकांत पाण्डेय ने फीता काटकर उद्घाटन किया उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य 12वी के बाद गरीब छात्र/ छात्राओं को निशुल्क उच्च शिक्षा प्रदान कराना है जिसकी फीस की जिम्मेदारी हमारी संस्था उठाएगी। उन्होंने कहा कि संस्था का लक्ष्य सभी को किफायती और गुणवत्तापूर्ण तकनीकी, व्यावसायिक और उच्च शिक्षा तक समान पहुंच सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा नर्सिंग, इंजीनियरिंग,पैरा मेडिकल, मैनेजमेंट, होटल मैनेजमेंट,फामेर्सी,ला, एग्रीकल्चर एवं डिप्लोमा की पढ़ाई कर सकते है। इस संस्था के स्कीम के अन्तर्गत उन बच्चों के शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए काम किया जाएगा जिनके माता-पिता आर्थिक रूप से कमजोर है। संस्था के राष्ट्रीय सचिव प्रदीप गोंड ने सभी अतिथियो के प्रति आभार व्यक्त करते हुए माल्यार्पण कर स्वागत भी किया। उक्त अवसर पर बी.एन. दूबे, कृपाशंकर तिवारी, अनुप उपाध्याय, अफरोज अंसारी, मिथिलेश चौरसिया, ओमप्रकाश मिश्रा, राजकुमार गुप्ता, प्रवीण कुशवाह, डा0 नारायण,डा0 आनन्द, अमरजीत और नंदू आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### नगर पालिका परिषद कैराना की महिला सभासद ने पालिका द्वारा लगाए गए फ्रीजर का स्थान बदलने की की मांग

शामली कैराना। नगर पालिका परिषद ने सभासद के मना करने के बावजूद भी शौचालय के पास फ्रीजर लगवा दिया है। जबकि शौचालय से गंदगी बदबू लगातार आती रहती है पानी पीना भी दुषित हो जाता है सभासद द्वारा क्या कहा था कि पब्लिक इंटर कॉलेज के पास लगा दिया जाये जहां हर क्षेत्र के विद्यार्थी वहां पढ़ते हैं और उन्हें शीतल जल की व्यवस्था करने के लिए कहा गया था और हर वर्ष शिवभक्त कांवड़ियों के लिए कावड़ शिविर का भी आयोजन किया जाता है जिसमें ठंडे पानी की अत्यधिक जरूरत रहती है उन्होंने कहा कि इनकी मानसिकता ही शौचालय वाली है इसीलिए शौचालय में लगवा सकते हैं। फ्रीजर का स्थान बदलने की बात कही है।

### हर घर अच्छी पुस्तकों और पेड़ पौधो के के बिना अधूरा : रीता चौहान

शामली कैराना। प्राथमिक विद्यालय बदलूगढ कैराना मे विश्व पुस्तक दिवस मनाया गया । इस अवसर पर सहायक अध्यापिका रीता चौहान ने बच्चों को बताया की पेड़ और अच्छी पुस्तकें हमारे सबसे अच्छे मित्र हैं । आपके पुस्तकालय मे बहुत ही अच्छी अच्छी पुस्तकें मौजूद हैं । आप हमेशा अपनी मर्जी के अनुसार उन्हें पढ़ते हो और उनके पन्ने पलटते हो । अधिकतर बच्चों को कहानियां पढ़ना बेहद पसंद होता है । हमे बहादुर, महान और प्रेरणा दायक महापुरषो की कहानियाँ पढ़नी चाहिएं । मोबाईल पर अधिक ध्यान न देकर अच्छी पुस्तकें पढ़ने की आदत बनानी चाहिए । हर घर अच्छी पुस्तकों और पेड़ पौधों के बिना अधूरा होता है । इस अवसर पर पुस्तको से सम्बंधित बच्चों को एक कविता भी सुनाई गयो ।


### पति से विवाद के बाद विवाहिता ने फांसी लगाकर जान दी

तरकुलवा, देवरिया। थाना क्षेत्र के मंडी बाजार में मंगलवार रात में एक विवाहिता फंदे से लटक कर जान दे दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज देवरिया भेज दिया। नगर पंचायत क्षेत्र के बालपुर श्रीनगर मंडी बाजार निवासी आरती देवी (35) पत्नी किशन का मंगलवार को मोबाइल को लेकर पति से कहासुनी हुई थी। रात में पति एक निमंत्रण में चला गया था। भोजनोपरांत आरती बेटी आबिदा (3) व बेटा कबीर (2) के साथ अपने कमरे में सोने चली गई। रात में 12 बजे के करीब बेटी आबिदा के रोने की आवाज सुनकर घर के लोग उसके कमरे की तरफ गए तो वह दुपट्टे के सहारे पंखे से लटक रही थी। इस बीच पति भी निमंत्रण से घर पहुंच गया। घर वालों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर, घटना की सूचना पर दोपहर में क्षेत्राधिकारी संजय रेड्डी मौके पर पहुंच कर घर वालों से पूछताछ की।

### छेड़खानी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

आजमगढ़। वादी द्वारा मेंहनगर पर लिखित तहरीर दी कि दिनांक 21 अप्रैल को समय करीब शाम 7.00 बजे मेरी लड़की उम्र करीब 16 साल अपने छत पर कपड़ा फैलाने गई थी कि फहद अंसारी पुत्र अज्ञात निवासी ग्राम रहिला थाना मेंहनगर आजमगढ़ द्वारा मेरे छत पर आकर मेरी लड़की का हाथ पकड़ कर छेड़खानी करने लगा जब मेरी लड़की चिल्लाई तो मेरी बड़ी लड़की छत पर गई तो फहद अंसारी उपरोक्त द्वारा मेरी दोनो लड़की को गाली गलौज देते हुए भाग गया।

# बेसहारा गौवंश के शव को आवारा कुत्तो ने बनाया निवाला



पहल टुडे

शामली। बाबरी क्षेत्र के बुटराडा हिंड मार्ग पर आवारा कुत्तो द्वारा बेसहारा गौवंश के शव को अपना निवाला बनाया गया हैं। बाबरी क्षेत्र के जंगलो व गांव की गलियों मे भी घूम रहे आवारा कुत्ते आए दिन गौवंशो बुजुर्गो व बच्चों पर हमला करते नजर आ रहे हैं। जिसका ताजा उदाहरण बुधवार की सुबह बुटराडा हिंड मार्ग पर बाबरी ग्राम पंचायत सचिवालय के सामने सड़क किनारे देखने को मिला, कि कुछ आवारा कुत्ते एक मृत गौवंश को नोंचते हुए अपना निवाला बना रहे हैं, वहीं कुछ बाईक सवार युवकों द्वारा कुत्तो को भगाने का भी प्रयास किया जा रहा था।लेकिन आवारा कुत्ते भगाने के बावजूद भी शव को ही नोंचते रहे। बेसहारा गौवंश के शव को आवारा कुत्तो द्वारा नोचा जाना एक गंभीर समस्या हैं, यह समस्या आवारा कुत्तो कि बढ़ती हुई आबादी और गौवंशो कि उचित देखभाल की कमी के कारण होती हैं। क्षेत्र मे बनी गौशालाओ व गौ आश्रय स्थल होने के बावजूद भी क्षेत्र मे बेसहारा गौवंश भूखे प्यासे घूमते नजर आते हैं जो भूख प्यास से व्याकुल होकर बीमार व कमजोर हों जाते हैं, तब कमजोर व छोटे बेसहारा गौवंशो को आवारा कुत्ते नौच नौच कर मौत के घाट उतार रहे हैं। बेसहारा गौवंशो व आवारा कुत्तो की समस्या के समाधान के लिए प्रशासन की ओर से उचित कदम उठाये जाने चाहिए।

# आम्बा में ग्राम स्तरीय वन अधिकार समिति का हुआ पुनर्गठन

● बैठक में वन अधिकार से संबंधित मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया और सर्वसम्मति से वन अधिकार सीमित के सदस्यों का चयन किया गया।



पहल टुडे

मिहींपुरवा/बहराइच ' मिहींपुरवा विकासखंड अंतर्गत आम्बा ग्राम पंचायत के पंचायत भवन में बुधवार को ग्राम प्रधान इकरार अंसारी की अध्यक्षता में ग्राम सभा की खुली बैठक का आयोजन किया गया। ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से वन अधिकार सीमित का पुनर्गठन किया। बैठक में वन अधिकार से संबंधित मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया और सर्वसम्मति से वन अधिकार सीमित के सदस्यों का चयन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत से पहले पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दिया गया। बैठक की शुरूआत सामाजिक समरसता के तहत महान समाज सुधारक डॉ0 भीमराव आम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण से की गई। ग्राम स्तरीय वन अधिकार समिति के गठन की कार्यवाही में वनग्राम बिछिया बाजार व कतर्नियाघाट गेरुआ पार आबादी के लिए दो अलग अलग समितियों का पुनर्गठन किया गया। जिसमें बिछिया बाजार के लिए 15 व कतर्नियाघाट आबादी के लिए 11 सदस्यों का चयन किया गया। जिसमें पुरुष व महिला सदस्यों के प्रस्ताव पर लोगों ने समर्थन कर उनका चयन किया। बिछिया बाजार व कतर्नियाघाट आबादी के लिए आम्बा, तेलागौढी. व भरथापुर गांव के लोगों को सदस्य चुना गया। बैठक में ग्राम पंचायत के भरथापुर, तेलागौढी, बिछिया बाजार, बिछिया गांव, भवानीपुर, गेरुआ पर कतर्नियाघाट व आम्बा गांव के सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया। इस दौरान सुशील गुप्ता,उमेश कुमार यादव एडीओ कोआपरेटिव, सुशील सिंह ग्राम विकास अधिकारी, हरीमोहन ग्राम रोजगार सेवक, सविता यादव पंचायत सहायक, सरोज गुप्ता,जंग हिंदुस्तानी समाजसेवी आदि मौजूद रहे।

# शार्टसर्किट से लगी आग,दो घण्टे के बाद आग पर काबू पाया गया



पहल टुडे



माहुल( आजमगढ़ )। नगर के अहरौला रोड पर जायसवाल बिल्डिंग मैटेरियल के बगल में बिरेन्द्र अग्रहरि के प्लाट में लगी शार्टसर्किट से भीषण आग लग गयी। अथक प्रयास के बाद 2 घंटे के बाद आग पर काबू पाया गया। गुरूवार को 11 बजे माहुल नगर पंचायत के अहरौला रोड स्थित जायसवाल बिल्डिंग मैटेरियल के बगल शार्टसर्किट से बिरेन्द्र अग्रहरि के खाली प्लाट में आग लग गयी। आग लगने की सूचना लोगो ने 112 डायल नम्बर और अग्निशमन को दिया। मौके पर माहुल पुलिस चौकी की पुलिस पहुच गयी। 1 घण्टे के बाद अग्नि शमन दल पहुँचा। 2 घण्टे के बाद लोगों के प्रयास से आग पर काबू पाया गया। माहुल के हल्का लेखपाल सौरभ राय का कहना है कि मौके पर जाकर निरीक्षण किया गया है, फिलहाल कोई बड़ी क्षति नही हुई है।

# बार एसोसिएशन कैराना के वकीलों ने भारत के प्रधानमंत्री के नाम पहलगाम घटना के विरोध में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

पहल टुडे



शामली कैराना। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निहत्थे पर्यटकों के ऊपर हुए कायराना हमले के विरोध में कैराना के अधिवक्ताओं का खून उबल पड़ा। जनपद बार एसोसिएशन कैराना के अधिवक्ताओं ने तहसील मुख्यालय पर पहुंचकर जमकर नारेबाजी की। उन्होंने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन-पत्र एसडीएम को सौंपकर घटना का मुँहतोड़ जबाब दिए जाने की मांग की है।

बुधवार को जनपद बार एसोसिएशन कैराना के अधिवक्ता संगठन अध्यक्ष रामकुमार वशिष्ठ एवं महासचिव राजकुमार चौहान के नेतृत्व में नारेबाजी करते हुए तहसील मुख्यालय पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को संबोधित एक ज्ञापन-पत्र एसडीएम कैराना स्वप्निल कुमार यादव को सौंपा। बताया कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने बेगुनाह एवं निहत्थे पर्यटकों की अंधाधुंध गोलियां बरसाकर निर्मम हत्या की है। पर्यटकों की हत्या से पहले उनका धर्म पूछा गया। इस कायरतापूर्ण हमले में भारतीय नागरिकों के अलावा विदेशी मूल के भी दो पर्यटकों की भी जान गई है। यह भारत की आत्मा पर किया गया हमला है, जिसकी जितनी निंदा की जाए उतनी कम है। घटना से पूरा देश स्तब्ध है। पत्र में कहा कि घटना का मुँहतोड़ जवाब दिया जाए ताकि भविष्य में देश के नागरिकों के साथ इस तरह की पैशाचिक घटना की पुनरावृत्ति न हो। अधिवक्ताओं ने दुःख की इस घड़ी में आतंकी हमले में जान गंवाने वाले मृत पर्यटकों के शोक संतृप्त परिजनों के साथ में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होने की बात कही है। इस अवसर पर खड़कसिंह चौहान, नरेंद्र गोयल, सालिम अली, मनीष कौशिक, नीरज चौहान, अनुज रावल, ओमपाल चौहान, नेत्रपाल चौहान, रिजवान अली, शक्ति सिंघल, शगुन मित्तल, अनुभव स्वामी, फराज सिद्दीकी, नदीम अहमद, राकेश प्रजापति आदि अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी देवरिया एलडीएम देवरिया एवं मुख्यमंत्री को भेजा पत्रक

पहल टुडे

भाटपार रानी। बडौदा युपी बैंक भाटपार रानी के शाखा प्रबंधक एवं फील्ड अफसर पर बैंक केनियम विरुद्ध कार्य शैली के संबंध में भाटपार रानी देवरिया उपनगर स्थित बडौदायुपीबैंक शाखा भाटपार रानी के शाखा प्रबंधक एवं फील्ड अफसर पर बैंक के विरुद्ध कार्य शैली के संबंध में जिलाधिकारी देवरिया एवं एलडीएम देवरिया व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को पोस्ट ऑफिस द्वारा रजिस्ट्री पत्रक भेजा है पत्रकार चंदन कुमार गुप्ता ने भाटपार रानी का यह चर्चित बैंक जहां बैंक के उपभोक्ता एवं व्यापारी दुखी है क्योंकि यह उपनगर में इस बैंक में कर्मचारी से ज्यादा दलालों की चलती है और बैंक के शाखा प्रबंधक एवं फील्ड अफसर की सह पर बैंक में दलाल सक्रिय है बैंक के मुख्य द्वार पर सीसीटीवी कैमरा होना चाहिए लेकिन दलालों के कहने पर बैंक में सीसीटीवी कैमरा शाखा प्रबंधक एवं कैशियर के पास लगा है ऋण विभाग फील्ड अफसर के केबिन में कैमरा आखिर में क्यों नहीं लगा है एवं बैंक के में मुख्य द्वार के पास नियम के अनुसार तीन कैमरे होने चाहिए एक बैंक के सामने और एक दाएं और एक बाएं जिससे कि बैंक में हर आने जाने वाले प्रतिव्यक्ति कैमरे की नजर में रहे लेकिन अन्य बैंकों की तरह यहां केवल कैमरा ऐसी जगह लगा है केवल फॉर्मेलिटी पूरा किया गया है बैंक के शाखा प्रबंधक एवं फील्ड अफसर द्वारा रखे गए दलाल जोगांव-गांव से लोगों को मुद्रा लोन में लगभग 20 से 30000 की धन उगाई का कार्य जोरों पर है यहां तक की बैंक द्वारा जो निर्धारित नियम है उसे नियम को भी ताखपर रखकर कार्य किया जाता है यदि 5 वर्षों का जितने भी लोन की फाइलों की जांच की जाए तो सारा मामला साफ स्पष्ट हो जाएगा की कितने भ्रष्टाचार किए गए हैं ऐसे ऐसे व्यक्तियों का इस बैंक से लोन हुआ है जिसको यह दिखाया गया है कि व्यापार के लिए लिया गया है और वास्तविकता यह है कि ना ही वहां दुकान है और नाही वह व्यक्ति वहां मौजूद है कई व्यक्ति तो ऐसे हैं जो बाहर कमा रहे हैं और उनकी पत्नियों का नाम पर मुद्रा लोन कर दिया गया है किसी अन्य की दुकान दिखाकरकई लोन गलत तरीके से किया गया है जिसकी निष्पक्ष जांच उच्च अधिकारी यदि करेंगे तो सारा मामला पता लग जाएगा कि विगत 5 वर्षों में जितने भी शाखा प्रबंधक भाटपार रानी में इस बैंक में थे वह दलालों के अनुसार लंबी रकम लेकर अनलीगल कार्य किए हुए हैं निष्पक्ष जांच के लिए उच्च अधिकारियों एवं मुख्यमंत्री को पत्र भेजा गया है जहां उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री का कहना है कि भ्रष्टाचार खत्म हो उत्तर प्रदेश वही उत्तर प्रदेश के राज्य कर्मचारी खुलेआम लूट मचाई हुए हैं खुलेआम भ्रष्टाचार चरम सीमा पर क्या जनता द्वारा भ्रष्टाचार के प्रति आवाज उठाने पर जांच होगी कि नहीं इसका निर्णय जिले के उच्च अधिकारी ही करेंगे समाचार प्रकाशन की फोटो कटिंग डीएम देवरिया के व्हाट्सएप पर एवं एडीएम देवरिया को व्हाट्सएप के माध्यम से सभी पेपर की कटिंग भेज दी गई है।

# UPSC में जनपद के चार मेधावियों ने लहराया परचम





पहल टुडे

देवरिया। जनपद के चार प्रतिभाशाली युवाओं ने यूपीएससी की परीक्षा में सफलता हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। मंगलवार को घोषित परिणामों में इन मेधावियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। रामपुर कारखाना के रजत कुमार राय पुत्र राजेश राय ने दूसरे प्रयास में यह उपलब्धि हासिल की। एनआईटी पटना से बीटेक की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने एलएनटी जयपुर में नौकरी की। वर्ष 2023 में पहले प्रयास में वे साक्षात्कार तक पहुंचे। लेकिन 2024 में दूसरे प्रयास में उन्होंने सफलता प्राप्त की।मठिया तिवारी गांव के विमलोक तिवारी ने 554वीं रैंक हासिल की। दिल्ली विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान के सहायक प्रोफेसर के रूप में कार्यरत विमलोक की सफलता से पूरे गांव में खुशी का माहौल है। भलुअनी के भटपुरवा से रवि श्रीवास्तव पुत्र सुरेन्द्र लाल श्रीवास्तव ने 751वां रैंक प्राप्त किया एवं अन्नू गुप्ता पुत्री दुर्गेश गुप्ता निवासी बैतालपुर 779 वां रैंक प्राप्त की। इस उपलब्धि पर परिवार और शुभचिंतकों ने बधाई दी। सभी सफल अभ्यर्थियों के घरों में बधाइयों का तांता लगा हुआ है। इन युवाओं की सफलता से पूरे जिले में उत्साह का माहौल है। इनकी सफलता अन्य युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गई है।

### बॉर्डर पर पुलिस का बड़ा एक्शन: चोरी की वैक्यूम मोटर के साथ शातिर चोर गिरफ्तार, चार पहिया वाहन भी जब्त

गाजीपुर। थाना थाना गहमर पुलिस ने एक बार फिर साबित कर दिया कि अपराधी चाहे जितना चालाक हो, कानून के हाथों से बच नहीं सकता। गहमर थाना क्षेत्र में चलाए जा रहे अपराधियों के खिलाफ अभियान के तहत बारा चौकी प्रभारी उ0नि0 विवेक कुमार पाठक ने बिहार बॉर्डर बैरियर पर चेकिंग के दौरान एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने चोरी की गई 5 हार्सपॉवर की वैक्यूम मोटर पम्प (सीरियल नंबर U24J00232) के साथ एक शातिर अभियुक्त अखिलेश यादव (उम्र 19 वर्ष, ग्राम रौजा पुरैनिया, थाना कोतवाली) को गिरफ्तार किया है, वहीं एक बाल अपचारी को भी पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। दोनों को मु0अ0सं0 91/2025 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस के तहत गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक 5 HP वैक्यूम मोटर पम्प, एक महिन्द्रा सुप्रो चारपहिया वाहन (UP61AT1968) बरामद हुआ। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे उप निरीक्षक विवेक कुमार पाठक चौकी प्रभारी, बारा थाना गहमर मय हमराह टीम शामिल रहे।

# हज यात्रियों को प्रशिक्षण देकर किया टीकाकरण

## कस्बे के प्राचीन मदरसा इशातुल इस्लाम में एक दिवसीय शिविर आयोजित

## 147 आजमीन-ए-हज ने प्रशिक्षण शिविर में लिया भाग

● अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मैत्री रस्तोगी, सीएचसी प्रभारी डॉ. शैलेन्द्र चौरसिया व डीआईओ करण चौधरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

पहल टुडे



कैराना। कस्बे के प्राचीन मदरसा इशातुल इस्लाम में हज यात्रियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं टीकाकरण शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर हज यात्रियों को प्रशिक्षण देकर उनका टीकाकरण किया गया। साथ ही, एंटी पोलियो डॉट्स भी पिलाई गई। बुधवार को जनपद हज कमेटी की ओर से की हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों के लिए कस्बे के पानीपत रोड पर स्थित प्राचीन मदरसा इशातुल इस्लाम में एक दिवसीय जिला स्तरीय कैंप का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ मुख्य चिकित्साधिकारी शामली अनिल कुमार, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मैत्री रस्तोगी, सीएचसी प्रभारी डॉ. शैलेन्द्र चौरसिया व डीआईओ करण चौधरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान मुख्य हज प्रशिक्षक हाजी हाशिम ने तमाम आजमीन-ए-हज को प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि हज यात्रा के दौरान हज यात्रियों को तमाम प्रकार की सावधानी बरतनी चाहिए। यात्री हज कमेटी की रेपर भी अपने साथ लेकर जाएं, जिससे उन्हें आगे चलकर किसी परेशानी का सामना न करना पड़ें। वहीं, स्वास्थ्य विभाग की टीम में शामिल डॉ. विकास बरनवाल, डॉ. नदीम, डॉ. विपिन, डॉ. हम्माद चौधरी, मोहम्म अली, स्टाफ नर्स बबीता, सविता, मीनाक्षी, नईमा, नरेश वर्मा, संजू तथा वार्ड ब्वाय रविंद्र द्वारा हज यात्रियों को टीकाकरण किया गया। टीम ने उन्हें एंटी पोलियो डॉट्स पिलाने के साथ ही हैल्थ कार्ड भी वितरित किये। इस अवसर पर मदरसे के मोहतमिम मौलाना बरकतुल्लाह अमीनी ने कहा कि बड़े खुशनसीब होते हैं वो लोग, जिन्हें अल्लाह अपने मुबारक घर में बुलाते हैं। उन्होंने कहा कि हाजियों को तमाम दुनियादारी को भुलाकर खुदा से लौ लगानी चाहिए। इस अवसर पर तस्लीम अहमद, हाजी अबरार अहमद शमशी, मास्टर समीउल्लाह खान, सूफी अनीस अहमद, डा. अजमतुल्लाह खान, पीरजी अनीस अहमद, मास्टर खुर्शीद, कारी साजिद, इंतजार अंसारी, अहतशामुल हक, हाजी खुर्शीद, हाजी रिजवान, नजम शमशी, अदनान खान, हम्माद खान, समीर सैफी, दानिश सैफी आदि का महत्वूपर्ण सहयोग रहा।

# चुनौती भरा सफर तय कर सलोनी बनीं कस्टम इंस्पेक्टर, सेंट जॉन्स स्कूल में हुआ भव्य स्वागत

पहल टुडे

गोला गोकर्णनाथ खीरी। अंधेरा जितना गहरा होगा, सुबह उतनी ही नजदीक होगी। इस कहावत को चरितार्थ किया है गोला नगर की भटपुरवा कॉलोनी की बेटी सलोनी सिंह ने। सीमित संसाधनों और साधारण परिवेश से निकलकर, सलोनी ने अपने हौसले, मेहनत और आत्मविश्वास के दम पर कस्टम इंस्पेक्टर (एग्जामिनर) के पद पर चयनित होकर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र का सिर गर्व से ऊँचा कर दिया है। विद्यालय ने बढ़ाया मान, सलोनी का हुआ भव्य स्वागत सलोनी ने इस खुशी की बात जब सेंट जॉन्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गोला के प्रधानाचार्य फादर अनूप टिर्की को बताई – जहाँ से सलोनी ने 2017 में 12वीं तक की शिक्षा प्राप्त



की थी – तो विद्यालय प्रशासन खुद को गर्वित महसूस करते हुए सलोनी का स्वागत किए बगैर नहीं रह सका। बुधवार 23 अप्रैल की सुबह प्रार्थना सभा में सलोनी का विद्यालय परिसर में अत्यंत गरमजोशी और सम्मान के साथ स्वागत किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर अनूप टिर्की ने सलोनी को शॉल पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा, सलोनी ने यह साबित किया है कि यदि इरादे मजबूत हों तो कोई भी बाधा रास्ता नहीं रोक सकती। संघर्षों से भरी राह और दृढ़ संकल्प की कहानी सलोनी का सफर आसान नहीं था। भटपुरवा कॉलोनी जैसे क्षेत्र में, जहाँ शिक्षा को लेकर आज भी कई तरह की चुनौतियाँ हैं, वहाँ से निकलकर सलोनी ने गोला में अपने ताऊ के घर रहकर पढ़ाई की और सेंट जॉन्स स्कूल से इंटरमीडिएट तक की शिक्षा प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने कमला नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, सुलतानपुर से बीटेक किया। बीटेक के बाद उन्होंने एस एस सी सीजीएल की तैयारी शुरू की और महिला वर्ग में पहला स्थान प्राप्त किया। अब उनका चयन कस्टम इंस्पेक्टर (एग्जामिनर) पद के लिए हुआ है। सलोनी ने बताया कि उन्हें 26 अप्रैल को नियुक्ति पत्र सौंपा जाएगा। प्रेरणा बनीं सलोनी, छात्र-छात्राओं को दिया संकल्प का संदेश अपने संबोधन में सलोनी ने कहा, सपनों को सच करने के लिए मेहनत का कोई विकल्प नहीं है। रास्ता कठिन होगा, लेकिन विश्वास बनाए रखो, सफलता निश्चित है। उन्होंने अपने संघर्षों और असफलताओं को साझा करते हुए उपस्थित छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा दी। परिवार और शिक्षक रहे भावुक, स्कूल में गूंजे तालियों के स्वर इस अवसर पर सलोनी के माता-पिता और ताऊ-ताई भी उपस्थित रहे। अपने प्रिय शिक्षकों के साथ उन्होंने एक ग्रुप फोटो भी खिंचवाया, जो उस भावुक क्षण का सजीव प्रमाण था। विद्यालय प्रांगण तालियों की गूंज और स्नेहिल दृष्टियों से भर गया था। यह दिन सेंट जॉन्स स्कूल के लिए भी विशेष था – जब उसकी एक छात्रा ने अपने कर्म, समर्पण और साहस से समाज को बताया कि किसी भी कोने से, कोई भी बच्चा बड़े सपने देख सकता है और उन्हें साकार भी कर सकता है।

# गोपीगंज पुलिस टीम द्वारा सी.ई.आई.आर. पोर्टल के माध्यम से मात्र आठ दिन में एंड्रॉयड मोबाइल फोन किया गया बरामद

## बरामदशुदा मोबाइल फोन सम्बन्धित मोबाइल स्वामी को किया गया सुपुर्द

पहल टुडे

### अपना खोया हुआ मोबाइल पाकर मोबाइल स्वामी ने भदोही पुलिस का किया हृदय से धन्यवाद

भदोही। मोबाइल फोन गुम हो जाने के संबंध में शिकायतकर्ताओं द्वारा सी.ई.आई.आर. पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज की जाती है। प्राप्त शिकायतों पर संबंधित थाना द्वारा नियमानुसार कार्यवाही करते हुए मोबाइल फोन बरामद करने की कार्यवाही की जाती है। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक द्वारा पोर्टल के माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर सम्बन्धित थाना प्रभारियों को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देश दिए गए हैं। उक्त के क्रम में चन्द्रेश यादव पुत्र डा0 राम लोलारक यादव निवासी जगदीशपुर थाना गोपीगंज जनपद भदोही द्वारा दिनांक 14.04.2025 को रेडमी




एंड्रॉयड मोबाइल फोन के गुम हो जाने की शिकायत सी.ई.आई.आर. पोर्टल पर किया गया था। प्राप्त शिकायत पर डॉ0 आशुतोष कुमार प्रभारी निरीक्षक गोपीगंज के नेतृत्व में थाना गोपीगंज पुलिस टीम द्वारा अथक प्रयास करते हुए मात्र आठ दिन में पीड़ित का मल्टीमीडिया मोबाइल फोन बरामद कर आज दिनांक-23.04.2025 को बरामदशुदा मोबाइल को उनके वास्तविक स्वामी को सुपुर्द किया गया। अपना खोया हुआ मोबाइल पाकर आवेदक द्वारा अपार प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पुलिस अधीक्षक भदोही व पुलिस टीम को धन्यवाद प्रकट करते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी। बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक गोपीगंज डॉ आशुतोष कुमार तिवारी उ0नि0 राजेश कुमार यादव, श्याम सुंदर यादव कंप्यूटर ऑपरेटर, पंकज मौर्या कंप्यूटर ऑपरेटर शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा युवा मोर्चा नेता विवेक सिंह ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से की वार्ता



जनपद बुलंदशहर। की विधानसभा शिकारपुर थाना सलेमपुर के ग्राम आजमपुर दरियापुर से श्री विवेक सिंह भाजपा युवा नेता ने जनपद बुलंदशहर के श्री दिनेश कुमार सिंह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जी से कार्यालय पर जाकर शुभकामना प्रेषित की बुलंदशहर जनपद की पुलिस वह उनके लाइन ऑर्डर से संबंधित चर्चा की और कुशाल क्षेम जाना कानून व्यवस्था संबंध में वार्ता की गई।

### तेज आवाज में गाने बजाने को लेकर दो पक्षों में भिड़ंत, महिला से मारपीट, टीन तोड़ने का आरोप

गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर): कोतवाली गोला के ग्रांम पिपरिया गंगा में मंगलवार सुबह तेज आवाज में गाने बजाने को लेकर हुआ विवाद मारपीट में तब्दील हो गया। विवाद में एक महिला के साथ मारपीट और घर के टीन तोड़ने का आरोप सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित काबुल सिंह की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर ली है। पीड़ित काबुल सिंह पुत्र गोपाल सिंह निवासी पिपरिया गंगा, पोस्ट मूड़ा सावारान, थाना गोला के अनुसार, सुबह करीब 9:00 बजे विपक्षीगण हरपाल सिंह, गुरजंट सिंह, अमृत सिंह, शीतल सिंह, प्रकाश और बांकेलाल उनके घर के बाहर तेज आवाज में गाने बजा रहे थे। जब उनकी पत्नी गुरविंदर कौर ने उन्हें समझाने की कोशिश की, तो विवाद बढ़ गया। काबुल सिंह के अनुसार, विपक्षियों ने आक्रोशित होकर उनके घर पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। टीन शेड तोड़ डाली। साथ ही, उनकी पत्नी को भद्दी भद्दी गालियां देते हुए मारपीट की, जिससे उन्हें गंभीर अंदरुनी चोटें आई हैं।घटना से भयभीत होकर काबुल सिंह ने तत्काल गोला कोतवाली में पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक के अनुसार, तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवती लापता,

गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर): गोला कोतवाली क्षेत्र के एक मुहल्ला निवासी 21 वर्षीय युवती के लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। परिजनों ने युवती के गायब होने का आरोप अर्जुन नगर कॉलोनी निवासी एक युवक पर लगाया है। पीडित पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी पुत्री एक दिन पूर्व सुबह करीब 3:00 बजे से घर से लापता है। परिजनों ने उसे आसपास और रिश्तेदारों के यहां काफी तलाशा, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। तलाश करने पर पता चला कि अर्जुन नगर कॉलोनी निवासी विशाल कश्यप पुत्र अज्ञात उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।

### युवक ने पेड़ से फांसी लगाकर की आत्महत्या, पास से मिला जहरीली दवा का डिब्बा

लखीमपुर खीरी। जनपद के मैलानी थाना क्षेत्र अंतर्गत संसारपुर कस्बे में बुधवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई जब बाबा जय गुरु देव आश्रम के निकट एक युवक का शव पेड़ से लटका हुआ मिला। मृतक की पहचान 45 वर्षीय संतोष कुमार पुत्र रामभरोस, निवासी संसारपुर के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना सुबह करीब 7 बजे की है, जब लोगों ने संतोष का शव पेड़ से लटकता देखा।

# ट्रैक्टर खड़ा करने के विवाद में ताबड़तोड़ हमला, कई लोग घायल, मुकदमा दर्ज

पहल टुडे

गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर): थाना क्षेत्र के गांव लखरावां में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। विवाद की शुरूआत खेत के किनारे ट्रैक्टर खड़ा करने को लेकर हुई, जो देखते ही देखते झड़प के बाद मारपीट में तब्दील हो गई। मामले में एक पक्ष के तीन लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव लखरावां निवासी हरपाल सिंह पुत्र शीतल सिंह अपने खेत में खाद डालने के लिए ट्रैक्टर लेकर गया था। ट्रैक्टर को खेत के किनारे खड़ा करने पर पड़ोसी विपक्षी गण सुक्खा सिंह, देवेन्द्र सिंह, काबल सिंह, जीत सिंह, अंग्रेज सिंह, जगरात सिंह, गुरुमीत सिंह और अमनदीप कौर ने विरोध जताया और मौके पर पहुंचकर हरपाल सिंह को घेर लिया। झगड़ा इतना बढ़ गया कि विपक्षी पक्ष ने फावड़ा और बांका जैसे धारदार हथियारों से हमला बोल दिया।

हमले में हरपाल सिंह समेत उनके लेबर बांकेलाल और प्रकाश को गंभीर चोटें आईं। हरपाल सिंह के अनुसार, उनके सिर में अंदरुनी चोट और पैर में गहरे घाव हैं जिससे खून बहने लगा। यही नहीं, जब हरपाल सिंह का भाई अमृतपाल सिंह मौके पर पहुंचा तो उसे भी विपक्षियों ने उसे भी पीटा और उसके कपड़े फाड़ दिए।

झगड़े में ट्रैक्टर को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया है।

घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीणों ने किसी तरह बीच बचाव कर पीड़ित पक्ष की जान बचाई। हरपाल सिंह ने कोतवाली गोला पहुंचकर तहरीर दी।

पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर उपनिरीक्षक निर्मल कुमार को जांच सौंपी है।

# अलग-अलग जगह फड़ लगा कर जुआ खेल रहे 9जुआरी पकडे ताश की गड्डी व 2500/नगद बरामद

पहल टुडे, अजय भारद्वाज

हाथरस सादाबाद /पुलिस अधीक्षक हाथरस चिरंजीव नाथ सिन्हा के आदेशानुसार जुआ/सट्टे की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक हाथरस के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सादाबाद के निकट पर्यवेक्षण में थाना सादाबाद प्रभारी योगेश कुमार व पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए अलग-अलग जगहों से 09 अभियुक्तों को हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते समय गिरफ्तार किया गया है । जिनके कब्जे से 2,500/- रुपए नगद व 52-52 पत्ता ताश बरामद हुए है ।. सलमान पुत्र हनीफ निवासी मौ0 व्यापारियान कस्वा व थाना सादाबाद हाथरस ।

2. वसीम पुत्र यूनिस अली निवासी मौहल्ला व्यापारियान कस्वा व थाना सादाबाद हाथरस ।

3. गुलफाम पुत्र निजाम निवासी मौ0 व्यापारियान कस्वा व थाना सादाबाद हाथरस ।



4. फहीम पुत्र नकीम कुरैशी निवासी मौ0 व्यापारियान कस्वा व थाना सादाबाद हाथरस ।

5. राजकुमार गिरी पुत्र सरदार सिंह निवासी मो0 चावडवाला कस्वा व थाना सादाबाद ।

6. टिंकू पुत्र सूरजपाल निवासी मो0 चावडवाला कस्वा व थाना सादाबाद।

7. रमेशचन्द्र पुत्र बिट्टी राय निवासी मो0 चावडवाला कस्वा व थाना सादाबाद ।

8. रविकान्त पुत्र मोहनलाल निवासी कश्यपनगर कस्वा व थाना सादाबाद जनपद हाथरस ।

9. कन्हैयालाल पुत्र रामप्रकाश निवासी कश्यपनगर कस्वा व थाना सादाबाद जनपद हाथरस ।

की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सादाबाद पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

# गन्ना चोरी पर पुलिस की चुप्पी, किसान की मेहनत पर पानी

पहल टुडे

गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)। गांव गोपालापुर में एक किसान के खेत से करीब 40 क्विंटल गन्ना बीज चोरी होने के मामले में पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। उच्च अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद भले ही एफआईआर दर्ज कर ली गई हो, लेकिन अब पुलिस इस मामले की जांच और खुलासे को लेकर पूरी तरह से उदासीन नजर आ रही है। इस बीच सीसीटीवी फुटेज जो कि इस मामले में अहम सुराग साबित हो सकते थे, समय रहते संजोकर नहीं रखे गए, जिससे अब उनमें से अधिकांश डिलीट हो चुके हैं। किसान की मेहनत और भविष्य की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है, लेकिन पुलिस इसे गंभीरता से नहीं ले रही। 27 मार्च की रात हुआ था गन्ना बीज चोरी ग्राम अलीगंज निवासी किसान शिवप्रसाद वर्मा के बेटे सचिन वर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका खेत गोपालापुर गांव में है। 27 मार्च की रात को उसने नहर किनारे खेत पर बोने के लिए करीब 40 क्विंटल गन्ने का बीज एकत्र किया था। अगली सुबह जब वह खेत पर पहुंचा तो सारा बीज गायब मिला। स्थानीय लोगों से पूछताछ की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद अलीगंज से लेकर गोला तक के कई सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, जिनमें एक ट्रैक्टर डनलप पर गन्ना लादकर ले जाते हुए दिखाई दे रहा है। यह फुटेज अलीगंज चौकी सहित गोला कोतवाली पुलिस को सौंपा गया, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। कोतवाल की बेरुखी, सबूत हो रहे गायब पीड़ित का आरोप है कि कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह को कई बार मामले की जांच के लिए कहा गया, लेकिन हर बार व्यस्तता का बहाना बना दिया गया। रिपोर्ट दर्ज कराने में ही 18दिन लग गए और जब तक पुलिस हरकत में आती, तब तक कई दुकानों और चौराहों के सीसीटीवी फुटेज अपने आप ओवरराइट होकर डिलीट हो गए। पुलिस की इस लापरवाही से न केवल साक्ष्य नष्ट हो गए बल्कि मामले का खुलासा होना भी अब मुश्किल नजर आ रहा है।

# लन्याय के लिए भटकता बुजुर्ग-सुस्त और लापरवाह प्रशासन की मार झेलता परिवार

पहल टुडे

लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश सरकार जहां भ्रष्टाचार मुक्त शासन और त्वरित न्याय का दावा कर रही है, वहीं जमीनी हकीकत कुछ और ही तस्वीर पेश कर रही है। जनपद लखीमपुर खीरी से एक ऐसा मामला सामने आया है जिसने प्रशासन की सुस्ती, संवेदनहीनता और लापरवाही की सारी सीमाएं लांघ दी हैं। यह पूरा मामला संकटा देवी मोहल्ला निवासी वरिष्ठ पत्रकार शंकर लाल अग्रवाल से जुड़ा है, जो इन दिनों न्याय के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। शंकर लाल अग्रवाल और सत्य प्रकाश गोयनका के बीच एक पुश्तैनी मकान को लेकर सत्र न्यायालय में मामला विचाराधीन है। इस बीच जब शंकर लाल अग्रवाल अपनी पत्नी संतोष अग्रवाल और माताजी के साथ कुछ समय के लिए शहर से बाहर गए हुए थे, तभी मौके का फायदा उठाकर सत्य प्रकाश गोयनका के परिजनों ने उनकी अनुपस्थिति में उनके मकान पर अवैध कब्जा करने और जान से मारने की सुनियोजित साजिश रची। सत्य प्रकाश गोयनका के छोटे पुत्र फकीर चंद अग्रवाल और पुत्री प्रियंका अग्रवाल (पत्नी अरुण अग्रवाल) ने न सिर्फ. शंकर लाल अग्रवाल के मकान के मुख्य द्वार पर अवैध दीवार खड़ी कर दी, बल्कि प्रथम तल पर लगे गेट का ताला तोड़कर उनके फ्लैट में जाने वाले रास्ते पर जानलेवा जाल बिछा दिया। मकान के रास्तों में बड़े-बड़े गड्ढे बना दिए गए, ताकि जैसे ही बुजुर्ग दंपत्ति लौटें तो अनजाने में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो जाएं। इस साजिश का दायरा केवल जानलेवा हमले तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि शंकर लाल अग्रवाल के फ्लैट में रखा हुआ निजी सामान, महत्वपूर्ण दस्तावेज, नगदी और पुश्तैनी गहनों से भरे बक्सों के ताले भी तोड़ डाले गए और कीमती सामान की चोरी भी कर ली गई। 29 मार्च 2025 की रात करीब 9 बजे जब शंकर लाल अग्रवाल अपनी पत्न ी के साथ लौटे, तो सबसे पहले मुख्य द्वार पर खड़ी गैरकानूनी दीवार देख सन्न रह गए। जैसे ही उन्होंने प्रथम तल पर स्थित अपने फ्लैट की ओर कदम बढ़ाए, साजिशन तैयार किए गए गड्ढों में फंसकर सीधे ग्राउंड फ्लोर पर जा गिरे। इस हादसे में उन्हें गंभीर चोटें आईं। इसके बाद यह भी पता चला कि उनके कीमती दस्तावेज और गहनों की चोरी हो चुकी है। पूरी घटना के चश्मदीद गवाह केशव अग्रवाल पुत्र स्वर्गीय राम गोपाल अग्रवाल मौजूद रहे, जिन्होंने फोटो और अन्य सबूत भी प्रशासन को सौंपे। बावजूद इसके, लखीमपुर पुलिस की नींद नहीं खुली। पीड़ित ने 30 मार्च 2025 को थाना लखीमपुर में तहरीर दी, लेकिन किसी प्रकार की एफआईआर तक दर्ज नहीं की गई। इसके बाद 4 अप्रैल को एसपी लखीमपुर खीरी को रजिस्ट्री द्वारा लिखित शिकायत भेजी गई। जब वहां से भी कोई राहत नहीं मिली, तो प्रधानमंत्री कार्यालय में पीएमओ ऐप के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई गई। इसके अलावा उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज की गई। इतना ही नहीं, शंकर लाल अग्रवाल 7 अप्रैल 2025 को माननीय मुख्यमंत्री के जनता दरबार में पहुंचे, जहाँ पर मामले को गंभीरता से सुनकर लखीमपुर के पुलिस अधीक्षक को आवश्यक कार्यवाही का निर्देश दिया गया। इतने प्रयासों और गुहार के बाद भी न तो एफआईआर दर्ज की गई और न ही किसी आरोपी की गिरफ्तारी हुई। जब दबाव बढ़ा, तो 9 अप्रैल 2025 को प्रशासन ने औपचारिक रूप से मात्र मौका मुआयना किया, लेकिन दोषियों के खिलाफ न कोई कार्रवाई हुई, न ही विवेचना पूरी की गई और सीधे बिना पूछताछ, बिना बयान और बिना गवाही के रिपोर्ट प्रेषित कर दी गई। बता दें कि शंकर लाल अग्रवाल एक हार्ट पेशेंट हैं और कई वर्षों से लखनऊ से इलाज करवा रहे हैं। उनकी पत्नी संतोष अग्रवाल गठिया जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रही हैं। इस घटना के चलते उनकी मानसिक और शारीरिक पीड़ा और बढ़ गई है। परिवार इस त्रासदी से उबरने के बजाय अब और गहरे सदमे में डूबता जा रहा है। शंकर लाल अग्रवाल का सीधा आरोप है कि पुलिस प्रशासन जानबूझकर आरोपियों के पक्ष में कार्य कर रहा है।

# एएसपी शुभम अग्रवाल द्वारा प्रतिदिन की भांति जनता दर्शन में आए फरियादियों की सुनी गई समस्याएं

## प्राप्त जन शिकायतों के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश

पहल टुडे

भदोही। प्रतिदिन की जा रही जनसुनवाई के क्रम में बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल द्वारा जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं व शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया गया। महोदय द्वारा सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि जनसुनवाई/महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित व शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से अपने थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो। साथ ही जिस




समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें। इसी क्रम में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारीगण व थाना प्रभारियों द्वारा कार्यालय/थाना पर जनसुनवाई करते हुए प्राप्त जन शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया जा रहा है।

# उपायुक्त उद्योग प्रेमकान्त ने बताया है कि मुख्यमन्त्री युवा उद्यमी विकास अभियान की कार्यशाला का आयोजन

पहल टुडे/ राहुल उपाध्याय

एटा। उपायुक्त उद्योग प्रेमकान्त ने बताया है कि मुख्यमन्त्री युवा उद्यमी विकास अभियान की कार्यशाला का आयोजन खण्ड विकास कार्यालय शीतलपुर के सभागार में किया गया। उपायुक्त उद्योग प्रेमकान्त द्वारा कार्यशाला में उपस्थित रोजगार सेवकों स्वयं सहायता समूह की महिलाओं एवं क्षेत्र के नवयुवकों, नवयुतियों को सम्बोधित करते हुये, बताया गया कि प्रदेश सरकार द्वारा बेरोजगारी पर प्रहार करने, स्वयं को स्वाभलम्बन बनाने, जीवनयापन को आगे बढ़ाने के लिये प्रदेश सरकार द्वारा बहुत ही महत्वपूर्ण योजना मुख्यमन्त्री युवा उद्यमी विकास योजना आपके लिये चलायी जा रही है। इसके अन्तर्गत युवा टमाटो कैचप, लहसन अदरक पेस्ट, चिप्स केक, भारतीय निष्ठान, दालों की प्रोसेसिंग आटा, खाद्य तेल, डेयरी प्रोडक्ट्स, फर्नीचर, अल्मारी बक्सा, एवं आयरन फेब्रीकेशन आदि का कार्य भी कर सकते हैं। कार्यशाला में उपस्थित युवाओं/युवतियों से अपेक्षा की गयी कि प्रण लेकर जाये, और सरकार की महत्वपूर्ण योजना का लाभ आप स्वयं लें तथा दूसरे युवाओं को भी प्रेरित करें। योजनान्तर्गत लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदक की आयु 21 से 40 वर्ष के मध्य हो. कम से कम कक्षा-8 उत्तीर्ण हो, आवेदक के पास आधार कार्ड, बैंक खाता की पासबुक, प्रोजेक्ट रिपोर्ट के साथ अपना आवेदन पत्र वेबसाइट www.msme.up.gov.in पर कर सकता है। आवेदक का आवेदन पत्र तत्काल सम्बन्धित बैंक शाखा को अग्रसारित कर दिया जाता है। खण्ड विकास अधिकारी शीतलपुर प्रभूदयाल ने अपने सम्बोधन में अपने अधीनस्थ ग्राम पंचायत अधिकरियों को निर्देश दिये गये कि वे अपनी अपनी पंचायतों में सी०एम०युवा उद्यमी विकास योजना की कार्यशालायें आयोजित कर, ग्राम के नवयुवकों को योजना की जानकारी देते हुये उन्हें प्रेरित करें, कि नौकरी की ओर न जाकर अपने स्वयं के कारोबार को आगे बढाये, और दूसरों को अपने कारोबार में नौकरी देने वाले बने। अग्रणी जिला प्रबन्धक, प्रीतम सिंह द्वारा अपने सम्बोधन में युवाओं को प्रेरित करते हुये अवगत कराया गया कि भारतीय इतिहास में सी०एम०युवा उद्यमी विकास योजना पहली ऐसी योजना है, जिसमें लाभार्थी को कोई ब्याज भी नहीं देना होता, लाभार्थी की ओर से ब्याज की धनराशि बैंक को सरकार वहन करती है साथ ही साथ लाभार्थी को ऋण वितरण धनराशि को 10 प्रतिशत सब्सिडी भी देती है। कायार्शाला में उपस्थित सभी नवयुवकों नययुवतियों को योजना के पेम्पलेट भी वितरण किये गये। इस अवसर पर प्रेमकान्त, उपायुक्त उद्योग, अग्रणी जिला प्रबन्धक, प्रीतम सिंह, खण्ड विकास अधिकारी प्रभूदयाल, डी०डी०एम० नावार्ड पवन कुमार, सहायक आयुक्त उद्योग अनिल कुमार शर्मा, एडीओ पंचायत सोमेन्द्र सिंह, के अलावा रोजगार सेवक, स्वयं सहायता समूह की महिलायें, एवं क्षेत्र के नवयुवक एवं नवयुवतियां दीपशिखा, विमलादेवी, अंकिता, सपना, रवीकुमार, चरनसिंह, मुकेश कुमार, अंजली, नसीम, सर्वेश कुमार, बुजेश कुमार, कुलदीप कुमार, संदीप कुमार, अपनेन्द्र कुमार, रविता, बलवीर सिंह, पूनमदीपक, रिया, संजना, रजनी के अलावा जिला उद्योग केन्द्र के जमील अख्तर, वेदप्रकाश, गौरव सचान, राजीव कुमार, इन्द्रपाल सिंह, वीरेन्द्र पाल आदि उपस्थित रहे।

# निवर्तमान डीएम विशाल भारद्वाज को दी गई भावभीनी विदाई

पहल टुडे

कुशीनगर। उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज का स्थानांतरण (गैर जनपद लखनऊ) विशेष सचिव माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन में होने पर बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त विभागो के संयुक्त तत्वावधान में सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें भावपूर्ण विदाई दी गई। कलेक्ट्रेट सभागार में उपस्थित अधिकारियों ने बारी बारी से जिलाधिकारी के साथ कार्य अनुभवों का साझा किया। अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा निवर्तमान डीएम विशाल भारद्वाज को माला पहनाया गया, सॉल, बुके दिया गया एवं महात्मा बुद्ध तथा श्रीराम की प्रतिमा स्वरूप स्मृति चिह्न भेंट किया गया। उपस्थित सभी अधिकारियों द्वारा उनके कार्यकाल की सराहना मुक्त कंठ से की गई। कलेक्ट्रेट एवं विकास भवन के अधिकारियों तथा कर्मचारियों के संयुक्त संयोजन में विदाई समारोह




आयोजित कर निवर्तमान जिलाधिकारी को सम्मानित किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी श्री भारद्वाज ने कहा कि स्थानांतरण सर्विस का एक अभिन्न अंग है। अपने लगभग सात से आठ माह के कार्यकाल के दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों से मिले सहयोग के लिए आभार जताया। सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के कार्यों की सराहना की। कहा की मेरे पश्चात आने वाले नवागत जिलाधिकारी के कुशल नेतृत्व में जनपद में विकास के कार्यों को और गति मिलेगी। जिलाधिकारी श्री भारद्वाज ने अपेक्षा कि, की कुशीनगर के विकास के मद्देनजर सभी अधिकारी टीम के रूप में कार्य करते रहे। जो प्यार ,आदर और सम्मान मिला है उसे जीवन भर नहीं भुला सकता। मैने अपने छोटे से कार्यकाल में बेहतर प्रशासन मुहैया कराने का प्रयास किया। जिस प्रकार क्रिकेट में कोई ऑलराउंडर होता है, कोई बल्लेबाज होता हैं, को गेंदबाज होता है, सभी के सामूहिक योगदान से ही कोई भी जीत हासिल होती है। उसी प्रकार सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समुचित एवं सार्थक प्रयास से ही किसी भी जनपद का बेहतर विकास संभव है।सभी अधिकारी एवं कर्मचारी हमेशा सकारात्मक सोच रखें एवं आपके स्तर से अगर किसी व्यक्ति को सहायता मिल सकती है तो उसकी हमेशा सहायता करें। कम समय में ज्यादा ऊर्जा और एफिशिएंसी के साथ कार्य करें। नौकरी के दौरान अपने स्वयं का ,परिवार का भी ख्याल रखें। जीवनपर्यंत सीखते रहने का प्रयास करें। सीखना कभी बंद न करें। इसके लिए चर्चा परिचर्चा बहुत ही आवश्यक है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव मिश्रा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रेम कुमार राय, प्रभागीय वनाधिकारी श्री वरुण , डीडीओ कल्पना मिश्रा, डीसी एन आर एल एम राजेंद्र प्रसाद, सिंह,परियोजना निदेशक जगदीश त्रिपाठी, तमकुहीराज तहसील के उप जिलाधिकारी ऋषभ राज पुंडरी, डीसी मनरेगा राकेश, अपर जिला सूचना अधिकारी राहुल कुमार, डीआईओ एनआईसी मनीष कुमार गुप्ता, अधि0 अधिकारीगण, बीडीओ, क्रीड़ा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक प्रियदर्शी, समस्त कलेक्ट्रेट एवं विकास भवन के अधिकारियों व कर्मचारियों आदि ने पुष्पगुच्छ, स्मृति चिन्ह, बुके देकर एवं माल्यार्पण कर निवर्तमान जिलाधिकारी को भावभीनी विदाई दी ।

# रिकॉर्ड विभाग के कर्मचारी नहीं दे सके खसरा संबंधी जानकारी 6 को नोटिस

## नगर आयुक्त ने किया निगम के अलग-अलग विभागों का निरीक्षण

## डोर टू डोर कचरा कलेक्शन और व्हीकल मॉनिटरिंग की मांगी रिपोर्ट

पहल टुडे





प्रयागराज। नगर आयुक्त सीलम साईं तेजा ने बुधवार को नगर निगम के विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान रिकॉर्ड विभाग की लापरवाही सामने आने पर नगर आयुक्त ने विभाग के सभी 6 नियमित कर्मचारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। दरअसल जब उन्होंने कर्मचारियों से जमीन के खसरा से सम्बंधित सिलसिलेवार जानकारी मांगी तो वे कोई उत्तर नहीं दे सके जिससे नगर आयुक्त ने नाराजगी जताई और सभी को फटकार लगाई।नगर आयुक्त ने निरीक्षण की शुरूआत जलकल विभाग से की जहां उन्होंने कार्यालय की बदहाल स्थिति पर चिंता व्यक्त की और रंगाई-पुताई के साथ साथ आम जनता के लिए बैठने की उचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया।इसके बाद वे रिकॉर्ड विभाग पहुंचे, जहां कर्मचारियों के असंतोषजनक जवाबों से आक्रोशित होकर उन्होंने सभी 6 कर्मचारियों मोहम्मद रेहान अर्चना कुल्लू रमेश चंद्र रावत प्रवेश कुमार पवार रणजीत बिष्ट और छेदी लाल को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए। साथ ही विभाग में सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश भी दिए ताकि निगरानी प्रणाली को बेहतर बनाया जा सके।निरीक्षण के क्रम में नगर आयुक्त ने खजाना सिविल विभाग स्मार्ट सिटी कार्यालय और एस डब्ल्यू एम कंट्रोल रूम की भी समीक्षा की। स्मार्ट सिटी कार्यालय में शिकायत और कलेक्शन विंडो पर कार्यरत कर्मचारियों से संवाद कर उन्होंने एक सप्ताह का रिकॉर्ड प्रस्तुत करने का आदेश दिया। एसडब्ल्यूएम कन्ट्रोल रूम में उन्होंने डोर टू डोर कचरा कलेक्शन की स्थिति जानी और एआई एवं जीपीएस मॉनिटरिंग सिस्टम की कार्यक्षमता की समीक्षा की।उन्होंने वाहनों की जोनवार स्थिति और कचरा कलेक्शन की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा।बसवार स्थित डंपिंग यार्ड की स्थिति की जब मॉनिटरिंग की गई तो सामने आया कि वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में से केवल एक ही काम कर रहा है।इस पर नगर आयुक्त ने न केवल सभी कैमरे तुरंत ठीक कराने के निर्देश दिए, बल्कि उनकी संख्या बढ़ाने का भी आदेश दिया।

उन्होंने शहर में अन्य खराब मॉनिटरिंग कैमरों को भी शीघ्र सुधारने और मेंटेनेंस में लापरवाही बरतने वाले वेंडर की पेमेंट काटने के निर्देश दिए।नगर आयुक्त सीलम साईं तेजा ने स्पष्ट किया कि निगम कार्यों में पारदर्शिता और दक्षता पहली प्राथमिकता है।

और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त दीपेन्द्र यादव सहायक नगर आयुक्त दीपशिखा पाण्डेय पर्यावरण अभियन्ता उत्तम वर्मा स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट मैनेजर संजय रथ कार्यालय अधीक्षिका अनुपमा श्रीवास्तव नगर आयुक्त के निजी सचिव एस एस त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी भी साथ मौजूद थे।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता और स्वच्छता का संदेश

प्रयागराज। विश्व पृथ्वी दिवस पर संगम नोज पर जिला गंगा समिति गंगा टास्क फोर्स गंगा विचार मंच के संयुक्त प्रयास से जन जागरूकता और स्वच्छता श्रमदान के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया गया।कार्यक्रम में कर्नल सौरभ मल्होत्रा नमामि गंगे संयोजक अनामिका चौधरी जिला परियोजना अधिकारी एषा सिंह सूबेदार सर्वेश तिवारी निर्मल कांत उपस्थित रहे कर्नल सौरभ मल्होत्रा ने कहा कि पृथ्वी दिवस का उद्देश्य प्रकृति संसाधनों के संरक्षण हेतु आम जन में जिम्मेदारी की भावना जगाना है।डीपीओ एषा सिंह ने बताया कि इस वर्ष की थीम 'हमारी शक्ति हमारा ग्रह'है।जो नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने पर केंद्रित है।संयोजक अनामिका चौधरी ने गंगा नदी को स्वच्छ रखने के लिए सभी से सहयोग की अपील की।निर्मल कान्त ने फॉरेस्ट कवर बढ़ाने के महत्व पर प्रकाश डाला जिससे धरती के तापमान में कमी लाई जा सकती है।सूबेदार सर्वेश तिवारी ने दैनिक जीवन में पर्यावरण अनुकूल कार्यों को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया।कार्यक्रम में उपस्थित संस्थान एवं स्वच्छ ग्राही के मदद से संगम तट पर जमा हुए प्लास्टिक कूड़ा और अन्य अपशिष्ट पदार्थों को एकत्रित कर स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा स्थानीय जनमानस को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।कार्यक्रम में हवलदार बृजेश हवलदार मनोज नायक मुकेश नायक महेन्द्र सीमा आदि उपस्थित रहे।

## डबल इंजन की सरकार डबल झटका दे रही हैं जनता को-उज्जवल रमण सिंह

### बिजली बिल बढ़ोत्तरी जनविरोधी-सांसद प्रयागराज




पहल टुडे

प्रयागराज।सांसद उज्जवल रमण सिंह ने बिजली बिल बढ़ोत्तरी पर विरोध दर्ज करते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार में डबल्स झटके दिऐ जा रहे है। जनता को इस मंहगाई के दौर में केंद्र के द्वारा डीजल पेट्रोल की मूल्य वृद्धि विगत दिनों पूर्व किया गया उसके सापेक्ष में 1.24 प्रतिशत फ्यूल सरचार्ज विधुत बिल में लगाकर उत्तर प्रदेश सरकार जनता को झटके पर झटके दें रहे हैं।सांसद प्रतिनिधि विनय कुशवाहा ने बताया कि सांसद उज्जवल रमण सिंह आजकल मुम्बई में राज्यभाषा संसदीय समिति के संयोजक के तौर पर विभिन्न कम्पनी संस्थानों विभागों की मीटिंग ले रहे हैं।उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा फ्यूल सरचार्ज लगाने पर आपत्ति जताई और कहा कि बिजली बिल बढ़ोत्तरी जन विरोधी निर्णय हैं उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार से फायेदे कम और जनता को नुकसान ज्यादा हो रहा है केन्द्र प्रदेश सरकार की गलत नीतियों के कारण मंहगाई दिन व दिन बढ़ती जा रही हैं पर सरकार इसकों रोकने के उपाय ढूंढने की जगह रोज टैक्स पर टैक्स थोपे जा रही है।

## 15 दिवसीय बागवानी प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

## सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बालिकाओं को प्रदान किए गए प्रशस्ति पत्र

पहल टुडे



प्रयागराज। राजकीय बालिका गृह खुल्दाबाद में बुधवार को किशोर न्याय समिति उच्च न्यायालय इलाहाबाद के निदेर्शानुसार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज दिनेश कुमार गौतम की अध्यक्षता में 15 दिवसीय बागवानी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया।इस अवसर पर बलराम महाविद्यालय के विभाग अध्यक्ष डॉक्टर शाह आलम व उनके सहयोगियों द्वारा नारी निकेतन व बालिका गृह की बालिकाओं को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें बागवानी के बारे में बताया गया।दिनेश कुमार गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज द्वारा समस्त बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी अधीक्षिका नीतू सिंह रूबी मेराज आदि उपस्थित रहे।यह जानकारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दिनेश कुमार गौतम द्वारा प्रदान की गई।

## भाजपा नेता इन्द्रदेव शुक्ल ने कैडल मार्च निकालकर हमले में मृत पर्यटको को दी श्रद्धांजलि

पहल टुडे






प्रयागराज। यमुनानगर अन्तर्गत मेजा विधान सभा क्षेत्र के मेजा रोड पटेल नगर चौराहे के समीप डी जी एस गेस्ट हाउस में वरिष्ठ भाजपा नेता इन्द्रदेव शुक्ला के साथ एकत्रित होकर कश्मीर के पहलगाम में मारे गए निर्दोष पर्यटकों को कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि दी गई। यह कैडल मार्च डीजीएस गेस्ट हाउस से निकाल कर पटेल नगर चौराहे से होते हुए मेजा रोड चौराहे तक भ्रमणशील रहा। कैंडल मार्च में पाकिस्तान मुदार्बाद पाकिस्तान होश में आओ आदि के नारे भी लगाए गए।भाजपा नेता इन्द्रदेव शुक्ल ने बताया कि जघन्य अपराध करने वाले को सख्त से सख्त सजा दी जाए जिससे भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति न हो सके।इस कैंडल मार्च में भाजपा नेता इंद्रदेव शुक्ल(राजू भैया)राजा अग्रवाल हरिश्चन्द्र दिलीप कुमार रमाशंकर निषाद ओ पी मिश्रा सचिन तिवारी के साथ सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं हिंदू वाहिनी के लोग उपस्थित रहे।

## शक्ति दुबे ने प्रयागराज की खोई गरिमा वापस लायी:उज्ज्वल रमण सिंह

### यूपीएससी परीक्षा टापर शक्ति दुबे का अभिनन्दन-सांसद प्रयागराज





पहल टुडे

प्रयागराज। सांसद उज्जवल रमण सिंह ने शक्ति दुबे के यूपीएससी परीक्षा में देशभर में प्रथम स्थान लाने पर बधाई देते हुए कहा कि पूर्व मे ईस्ट आफ आक्सफोर्ड कहलाने वाले इलाहाबाद विश्वविद्यालय की गरिमा पुनः बहाल कराईं हैं इसके लिए शक्ति दुबे बधाई की पात्र हैं।इनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ।वही सांसद प्रतिनिधि विनय कुशवाहा ने शक्ति दुबे के यूपीएससी परीक्षा में प्रथम स्थान लाने पर ढेर सारी शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

## यूपीएससी टॉपर शक्ति दुबे के आवास पर पहुंचकर पूर्व सांसद एवं पूर्व मंत्री प्रो.रीता बहुगुणा जोशी ने दी बधाई



पहल टुडे

प्रयागराज। पूर्व सांसद एवं पूर्व मंत्री प्रोफेसर रीता बहुगुणा जोशी ने आज शक्ति दुबे के आवास पर पहुंचकर दिया बधाई।प्रोफेसर जोशी ने कहा कि विगत सात सालों के अथक प्रयास के बाद यूपीएससी में सफलता हासिल कर शक्ति रूपी बेटी ने सम्पूर्ण भारत में इतिहास रचा।प्रो जोशी ने कहा शक्ति दुबे ने कभी यह नहीं सोचा था कि वे टॉप करेंगी वो भी चार बार असफल होने के बाद।यही नहीं उन्होंने यूपीएससी अभ्यर्थियों को सलाह दी कि वे परीक्षा के लिए समर्पित रहें लेकिन परीक्षा को कभी भी खुद से अधिक महत्व न दें।प्रोफेसर जोशी ने कहा वे एक साधारण परिवार से आती हैं।शक्ति को बधाई देते हुए प्रो जोशी ने कहा कि उन्होंने उनकी सफलता गुरूजनों के आशीर्वाद परिवार का उनकी योग्यता पर विश्वास तथा स्वयं उनकी लगन और परिश्रम का प्रतिफल है।यह जानकारी प्रोफेसर रीता बहुगुणा जोशी के मीडिया प्रभारी मनु कक्कड़ ने दी।

## प्रयागराज के लिए गौरव का पल:महापौर गणेश केसरवानी

## महापौर ने घर पहुंचकर UPSC सिविल सेवा परीक्षा टॉपर को दी बधाई




पहल टुडे

प्रयागराज। प्रयागराज की बेटी शक्ति दुबे ने संघ लोक सेवा आयोग UPSC सिविल सेवा परीक्षा 2024 के अन्तिम परिणाम में'प्रथम'स्थान प्राप्त होने पर नैनी मामा भांजा उनके आवास पर महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी पहुंचकर उनको बधाई एवं शुभकामनाएं दी महापौर ने कहा आपकी कठिन मेहनत समर्पण और अनुशासन ने आज आपको यह शानदार सफलता दिलाई है।आप पर गर्व है कि आपने अपने लक्ष्य को इतना ऊँचा रखा और उसे हासिल भी किया।आपकी यह सफलता न केवल आपके लिए बल्कि आपके परिवार और पूरे समाज के लिए भी गर्व का विषय है। आशा है कि आप इसी तरह आगे भी नई ऊँचाइयों को छुएं और सफलता की नयी मिसाल कायम करें।महापौर ने और भी सभी सफल अभ्यर्थियों को बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएँ दी।साथ में प्रमोद जायसवाल मोदी गिरिजेश मिश्रा राजन शुक्ला पार्षद संजय कुमार बलराज पटेल कुलदीप गोस्वामी हिमालय सोनकर आदि लोग उपस्थित रहे।

## मधु वाचस्पति इण्टर कॉलेज की छात्रा साधना दिवाकर ने पास की आईएएस की परीक्षा



पहल टुडे

प्रयागराज। यमुनानगर अन्तर्गत में मधु वाचस्पति इण्टर कॉलेज सुलेम सराय प्रयागराज की छात्रा साधना दिवाकर ने 2023-24 में प्रतिष्ठित आईएएस की मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण की है।और हाल ही में अंतिम दौर के घोषित परिणाम में वह आईएएस अधिकारी के रूप में चयनित हुई हैं।ध्यान देने वाली महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्होंने अपने पहले दौर में ही इस विशालकाय परीक्षा को उत्तीर्ण कर लिया जिसमें सफल होने के लिए कई अन्य लोगों को वर्षों लग जाते हैं।बारा विधायक डॉ वाचस्पति ने बताया कि वह अपनी कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा में स्कूल की टॉपर थीं और कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षा में भी टॉपर रहीं और उन्होंने अर्थशास्त्र में सर्वोच्च अंक प्राप्त किए जिसे मानविकी का सबसे कठिन विषय माना जाता है।उनकी प्रशंसा में जितने भी शब्द कहे कम पड़ जाते है।मधु वाचस्पति इण्टर कॉलेज की प्रबंधक मधुपति प्रधानाचार्या शारदा मिश्रा रघुवीर प्रताप आराधना अग्रहरी राम बाबू सहित शिक्षक शिक्षिकाओं ने बधाई दी।


## भीषड़ गर्मी से विद्यालय में बच्चे की नाक से निकला खून



शाहबाद। शाहबाद के प्राथमिक विद्यालय मोहल्ला कानून गोयान में भीषण गर्मी के कारण कक्षा तीन के विद्यार्थी फहद अली पुत्र मुन्ने अली निवासी मोहल्ला अफगनान को नाक से बल्ड आ गया जिसको लेकर विद्यालय में मौजूद बच्चों में अफरा तफरी का माहौल बन गया मामले की सूचना पाकर विद्यालय के अध्यापकों के द्वारा उसका सामुदायिक अस्पताल में प्राथमिक उपचार कराते हुए बच्चे को घर भेज दिया गया।

## शाहबाद में किराने की दुकान से चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़ा , पुलिस ने भेजा जेल

पहल टुडे



शाहबाद। कोतवाली पुलिस ने बताया कि वादी द्वारा अन्य व्यक्तियो की मदद से वादी की परचून की दुकान पुराना बाजार पैट्रोल पम्प के सामने कस्बा शाहबाद से अभियुक्त इन्तजार पुत्र अबरार निवासी मौ0 कस्सावान कस्बा व थाना शाहबाद जनपद रामपुर को चोरी करते हुए पकड लिया एवं अभियुक्त के कब्जे से एक प्लास्टिक का सफेद कट्टा जिसमे (एक फ्रिज का सफेद और लाल रंग का स्टेबलाईजर माईक्रोटेक कम्पनी का, गगन पान मसाला के 5 पैकेट, आज तक कम्पनी की मोम वाली माचिस के 2 पैकेट, 502 पताका बीडी के 2 पैकेट, गोलक छाप बीडी के 2 पैकेट, 1212 आजाद बीडी का एक पैकेट, सफल तम्बाकू के 7 पैकेट, गगन की तुलसी (GG-7) जरदा का एक पैकेट, कैप्सटन सिगरेट के 2 पैकेट, गोल्ड फ्लेग छोटा सिगरेट का 1 पैकेट, एक नीले रंग का प्लास, 100 रू के 2 नोट व 20 रुपए के 2 नोट कुल 240 रू0 नगद ) बरामद हुए।वादी द्वारा अन्य व्यक्तियो की मदद से पकडे गये व्यक्ति, बरामदा माल एवं एक किता लिखित तहरीरी सूचना थाना शाहबाद पर दाखिल की।अभियुक्त एवं बरामदा माल को नियमानुसार कब्जा पुलिस लेकर दाखिला तहरीर देकर आवश्यक कार्यवाही की।

## पहलगाम आतंकी हमले की दुखद घटना पर शाहबाद में वकीलों ने मनाया शोक, दी श्रद्धांजलि

पहल टुडे ,सै फहीम आतिश



शाहबाद। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की घटना ने पूरे देश को झंझोर कर रख दिया है जिसकी सूचना पर बुधवार को तहसील शाहबाद परिसर में वकीलों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई इसके साथ ही उन्होंने दो मिनट का मौन रखा । वकीलों ने कहा की इस हृदयविदारक घटना ने सम्पूर्ण देश को झकझोर दिया है। हम सरकार से मांग करते हैं उपरोक्त प्रकट में गंभीरता से जांच करते हुए आतंकवादी ठिकानों को चिन्हित करने नष्ट किया जाए एवं हमले में मारे गए सभी मृतकों के परिवार को कम से कम 50-50 लाख का मुआवजा मिले। इस दौरान शाहबाद के अध्यक्ष एडवोकेट तकरीर उर रहमान ,मनोज भारद्वाज , शुजाउल मियां,अशफाक अहमद, अनोद कुमार शर्मा, रामावतार सिंह यादव नन्हे सिंह ,घरेंद्र सिंह यादव,रोहित कुमार, हरीश कुमार ,बृजपाल सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

## शहजादनगर पुलिस के द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर किया जा रहा जागरूक

विनोद कुमार गुप्ता



रामपुर। उत्तर प्रदेश शासन के आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक, रामपुर एवं अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर के निर्देशन में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वाबलम्बन हेतु मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिला सुरक्षा दल थाना शहजादनगर द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत छात्र-छात्राओं एवं महिलाओं को साइबर क्राइम से बचने के उपाय, महिला सम्बन्धी अपराध, हेल्पलाइन नंबरों (1930-साइबर क्राइम, 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076झमुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइ, 102-स्वास्थ्य सेवा) एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया ।

# कासगंज कोर्ट में अधिवक्ताओं ने बैठक कर जताया आक्रोश

## अधिवक्ताओं ने केंद्र सरकार से की कठोर कार्रवाई की मांग

पहल टुडे,जितेंद्र सिंह



कासगंज। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में धर्म के नाम पर खून बहा। आतंकवादियों ने धर्म पूछ कर 28 हिन्दुओं की निर्मम हत्या कर दी। जिससे अधिवक्ता समाज में काफी आक्रोश है। बुधवार को घटना से आहत होकर अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। उन्होंने बैठक कर घटना की कड़ी निंदा करते हुए केंद्र सरकार से कठोर से कठोर कार्रवाई की मांग की। बुधवार को न्यायालय परिसर में कासगंज बार एसोसिएशन की बैठक उपाध्यक्ष अधिवक्ता अनुराग शर्मा की मौजूदगी में हुई। जिसमें जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा की गई घटना की घोर निंदा की गई। अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। अधिवक्ता सत्येन्द्र सिंह वैस ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पहलगाम में धर्म के नाम पर खून बहाया गया है। अब खामोशी नहीं हिन्दुओ की आवाज की जरूरत है। हिंदुओं के साथ जो हुआ है वह आतंकवाद नहीं था। यह धार्मिक घृणा का चरम रूप था। इस घटना से हम दुखी हैं, लेकिन हम सब हिन्दुओ का आवाज उठाने की जरूरत है। उन्होंने पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे लगाते हुए केंद्र सरकार से मांग की है। धर्म के नाम पर हमला करने वाले आतंकवादियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। ईंट का जबाब पत्थर से दिया जाए। मांग करने वालों में अमित उपाध्याय, चंद्रपाल सिंह, राकेश सिंह राजपूत, अभिषेक सोलंकी, शिवकुमार, महिपाल सिंह राजपूत, ओमप्रकाश सिंह, अयोध्या प्रसाद, बॉबी, सत्यवीर सिंह, मोहम्मद अयाज, सुनील, नवल किशोर शर्मा, संजीव कुमार, संजय सोलंकी, जसवीर सिंह यादव, केशव मिश्रा, रतनसिंह, राजीव कुमार यादव, प्रदीप कुमार, कौशलेंद्र प्रताप सिंह, सत्येंद्र सिंह राजपूत, निर्मल कुमार, शहनवाज हैदर सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

# दहेज की खातिर 23 वर्षीय विवाहिता की गला दबाकर हत्या

## पति, सास, ससुर के खिलाफ पुलिस को दी तहरीर

पहल टुडे,जितेंद्र सिंह

### ससुरालीजन लाश को ठिकाने लगाने के लिए ले गए थे भरगैन, परिवार में कोहराम



कासगंज। थाना सहावर के गांव खतौली में विवाहिता की मारपीट कर हत्या कर दी। ससुरालीजन शव को ठिकाने लगानेके लिए भरगैन ले गए। सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने दरियावगंज चैकी पुलिसकी मदद से शव को बरामद कर लिया। बाद में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना को लेकर मृतका के भाई ने पति सहित सास ससुर के खिलाफ दहेजहत्या की तहरीर देकर मामले में कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है। पटियाली कस्बे के मोहल्लाटोला निवासी अब्दुल हसन पुत्र नौसे हसन ने अपनी 23 वर्षीय बहन नाजिमा की शादी पांचमई 2024 को सहावर थाना क्षेत्र के गांव खितौली निवासी समीम मोहम्मद के साथ की थी। शादीमें सार्मथ्य के अनुसार दान दहेज दिया था। शादी के कुछ दिन बाद उसके ससुरालीजन अतिरिक्तदहेज में बाइक और एक लाख रुपए की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर नाजिमा को प्रताड़ितकरने लगे। आए दिन उसके साथ मारपीट करते थे। इंतहा तो तब हो गई, मंगलवार की रात नाजिमाको मारपीट कर उसकी गला दबाकर हत्या कर दी और शव को ठिकाने लगाने के लिए भरगैन ले गए।जहां शव को ठिकाने लगाने के प्रयास कर रहे थे, तभी जानकारी मिल गई। परिजन दरियावगंजचैकी पुलिस को लेकर भरगैन में पहुंच गए। जहां नाजिमा के शव को देखकर विलाप करने लगे। अब्दुल ने बताया कि नाजिमा के शरीर पर चोट के कई निशान है। उन्होंने मारपीट के बादउसकी गला दबाकर हत्या कर दी। सहावर थाना इंस्पेक्टर प्रवेश राणा ने बताया मृतका के भाईने पति ससुर रियाज, सास परवीन बेगम के खिलाफ तहरीर दी है। मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टमके लिए भेजा है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### सट्टे के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

कासगंज। गंजडुंडवारा कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र से सट्टे के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार किए हैं। इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने बताया कि कोतवाली में तैनात एसआई रविंद्र सिंह चाहर, एसआई जगमोहन शुक्ला ने सट्टे के मामले में इस्लाम अख्तर उर्फ लल्ला पुत्र सिराज निवासी नई बस्ती सुजावलपुर को डफली बाईपास पर सट्टे के मामले में गिरफ्तार किया। इसके पास से 1080 रुपये नकद, सट्टा पर्ची बरामद की है। सद्दाम सन पुत्र नवी आलम निवासी मोहल्ला मूलचंद को 1040 रुपया नकद और सट्टा पर्ची के साथ गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई की है।

### रमाबाई की जयंती पर हुई गोष्ठी

कासगंज। शिक्षा विकास समिति ने गंजडुंडवारा कस्बा के थाना रोड स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में रमाबाई की जयंती पर गोष्ठी का आयोजन किया। इस दौरान समिति के संयोजक अनिल सिंह राठौर ने छात्र छात्राओं को महिला अधिकारों के लिए लड़ने वाली फाइटर और सामाजिक कार्यकर्ता रमाबाई की वीरता के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि रमाबाई संस्कृत की विद्वान थीं, महिला अधिकारों के लिए लड़ने वाली फाइटर और सामाजिक कार्यकर्ता थीं। 23 अप्रैल 1858 को उन्होंने एक संस्कृत विद्वान के घर जन्म लिया था। 20 साल की उम्र में उन्होंने पंडित की उपाधि प्राप्त कर ली थी। 22 साल की उम्र में शादी होने के बाद उन्होंने बाल विवाह के विरोध में और विधवाओं के हालातों पर बोलना शुरू किया। उन्होंने पति की मौत के बाद पुणे में आर्य महिला समाज की स्थापना की। गोष्ठी में मुहम्मद काशिफ, निसार अहमद, अजमत अली, विकास शाक्य, दिलीप चैरसिया, सूर्यकान्त शर्मा, ज्ञानेन्द्र कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

### विद्यार्थियों को बताए नशा के दुष्परिणाम

कासगंज। सहावर कस्बा के गंजडुंडवारा रोड़ स्थित सर एमयू डिग्री कॉलेज एवं चैधरी मुलायम सिंह यादव इण्टर कॉलेज में संयुक्त रूप से आपरेशन जागृति मिशन चतुर्थ के तहत जागरूकता कार्यक्रम हुए। इस दौरान क्राइम इंस्पेक्टर दिनेश यादव, महिला आरक्षी खुशबू ने विद्यार्थियों को सभी प्रकार के नशा से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से बताया। नशा से दूर रहकर स्वस्थ, सबल, सच्चरित्र जीवन जीने की आशा व्यक्त की। डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डा. आरपी आर्य एवं चैधरी मुलायम सिंह यादव इंटर कालेज के प्रधानाचार्य मोहम्मद कमरुल गनी ने विद्यार्थियों को नशा मुक्त रहने की शपथ दिलाई। इस दौरान डा. एके शाक्य, नवनीत सोलंकी, अमरुद्दीन, डीके सोलंकी, केके, बीएल, मो. खैबर, अमन, यासमीन बेगम, रीमा, नईम, अनिल, जहाँगीर, लोकेन्द्र, विनय, निर्मल, धर्मेन्द्र मौजूद रहे।

### बाग में मृत मिला वृद्ध, शव का कराया पोस्टमार्टम

कासगंज। पटियाली थाना क्षेत्र के गांव नगला कटील में आम के बाग में एक वृद्ध मृतावस्था में मिला है। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का मौका मुआयना कर शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है और अग्रिम कार्रवाई के लिए तहरीर का इंतजार है। पुलिस के मुताबिक बाग में एक वृद्ध की मौत की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। घटना स्थल का मौका मुआयना किया। मृतक की शिनाख्त 60 वर्षीय राम पाल सिंह पुत्र द्वारिका सिंह निवासी नगला कटील के रूप में हुई।

इंस्पेक्टर राधेश्याम ने बताया कि घटना से संबंधित कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। मृत्यु का सही कारण जानने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

# बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने आतंकवादियों का पुतला फूंका



पहल टुडे,जितेंद्र सिंह

कासगंज/सोरों। पहलगांव में हिंदू समाज के हुए नरसंहार के कारण समस्त हिंदू समाज में अत्यंत रोष है उसके विरोध में आज बजरंग दल सोरों के कार्यकताओं ने आतंकवादियों का पुतला फूंका और पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे लगाए। जिला सह सयोजक बजरंग दल के गोविन्द महेरे ने कहा की अब पाकिस्तान की खैर नहीं ईट का जबाब पत्थर से देंगे, पुरे देश मे पाकिस्तान के खिलाफ गुस्सा है निर्दोष की हत्या का बदला लिया जायेगा। इस मोके पर राजेंद्र मौर्य प्रखंड अध्यक्ष विश्व हिन्दू परिषद सुधांशू भारद्वाज प्रखंड सह संयोजक बजरंग दल दीपू बोहरे अभिषेक वशिष्ठ अमित अग्रवाल हर्षित राजपूत यश महेरे योगेंद्र पंडित भोला पंडित सुधांशु महेरे गोरी रावत सचिन गिहार आदर्श कुमार निक्की निर्भय ब्रज मोहन शर्मा देव मौर्य आकाश गोस्वामी गोलू रावत यश मौर्य अनुज मौर्य संदीप शर्मा नन्ने कश्यप अजय सैनी लव तिवारी अजीत राजपूत आदि कार्यकर्ता मोजूद रहे।

# पीसी बागला के प्राचार्य कोर्ट से बरी, पुलिस साबित नहीं कर पाई आरोप

पहल टुडे

### सीजेएम कोर्ट ने रिमांड खारिज कर गिरफ़्तारी पर लगाई रोक




हाथरस। पुलिस द्वारा बागला महाविद्यालय के सहायक प्रोफेसर द्वारा छात्राओं के साथ यौन शोषण मामले में गिरफ्तार महाविद्यालय प्राचार्य की गिरफ्तारी को साक्ष्यों के अभाव में कोर्ट ने खारिज कर गिरफ्तारी पर रोक लगा दी। बता दें कि पीसी बागला महा विद्यालय के सहायक प्रोफेसर डॉ रजनीश को कॉलेज की छात्राओं के यौन शोषण मामले में पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। अब इसी मामले में महाविद्यालय के प्राचार्य महावीर सिंह छोकर पर भी पुलिस ने अपना शिकंजा कसा और उन्हें गिरफ्तार किया गया। प्राचार्य को मेडिकल जांच के बाद सीजेएम कोर्ट में पेश किया गया। सूत्रों की माने तो माननीय न्यायालय ने साक्ष्यों के अभाव में रिमांड खारिज कर दी और गिरफ्तारी पर रोक लगाकर प्राचार्य को जमानत पर बरी कर दिया है। बता दें कि मामले की चल रही जांच में कुछ पीड़ित छात्राओं ने पुलिस को दर्ज कराए बयानों में बताया है कि यौन शोषण की शिकायत प्राचार्य से करने पर उनके द्वार कोई कार्यवाही नही की गई। प्राचार्य द्वारा इस मामले को दबाने का प्रयास किया गया वहीं छात्राओं को धमकाते हुए वापस भेज दिया गया। छात्राओं के यौन शोषण की जानकारी होने के बाद भी प्राचार्य द्वारा कोई कार्यवाही नही करना ही उनकी गिरफ्तारी की मुख्य बजह थी, लेकिन कोर्ट ने इस बजह को खारिज कर गिरफ्तारी पर रोक लगा दी।

# पूर्णागिरी से वापस लौटे श्रद्धालु गांधी मूर्ति पर पड़ा मिला अचेत अवस्था

## पुलिस और परिजनों ने युवक को कराया जिलाअस्पताल में भर्ती

पहल टुडे,जितेंद्र सिंह



कासगंज। पूर्णागिरी से माता के दर्शन कर वापस लौटा श्रद्धालु गांधीमूर्ति पर अचेत अवस्था पड़ा हुआ मिला है। बेहोशी की हालत में श्रद्धालु को पुलिस और परिजनों ने मिलकर जिलाअस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सको ने श्रद्धालु को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक श्रद्धालु के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना को लेकर मृतक श्रद्धालु के परिवार में कोहराम मचा हुआ। एटा जनपद के थाना जलेसर के गांव नगला घनश्याम निवासी 30 वर्षीय दिनेश पुत्र हरिसिंह जयपुर में सिलाई का काम करता है। वह अपनी पत्नी निशा देवी भाई अरविंद कुमार, बेटी दीक्षा, बेटा मयंक, ताऊ गौरव के के साथ पूर्णागिरी मां के दर्शन करने के लिए गए हुए थे। वह मंगलवार की रात दर्शन कर 11 बजे के लगभग वह कासगंज स्टेशन पर पहुंचे। जहां वह कुछ खाने के लिए गांधीमूर्ति के समीप पहुंच गए। जहां वह अचानक अचेत होकर जमीन पर गिर पड़े। नदरई गेट चैकी पुलिस मौके पर पहुंच गई। वह युवक को जिलाअस्पताल लेकर जाकर रही तभी दिनेश के ताऊ भी तलाशते हुए स्टेशन से गांधीमूर्ति पर पहुंच गए। पुलिस और परिजन दिनेश को लेकर जिलाअस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सको ने परीक्षण के बाद दिनेश को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। इंस्पेक्टर लोकेश भाटी ने बताया पुलिस ने मृतक के शव का पंचायत नामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# पहलगाम आतंकवादी हमला-हाथरस में हिन्दू जागरण कार्यकताओं में उबाल, सड़क पर उतर कर किया प्रदर्शन, पाकिस्तान का पुतला फूंका

पहल टुडे



हाथरस। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में दो दर्जन से अधिक हिंदुओं के मारे जाने की जानकारी होने पर हिंदू जागरण मंच के कार्यकताओं के खून में उबाल आ गया और इस घटना के विरोध में आज हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए और जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन कर पाकिस्तान का पुतला फूंका और भारत सरकार से पहलगाम हमले का मुंह तोड़ जवाब देने की मांग की,हिंदू जागरण मंच के जिला सयोंजक श्री संदीप शर्मा ने इस अवसर पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस घटना से देश के गद्दारों को आतंकवाद का धर्म पता चल जाना चाहिए जो कहते हैं कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता है घटना में मारे जाने वाले लोगों से केवल उनका धर्म ही पूछा गया था, जिला सहसंयोजक नरेंद्र प्रेमी ने कहा कि कब तक हिंदू पिटते रहेंगे मारे जाते रहेंगे पहले बंगाल में हिंदुओं का नरसंहार हो रहा था अब कश्मीर में इतना बड़ा हमला हुआ है, जिला सह संयोजक शिवम शर्मा ने कहा कि भारत सरकार को अब बड़ा कदम उठाने की आवश्यकता है जिससे आतंकवाद का जड़ मूल से नाश हो सके, नगर सह संयोजक मोर मुकुट वर्मा एवं लोकेश अग्रवाल ने कहा कि हिंदुओं पर हमले अब बर्दाश्त नहीं किया जा सकते यह घटना बर्दाश्त से बाहर है भारत सरकार इसका मुंहतोड़ जवाब दे और पाकिस्तान को दुनिया के नक्शे से मिटाने का काम करे और देश में आतंकवादियों के स्लीपर सेलों पर भी कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए, इस अवसर पर प्रमुख रूप से हिंदू जागरण मंच के कार्यकताओं में रूप किशोर वर्मा रवि वार्ष्णेय मनोज कुमार वर्मा रामगोपाल कुशवाहा, यवन चौहान, मुकेश शर्मा, शुभम ठाकुर, योगेश शर्मा, रोहित चौधरी, सुनील कुमार चौहान, पुष्पेंद्र कौशिक, गोलू उपाध्याय, मनीष कुमार, करण गुप्ता, रोहित सिंह, राजकुमार, सौरभ कुमार, अनूप पंडित सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# अमांपुर में संचारी रोगों के प्रति किया गया जागरूक

## संचारी रोगों से बचाव के लिए जागरूकता कारगर

पहल टुडे,जितेंद्र सिंह



कासगंज। अमांपुर कस्बा और ग्रामीण क्षेत्रों में संचारी रोग नियंत्रण अभियान व स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। जिसमें प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. संदीप राजपूत ने कहा कि प्रदूषित जल, भोजन वायु के माध्यम से रोगग्रस्त व्यक्ति से स्वस्थ व्यक्ति तक संचारी रोगों का संचरण होता है। संचारी रोग हैजा, खसरा, चिकन पॉक्स, हेपटाइटिस ए, बी, सी है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक साल बारिश के महीनों में संचारी रोगों का प्रकोप होता है। उससे बचाव के लिए सभी को जागरूक होने की आवश्यकता है। संचारी रोगों से बचाव के लिए दिन में सभी फुल आस्तीन के कपड़े पहनें और अपने घरों के आसपास जलभराव न होने दें। घरों की छतों के ऊपर टूटे-फूटे बर्तन, टायर, कबाड़ा आदि चेक करते रहें। कहीं पानी जमा न होने पाएं। कूलर और फ्रिज का पानी भी बदलते रहे। बड़े बुजुर्गों व बच्चों को मच्छरदानी के अंदर लिटाएं और बुखार आने पर किसी झोलाछाप को न दिखाकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज लें और जांच कराएं। फिजिशियन डॉ गौरव तोमर, डॉ शेर सिंह राजपूत, डॉ संजय यादव ने कहा कि लोग पानी उबाल कर पिएं। कटी हुई सब्जी व फल का सेवन न करें। प्रतिदिन साबुन से हाथों को धुले। नाखून नियमित तौर पर काटें तथा रोगग्रस्त व्यक्ति के सम्पर्क में आने से बचें। इस दौरान डॉ संदीप राजपूत, डॉ गौरव तोमर, डॉ शेर सिंह, डॉ संजय यादव, बृजेश यादव, संतोष कुमार, जुगेन्द्र पाल सिंह, ग्रीश चन्द्र आदि मौजूद रहे।

# पहलगाम में हिंदू पर्यटकों पर हुआ आतंकी हमला घोर निंदनीय-नीरज शर्मा

- **इस दौरान जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा ने कहा कि आतंकवादियों ने धर्म पूछकर पर्यटकों पर हमला किया और उनकी निर्मम हत्या कर दी गई।**

पहल टुडे,जितेंद्र सिंह



कासगंज। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हिंदू पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की भाजपा ने निंदा की है। साथ ही हमले के दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। हमले में काल कलवित हुए पर्यटकों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की। भाजपा के जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा सहित सभी भाजपाइयों ने पहलगाम में आतंकी हमले में काल कलवित हुए पर्यटकों पर हमले कि घोर निंदा की है इस दौरान जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा ने कहा कि आतंकवादियों ने धर्म पूछकर पर्यटकों पर हमला किया और उनकी निर्मम हत्या कर दी गई। यह घटना मानवता के विरुद्ध अपराध है। हमला करने वाले आतंकियों को गिरफ्तार कर उन्हें सार्वजनिक रूप से कड़ी सजा दी जाए। निंदा करने बालो मे एमएलसी रजनीकांत महेश्वरी, सदर विधायक देवेंद्र सिंह राजपूत, नवल कुलश्रेष्ठ, गौरीशंकर शामरा डॉ ज्ञान, प्रकाश गुप्ता, अनिल पूँधीर, केपी सिंह सोलंकी, राजवीर सिंह भल्ला, संजय सोलंकी, डॉ बीड़ी राणा, महेंद्र सिंह राणा, रमेश साहू, सुरेश माहेश्वरी, शिवकुमार भारद्वाज, कोशल साहू, केपी सिंह, शरद गुप्ता, रानू वर्मा, रामनिवास राजपूत, कृष्णकांत वशिष्ठ, अनुरोध प्रताप सिंह, डॉ खूब सिंह, दिनकर राव चतुवेर्दी, कुलदीप प्रतिहार, मयंक अग्रवाल, हिमांशु उपाध्याय, जिला मीडिया प्रभारी केके सक्सेना रहे।

### अब किताबों को खरीदने व सुरक्षित रखने की चिंता खत्म

कासगंज। अब विद्यार्थियों को खरीदने एवं सुरक्षित रखने की चिंता नहीं करनी होगी। अब स्मार्टफोन पर बस एक टेप करने से ही जरूरत की किताब पढ़ने को मिल जाएगी। स्मार्टफोन पर ई-लाइब्रेरी एप व पोर्टल पर सर्फ कर किताबों को पढ़ा जा सकेगा। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने लिंक विद्यालयों में उपलब्ध कराया है। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के माध्यम से पढ़ने वाले विद्यार्थियों को ई-लाइब्रेरी की सुविधा मिलेगी। माध्यमिक विद्यालयों में पंजीकृत विद्यार्थी ऑनलाइन लाइब्रेरी पोर्टल के माध्यम से अपने पाठ्यक्रम की किताबें पढ़ सकेंगे। इसके अतिरिक्त सामान्य ज्ञान सहित विभिन्न भर्तियों में शामिल होने के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की किताबों का भी अध्ययन कर सकेंगे। ई-लाइब्रेरी पोर्टल पर ई-किताबों का संग्रह है, जिसे अपनी जरूरत के अनुसार विद्यार्थी उपयोग कर सकेंगे। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के द्वारा जनपद के सभी 267 विद्यालयों को इसका लिंक दे दिया गया है। जिससे विद्यार्थी अपने स्मार्टफोन के माध्यम से ई-लाइब्रेरी पर अपना अकाउंट बनाकर इसका लाभ ले सकें। जिला विद्यालय निरीक्षक प्रदीप कुमार मौर्य ने कहा कि इससे वह किताबें भी बच्चों को मिल जाएंगी।

# कलावती नर्सिंग एण्ड पैरामेडीकल इन्स्टीट्यूट में छात्र - छात्राओ को निःशुल्क वितरण किए टैबलेट

- **सरकार द्वारा टैबलेट वितरण की पहल की प्रसंशा करते हुये कहा बच्चे अपनी शैक्षणिक जानकारी एवं गुणवत्ता घर बैठे टैबलेट के माध्यम से कर सकते हैं एवं आशीर्वाद प्रदान किया।**

पहल टुडे,जितेंद्र सिंह



कासगंज। सोरों रोड स्थित कलावती नर्सिंग एण्ड पैरामेडीकल इन्स्टीट्यूट में उ0प्र0 सरकार द्वारा नर्सिंग छात्र-छात्राओं को निःशुल्क टैबलेट वितरण हेतु कार्यक्रम आयोजिन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में संस्था के सचिव डॉ0 नवीन चन्द्र गौड़, संस्था के निदेशक संजय कुमार अग्रवाल एवं प्राचार्या प्रो0 (डॉ0) दार्जिलिन कनमोनी, उप-प्राचार्य प्रो0 मुनेश कुमार एवं अन्य शिक्षकगण उपस्थित हुये कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर सरस्वती माँ पर माल्यार्पण किया गया। उप-प्राचार्य प्रो0 मुनेश कुमार द्वारा कार्यक्रम की शुरूआत की कार्यक्रम के दौरान संजय कुमार अग्रवाल ने उ0प्र0 सरकार द्वारा टैबलेट वितरण की पहल की प्रसंशा करते हुये कहा बच्चे अपनी शैक्षणिक जानकारी एवं गुणवत्ता घर बैठे टैबलेट के माध्यम से कर सकते हैं एवं आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम के मध्य बच्चों को आशीर्वाद एवं भविय को मजबूत बनाते हुये आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। संस्था के सचिव डॉ0 नवीन चन्द्र गौड़ ने बताया कि आधुनिक युग में नर्सिंग छात्र-छात्राओं को सरल तरीके से घर बैठे पठन पाठन कर उच्च कोटि की नर्सिंग में शिक्षा प्राप्त कर देश की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। उसका सभी छात्र-छात्राऐं भविय हेतु लाभ उठाए। कार्यक्रम का संचालन उप-प्राचार्य प्रो0 मुनेश कुमार जी द्वारा किया गया। इस अवसर पर शिक्षकगण प्रो0. लोकेश कुमार, लोकेन्द्र कुमार मौर्य, अंकिता हरमन, अर्पित वार्न, धर्म सिंह, छत्रपाल साहू, पूजा साहू, सुखवीर सिंह, सौम्यापाल, बीना सिंह, ज्योति अनल, भरतपाल, रिया गार्डनर, अंशिका, अमीशा, काजल, गुंजन, खुशबू, प्रियांशी, चारू, तृप्ती, प्रिया, शोभा चैहान, डॉ0 हरिओम, आर0 पी0 भारद्वाज, गोपाल, शुभम वार्णेय, प्रवेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# 'अमृत काल में सहभागिता' कार्यक्रम से जुड़े गाजियाबाद के उद्यमी

## बैंक, जिला उद्योग केंद्र, डिक्की, समाज कल्याण और अन्य संस्थाओं के लगें स्टाल

पहल टुडे

गाजियाबाद- बाबा साहब ने सामाजिक न्याय को संविधान के माध्यम से जन-जन तक पहुँचाया है. जिससे समाज के सभी वर्गों को अवसर की समानता प्राप्त हो. डबल इंजन की सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की नीति पर काम कर रही है। ये बातें गुरुवार को समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) एवं जिले के प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने 'अमृत काल में सहभागिता' कार्यक्रम में कहीं. अरुण उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए. कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले के युवाओं को उद्यमिता के प्रति जागरूक करना और वित्तीय सहायता कैसे प्राप्त की जाए, इसकी जानकारी प्रदान करना है.



उत्तर प्रदेश सरकार युवाओं को उद्यमिता से जोड़ते हुए रोजगारपरक बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है. इसी क्रम में समाज कल्याण विभाग द्वारा जिले में 'अमृत काल में सहभागिता' कार्यक्रम का आयोजन किया गया. विकास की राह में कोई पीछे न छूटे

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री असीम अरुण ने कहा कि डबल इंजन की सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की नीति पर काम कर रही है। सरकार ने समाज के हर वर्ग को उद्यमिता से जोड़ते हुए रोजगारपरक बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं



को शुरू किया है। ताकि समाज में आर्थिक विषमता न रहे। हम सब एक दूसरे की मदद कर आगे बढ़ने में योगदान दें। सरकार के समर्थन से रोजगार के लिए आर्थिक सहायता बैंकों द्वारा प्रदान की जा रही है।

प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने कहा, बीजेपी सरकार सभी क्षेत्रों में जा कर योजनाओं से संबंधित प्रस्तुतिकारण करती है, जिससे सभी को पता चल जाता है कि उनके लिए कौन कौन सी योजनाएं चल रहीं हैं और उनका लाभ कैसे लेना है। जबकि पिछली सारकारों में योजनाएं सिर्फ कागजों तक ही सीमित रहती थीं। मा मुख्यमंत्री जी



के नेतृत्व में योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान तक पहुंच रहा है।

**रोजगारपरक योजनाओं की दी जानकारी**

समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों ने कार्यक्रम के माध्यम से सरकार की रोजगारपरक योजनाओं की जानकारी जिले के युवाओं को प्रदान की. इस मौके पर सिडबी, बैंक, जिला उद्योग केंद्र, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित अन्य विभाग के अधिकारियों ने नागरिकों को रोजगार व उद्यमिता के प्रति जागरूक किया. कार्यक्रम में ऐसे सफल उद्यमियों ने भी हिस्सा लिया जिन्होने सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर खुद को स्वावलंबी बनाते हुए दूसरों को भी रोजगार प्रदान किया है. इस मौके पर नागरिकों को उनके पसंद के रोजगार कार्यक्रम में पंजीकरण कर उद्यम संचालित करने के लिए वित्तीय सहायता प्राप्त करने की जानकारी बैंकों द्वारा प्रदान की गई. कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र और विद्यार्थियों को मोबाइल भी वितरित किया गया। कार्यक्रम में बीजेपी महानगर अध्यक्ष श्री संजीव शर्मा, ब्लॉक प्रमुख भोजपुर, श्रीमती सुचेता सिंह, सीडीओ श्री अभिनव गोपाल, संयुक्त निदेशक समाज कल्याण, मेरठ मंडल श्री पीके त्रिपाठी, जिला समाज कल्याण अधिकारी गाजियाबाद श्री अमरजीत सिंह सहित काफी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### व्यक्त की शोक संवेदना

चित्रकूटः महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने बीते मंगलवार को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए हृदयविदारक आतंकवादी हमले में लोगों के मारे जाने पर गहरा दुःख जताते हुए शोक संवेदना व्यक्त की है। दिवंगत आत्माओ की शांति के लिए बुधवार को ग्रामोदय विश्वविद्यालय परिसर स्थित विवेकानंद सभागार में शोक सभा आयोजन किया गया। जिसमें मौन धारण कर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। इस मौके पर कुलसचिव नीरजा नामदेव सहित विश्वविद्यालय स्टाफ, विद्यार्थी आदि मौजूद रहे।

### प्रवेश के लिए करें आवेदन

चित्रकूटः जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बताया कि उत्तर प्रदेश स्पोर्ट्स कॉलिज सोसाइटी लखनऊ के अन्तर्गत संचालित गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलिज लखनऊ, वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलिज गोरखपुर एवं मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स कॉलिज सैफई (इटावा) में शैक्षिक सत्र 2025-26 में संभावित 275 रिक्त सीटों में कक्षा 6, 7, 8 एवं कक्षा 9 के विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जाना है। बताया कि प्रारम्भिक चयन परीक्षान्तर्गत ट्रायल व परीक्षण में प्रतिभाग करने के संबंध में 16 से 27 अप्रैल तक खेल साथी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। डीएम ने अधिक से अधिक विद्यार्थियों को आवेदन कर लाभ उठाने को कहा है।

### आज से शुरू होगी भागवत कथा

चित्रकूटः जिला मुख्यालय के तरौंहा स्थित गोपाल कुंज में 24 अप्रैल से 30 अप्रैल तक श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जोधपुर के कथा वाचक सिद्धार्थ महराज भक्तों को कथा का रसपान कराएंगे। कथा के आयोजक गोविंद करवरिया ने बताया कि 24 अप्रैल गुरुवार को कथा स्थल गोपाल कुंज से कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो आवास से शुरू होकर करवरिया घाट होते हुए कथा स्थल पर समाप्त होगी।

### पृथ्वी दिवस पर समाजसेवियों ने किया श्रमदान

चित्रकूटः विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर मंदाकिनी नदी पुनर्जीवन अभियान समिति, नदी बिरादरी के जल प्रहरियों ने राजा घाट, पेयजल आपूर्ति इंटेकवेल के बगल में पौधरोपण के लिए श्रमदान किया।

राजा घाट पर विराजमान भगवान हनुमान की प्रतिमा पर चोला कर समाजसेवियों ने श्रमदान किया। इस दौरान घाट पर बिखरी हुई प्लास्टिक सामग्री, अनावश्यक घास एवं कचरा साफ करके नष्ट किया। साथ ही संकल्प लिया कि प्रतिदिन प्रातः छह से सात बजे तक प्रतिदिन सफाई और पौध रोपण के लिए गड्ढे खोदने का कार्य करेंगे। इसके बाद सत्याग्रह स्थल पर शाम पांच से सात बजे एक गोष्ठी का आयोजन भी किया गया। जिसमें जल प्रहरियों ने विचार व्यक्त किए।

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के पूर्व अधीक्षण अभियंता रमेश चंद्र द्विवेदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में सभी जल प्रहरियों को प्लास्टिक का उपयोग कम से कम करने, वायु प्रदूषण कम करने के लिए साइकिल का उपयोग करने आदि की शपथ दिलाई गई।

इस मौके पर संस्कार भारती के जिला संगठन मंत्री एवं जगद्गुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ रजनीश, समाजसेवी अभिमन्यु भाई, डॉ मनोज द्विवेदी, डॉ एसपी त्रिपाठी, बलबीर सिंह, डॉ नामदेव, देवेन्द्र श्रीवास्तव, प्रख्यात कुमार, संजय कुमार आदि मौजूद रहे।

## पहलगाम की घटना के विरोध में अभाविप ने फूंका आतंकवाद का पुतला



पहल टुडे

चित्रकूटः पहलगाम में आतंकी हमले 27 पर्यटकों की मौत और 20 से अधिक लोगों के घायल होने की घटना के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने जिला मुख्यालय में आतंकवाद का पुतला फूंककर गुस्से का इजहार किया। साथ ही इस घटना में शामिल आतंकवादियों और उनके संरक्षणदाताओं पर कठोर कार्यवाही की जाने की मांग की। जिला मुख्यालय में बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने शोक सभा का आयोजन किया। जिसमें जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में 27 पर्यटकों को मौत के घाट उतारने और 20 से अधिक लोगों के घायल होने की घटना पर दुःख व्यक्त किया गया। तहसील सह संयोजक दुर्गेश द्विवेदी ने कहा कि आतंकियों द्वारा पर्यटकों का नाम और धर्म पूंछकर गोली मारी गई। जिससे स्पष्ट हो गया है कि आतंकी संगठन ने केवल हिंदुओं को मारने के लिए योजना बनाई थी। ऐसे में आतंकवाद की जननी पाकिस्तान पर कार्रवाई करने में भारत सरकार में विलम्ब नहीं करना चाहिए। इस मौके पर विद्यार्थी परिषद के कार्यालय मंत्री आलोक तिवारी, हर्ष त्रिपाठी, प्रियांशु मिश्रा, रामजी, अभिषेक भदौरिया आदि मौजूद रहे।

## कश्मीर में हुए आतंकी हमले में मृतकों के परिजनों को मिले एक-एक करोड़ः अर्जुन मिश्र

पहल टुडे

अतर्रा/बांदा। कश्मीर के पहलगाव में हुए भीषण आतंकी हमले को लेकर कस्बे के समाजसेवी एवं पीजी कॉलेज के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अर्जुन मिश्र ने गहरा शोक जताते हुए केंद्र सरकार से कड़े कदम उठाने की मांग की है। इस हमले में 27 लोगों की जान चली गई, जबकि 20 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हैं। हमला उस समय हुआ जब बैसरन घाटी में बड़ी संख्या में पर्यटक मौजूद थे। मृतकों में उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु और उड़ीसा के नागरिक शामिल हैं। इसके अलावा नेपाल और सऊदी अरब के एक-एक पर्यटक तथा दो स्थानीय नागरिक भी इस हमले में मारे गए हैं। हमले की वीभत्सता ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है।समाजसेवी अर्जुन मिश्र ने घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह हमला हमारे देश की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े



करता है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि प्रत्येक मृतक के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये की सहायता राशि दी जाए। साथ ही आतंकवाद के खात्मे के लिए ठोस रणनीति अपनाई जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने कहा कि अब वक्त आ गया है जब आतंकवाद के खिलाफ केवल निंदा नहीं बल्कि निर्णायक कार्यवाही की जाए। इस घटना की निंदा करने में बृजेंद्र सिंह,विवेक मिश्रा, ब्रजेन्द्र गौतम,रोहित शुक्ला,शिवम द्विवेदी, पीयूष पांडे अतुल सिंह गजेंद्र सिंह शोभित कुमार कौशलेंद्र गुप्ता अलादीन वर्मा संतोष गुप्ता ईशान उपाध्याय विवेक पांडे अमोल यादव राजेश सविता विनय सविता रईस खान जुनैद खान आदि लोगो ने निंदा की है।

## बच्चे व कैंसर पीड़ित को रक्तदान कर पेश की मानवता की मिशाल



पहल टुडे

बांदा। सेवर्स आफ लाइफ के मीडिया प्रभारी सुनील सक्सेना ने अवगत कराया कि आज एक इजहान नाम के बच्चे को रक्त की अवश्यकता पड़ गई परिवार में पिता का ब्लड चेक किया पर उनका 8.3 निकला जिसमें वो रक्तदान नहीं सकते थे उन्होंने संस्था सेवर्स ऑफ लाइफ से मदद मांगी जिसमें तत्काल ही डिमांड डाली गई कुछ ही समय में सम्मानित डाक्टर मोहम्मद मसजूद भाई (नेत्र सर्जन) रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज बांदा संस्था से सम्पर्क कर तुरन्त रात में जिला अस्पताल ब्लड बैंक पहुंचे और इजहान के लिए रक्तदान किया। वहीं रावेन्द्र शुक्ला का कॉल आया उन्होंने बताया की उनको ब्लड कैंसर नामक बीमारी पिछले 2 साल से है हर 15 एक महीने में रक्त की अवश्यकता होती है परिवार के लोग सब ही कभी टाइम से तो कभी टाइम से पहले रक्तदान करते रहते है अभी फिर ब्लड काफी कम हो गया है कृपया मदद करे जिसमे तत्काल ही डिमांड डाली गई और रक्तदाता श्री मिथुन पुरुस्वानी जी से संपर्क किया मिथुन पुरुस्वानी जी फौरन ही जिला अस्पताल पहुंचे और मरीज रावेन्द्र शुक्ला के लिए रक्तदान किया ये मिथुन जी का आठवां डोनेशन था हम सभी मरीज के अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हैं।रक्तदान में संस्था के अध्यक्ष सलमान खान ,सलाहकार मीडिया/प्रभारी सुनील सक्सेना , आसिफ अंसारी आदि मौजूद रहे।

## व्यक्तित्व विकास शिविर का महिला आयोग अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

पहल टुडे

चित्रकूटः दीनदयाल शोध संस्थान चित्रकूट के गुरुकुल संकुल में ग्रामीण बच्चों के व्यक्तित्व विकास के लिए सुरेन्द्रपाल ग्रामोदय विद्यालय के शैक्षणिक परिसर में लगाए गए 15 दिवसीय शिविर का बुधवार को राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने निरीक्षण किया। यह व्यक्तित्व विकास शिविर आगामी तीन मई तक चलेगा। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने व्यक्तित्व विकास शिविर के निरीक्षण के दौरान बच्चों के साथ हारमोनियम वादन करते हुए शिविरार्थियों का उत्साहवर्धन किया। शिविर संयोजक कालिका प्रसाद श्रीवास्तव ने बताया कि नौ से 15 वर्ष तक के बच्चों के लिए लगाए गए इस शिविर में प्रातः 4:30 से रात्रि 10:00 बजे तक सामूहिक, शारीरिक, बौद्धिक



कार्यक्रमों के साथ 10 विविध कलाओं का व्यावहारिक प्रशिक्षण विषय विशेषज्ञों द्वारा शिविरार्थियों को अलग-अलग समूहों में दिया जा रहा है। जिसमें हारमोनियम, ढोलक, गायन, चित्रकला, गोबर कला, संस्कृत संभाषण, अंग्रेजी संभाषण तथा कंप्यूटर आदि में बच्चों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। बताया कि शारीरिक प्रशिक्षण के अंतर्गत बच्चों को पीटी, योगचाप, डंबल, लेजिम, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार आदि कई विधाओं में पारंगत एवं स्थानीय अंचल एवं दूरदराज के क्षेत्रों से कुशल प्रशिक्षित प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविराधिकारी केके बाजपेयी ने कहा कि दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा विगत 25 वर्षों से प्रतिवर्ष आयोजित हो रहे व्यक्तित्व विकास शिविरों के माध्यम से ग्रामीण अंचल के बालक-बालिकाओं में मानवीय, सामाजिक और वैज्ञानिक गुण विकसित कर उनकी प्रतिभाओं को निखारने का सराहनीय काम किया जा रहा है। 15 दिनों तक चलने वाले इस शिविर में विभिन्न जीवनोपयोगी विषयों पर अलग-अलग विशेषज्ञ शिविरार्थियों का मार्गदर्शन कर रहे है। इसके बाद वह सियाराम कुटीर पहुंचकर नानाजी देशमुख की प्रतिमा पर पुष्पार्चन किया। इस मौके पर दीनदयाल शोध संस्थान के उप महाप्रबन्धक डॉ अनिल जायसवाल, सामाजिक कार्यकर्ता राजेश्वरी द्विवेदी, दिव्या त्रिपाठी, महात्मा गाँधी ग्रामोदय विश्वविद्यालय के प्राध्यापक डॉ अमरजीत सिंह, गायत्री शक्तिपीठ के डॉ रामनारायण त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## पृथ्वी दिवस पर ग्रामोदय विश्वविद्यालय में विविध आयोजन संपन्न

पहल टुडे

चित्रकूटः महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में पृथ्वी दिवस के अवसर पर पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए ह्यह्यहमारी शक्ति, हमारा ग्रह" विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. सूर्यकांत चतुवेर्दी की अध्यक्षता में आयोजित इस संगोष्ठी में प्रो शशिकांत त्रिपाठी ने 2025 की वैश्विक थीम के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला और सतत विकास में अक्षय ऊर्जा के योगदान की चर्चा की। इसी क्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा कृषि संकाय में पृथ्वी दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ उमेश शुक्ला ने पृथ्वी माँ की संकल्पना को सरल



और प्रभावी शब्दों में प्रस्तुत करते हुए मृदा संरक्षण की महत्ता को रेखांकित किया। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति से एक पौधरोपण करने का आह्वान किया। डॉ सुधाकर प्रसाद मिश्रा ने पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग और भूमि कटाव से बचने की अपील की। दीनदयाल शोध संस्थान के वैज्ञानिक डॉ अशोक तिवारी ने पृथ्वी दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को प्रस्तुत करते हुए इसे सामूहिक उत्तरदायित्व का पर्व बताया और कहा कि यह हमारी आने वाली पीढ़ियों के प्रति कर्तव्य है कि हम एक सुरक्षित और समृद्ध पृथ्वी का निर्माण करें। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों में प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व की भावना को भी सुदृढ़ किया गया।

## श्रीराम की तपोस्थली चित्रकूट से डॉ उदित नारायण पाण्डेय ने दिया सड़क सुरक्षा का संदेश

# श्रीरामचरित मानस के पात्रों के चरिय से दिया यातायात जागरूकता का संदेश

पहल टुडे

चित्रकूटः सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी डॉ उदित नारायण पाण्डेय ने रामचरितमानस के पात्रों के चरित्र से सड़क सुरक्षा का संदेश दिया है। धर्मनगरी से दिए गए इस आध्यात्मिक और जागरूकता संदेश की सर्वत्र चर्चा और सराहना हो रही है। चित्रकूट जिले के मानिकपुर क्षेत्र के सकरौंहा गांव के निवासी डॉ उदित नारायण पाण्डेय वर्तमान समय में गौतम बुद्ध नगर में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं। यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए डॉ पाण्डेय अक्सर सकारात्मक संदेश देने के लिए पूरे प्रदेश में पहचान बना चुके है। इसी क्रम में उन्होंने इस बाद श्रीरामचरितमानस के पात्रों के चरित्र से सड़क सुरक्षा संदेश दिया है।



1- श्रीराम -ः श्रीराम का चरित्र धैर्य, मयार्दा और नियमों का पालन सिखाता है। सड़क पर हमें भी धैर्य रखना चाहिए, ट्रैफिक नियमों का पालन करना चाहिए और मर्यादित व्यवहार करना चाहिए, जैसे गति सीमा का उल्लंघन न करना।

2- लक्ष्मण-ः लक्ष्मण की सतर्कता और भाई के प्रति समर्पण सड़क पर सजगता का संदेश देता है। हमें हमेशा आसपास के वाहनों और पैदल यात्रियों के प्रति सतर्क रहना चाहिए, खासकर रात में या व्यस्त सड़कों पर।

3- हनुमान-ः हनुमान की शक्ति, निष्ठा और त्वरित निर्णय लेने की क्षमता सड़क पर आपात स्थिति में तुरंत सही कदम उठाने की प्रेरणा देती है। जैसे दुर्घटना से बचने के लिए त्वरित ब्रेक लगाना या घायल लक्ष्मण के समान त्वरित चिकित्सा देना, दूसरों की मदद करना।

4- सीता-ः सीता की सहनशीलता और शांत स्वभाव सड़क पर शांत और संयमित रहने का संदेश देता है। जैसे गुस्से या जल्दबाजी में गाड़ी चलाने से बचना चाहिए।

5- विभीषण-ः विभीषण ने सही मार्ग चुनकर सत्य का साथ दिया। सड़क पर भी हमें सही निर्णय लेना चाहिए, जैसे शराब पीकर गाड़ी न चलाना या गलत दिशा में वाहन न ले जाना।

6- भरत-ः भरत का त्याग और कर्तव्यनिष्ठा सिखाता है कि सड़क पर स्वार्थी व्यवहार छोड़कर दूसरों की सुरक्षा को प्राथमिकता देनी चाहिए। जैसे पैदल यात्रियों को रास्ता देना या ओवरटेकिंग से बचना।

7- शत्रुघ्न-ः शत्रुघ्न की अनुशासनबद्धता और सहयोगी स्वभाव सड़क पर ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन करने और दूसरों के साथ सहयोग करने का संदेश देता है, जैसे लेन अनुशासन बनाए रखना।

8- जटायु-ः जटायु के बलिदान और साहस से प्रेरणा लेते हुए, सड़क पर किसी दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद करने का साहस दिखाना चाहिए, जैसे प्राथमिक उपचार देना या 112 नं पर पुलिस को सूचित करना।

9- सुग्रीव-ः सुग्रीव की मित्रता और विश्वास सड़क पर सहयात्रियों के साथ अच्छा व्यवहार और विश्वास बनाए रखने का संदेश देता है। हमें दूसरों के साथ सम्मानजनक व्यवहार करना चाहिए, जैसे अनावश्यक हॉर्न न बजाना।

10- अंगद-ः अंगद की निष्ठा और दृढ़ता सड़क पर आत्मविश्वास और सही निर्णय लेने की प्रेरणा देती है। जैसे मोबाइल फोन का उपयोग किए बिना, गाड़ी चलानी चाहिए।

11- कैकई -ः रामायण की यह प्रमुख पात्र, अपने स्वार्थ और आवेगपूर्ण निर्णयों के लिए जानी जाती हैं, जिनके कारण भगवान श्रीराम को 14 वर्ष का वनवास हुआ। उनके चरित्र से सड़क सुरक्षा के संदर्भ में निम्नलिखित सीख ली जा सकती हैं-

आवेग पर नियंत्रणः कैकई ने क्रोध और ईर्ष्या में आकर जल्दबाजी में निर्णय लिया। सड़क पर भी आवेगपूर्ण व्यवहार, जैसे तेज रफ्तार या गुस्से में ओवरटेकिंग, दुर्घटना का कारण बन सकता है। अतः शांत मन से वाहन चलाना जरूरी है।

दूसरों की सुरक्षा का ध्यानः कैकई ने अपने निर्णय में दूसरों (श्रीराम, सीता, लक्ष्मण) की भलाई को नजरअंदाज किया। सड़क पर हमें पैदल यात्रियों, साइकिल चालकों और अन्य वाहन चालकों की सुरक्षा का ध्यान रखना चाहिए।

परिणामों का आकलनः कैकई ने अपने कार्यों के दूरगामी परिणामों पर विचार नहीं किया, जिससे पूरे परिवार को दुःख हुआ। अतः सड़क पर नियम तोड़ने या लापरवाही करने से पहले इसके परिणामों (दुर्घटना, चोट, कानूनी कार्रवाई) के बारे में सोचना चाहिए।

स्वार्थ त्यागेंः कैकई का स्वार्थपूर्ण व्यवहार सामाजिक कलह का कारण बना। सड़क पर भी स्वार्थी व्यवहार, जैसे गलत पार्किंग या ट्रैफिक नियमों की अनदेखी, दूसरों के लिए खतरा बन सकता है। अतः सामूहिक सुरक्षा के लिए नियमों का पालन जरूरी है।

कैकई का चरित्र हमें सिखाता है कि सड़क पर सुरक्षित व्यवहार के लिए धैर्य, जिम्मेदारी और सामाजिक चेतना आवश्यक है। श्रीरामचरितमानस के इन चरित्रों के गुणों से प्रेरित होकर हमें सड़क पर हेलमेट व सीटबेल्ट का उपयोग, गति सीमा का पालन और नशे में वाहन न चलाने जैसे नियमों का पालन अवश्य करना चाहिए।